ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • आषाढ़ शुक्ल पक्ष 02 • विक्रम संवत 2080 • मंगलवार, 20 जून 2023 • वर्ष-24 • अंक- 137 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

अपने मुश्किल फैसलों के बारे में खुलकर ... पेज 12 पर



## आज धूमधाम से निकाली जाएगी रथ यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ का सोमवार को नेत्रदान अनुष्ठान संपन्न हुआ। शाम पांच बजे के बाद भगवान के दर्शन सुलभ हो गए। इसके बाद मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना हुई। प्रभु जगन्नाथ, बलभद्र एवं देवी सुभद्रा का 14 दिनों बाद भक्तों ने दर्शन किए।

आज प्रातः भगवान की पूजा होगी। इसके बाद पट खोल दिया जायेगा। दिन में पट बंद कर भगवान समेत सभी विग्रहों को रथारूढ़ किया जायेगा। रथ की सजावट और विष्णु लक्षार्चना कर आरती होगी। भक्त रथ को खींचते हुए मौसीबाड़ी ले जायेंगे। भगवान को यहां मंदिर में विराजमान किया जायेगा।

### रथ मेले में मनोरंजन के लिए होगा खास

#### झूले के टिकट की रेंज 30-150 रुपये होगी

**इस** वर्ष जगन्नाथपुर रथ मेला को लेकर टेंडर निकाला गया था। अंतिम रूप से पश्चिम बंगाल के राजू चंद्रा ने 76 लाख रुपये में टेंडर हासिल किया। मेला व्यवस्थापक अब्दुल सलाम ने बताया कि इस वर्ष मेला से एक करोड़ रुपये से अधिक कमाई का अनुमान है। इस बार 20 से अधिक झूले मेला परिसर में लगाये जा रहे हैं, ताकि लोगों को झूले का आनंद लेने के लिए लंबा इंतजार न करना पड़े।

**झूले रहेंगे आकर्षण का केन्द्र :** इस बार झूले 11 लगाये गये हैं। ब्रेक डांस दो लगते थे, जो इस बार सात होंगे, दो टोरा-टोरा की जगह अब चार लगेंगे। तीन मौत का कुआं अलग-अलग आकार के होंगे। बच्चों के झूले जो आठ होते थे अब 15 से अधिक होंगे, ड्रैगन ट्रेन जो दो होती थी, इस बार इसकी संख्या चार है। बीते वर्ष तक जहां तीन नाव झूला लगा था, इस बार 10 नाव झूला अलग-अलग आकार के लगाये जा रहे हैं। जगन्नाथपुर मेला में इस वर्ष दो झूला आकर्षण का केंद्र बोगा। कर्नाटक के रास्ते रांची शहर में पहली बार सुनामी और थ्रीस-बी झूला लगाने की तैयारी है। दोनों ही झूले 70 फीट की ऊंचाई पर लोगों को बवंडर की तरह घुमायेंगे। यह दोनों झूला एक-एक लगाये जा रहे हैं। वहीं हथौड़े के आकार के दो रेंजर झूले 70 फीट की ऊंचाई पर 70 फीट की परिधि में 360 डिग्री घुमायेंगे। मेला परिसर का खास आकर्षण टावर झूला होगा, जिसका रोमांच मेला परिसर में प्रवेश के साथ ही महसूस होने लगेगा। इस वर्ष कुल 11 टावर झूले लगाये जा रहे हैं। इनमें बच्चों के लिए 18 फीट का हाथ से चलनेवाला टावर झूला से लेकर मोटर से चलने वाला 120 फीट ऊंचा झूला है।

## मानसून ने दी दस्तक, गर्मी से मिली राहत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लंबे इंतजार के बाद झारखंड में मानसून ने दस्तक दे दी है। सोमवार को राजधानी रांची में दिन भर काले बादल छाए रहे। कई जिलों में बारिश शुरू हो गयी है। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ अभिषेक आनंद ने बताया कि संताल परागना के रास्ते झारखंड में मानसून प्रवेश कर गया है। राज्य में अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। अगले दो दिन में जमशेदपुर में भी मानसून प्रवेश करेगा। सोमवार को मौसम विभाग ने गुमला, लातेहार, रांची, लोहरदगा, हजारीबाग, रामगढ़, बोकारो समेत अन्य जिलों में बारिश और वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया कर दिया है। झारखंड में मानसून के प्रवेश करते ही तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। मानसून गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़ और दुमका के कुछ स्थानों में प्रवेश कर गया है। रांची समेत अन्य कई जिलों में बूंदा-बांदी से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। मानसून ने भले ही राज्य में देर से प्रवेश किया है लेकिन इस वक्त की बारिश किसानों के लिए बड़ी राहत साबित हो सकती है। राज्य में लंबे समय से मानसून का इंतजार हो रहा था। तपती धरती और लू ने लोगों को परेशान कर दिया था। घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा था।



**NEWS इन ब्रीफ**

### नक्सली प्रशांत बोस की जमानत याचिका पर हुई सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस रत्नाकर भेंगरा की कोर्ट में सोमवार को शीर्ष नक्सली नेता प्रशांत बोस की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने प्रशांत बोस से जुड़े अन्य मामलों को एक साथ सूचीबद्ध कर 27 जून को सुनवाई की तिथि निर्धारित की है। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता सतीश प्रसाद ने कोर्ट में अपना पक्ष रखा। वहीं प्रशांत बोस की ओर से अधिवक्ता जितेंद्र सिंह ने अपना पक्ष रखा। उल्लेखनीय है कि झारखंड पुलिस ने वर्ष 2021 में भाकपा माओवादी के शीर्ष पोलित ब्यूरो सदस्य प्रशांत बोस उर्फ किशन दा, उसकी पत्नी शीला मरांडी और चार माओवादियों को गिरफ्तार किया था। तब से वह न्यायिक हिरासत में है। प्रशांत बोस और पत्नी शीला मरांडी के पास से चार मोबाइल, दो एसएसडी एक पेन ड्राइव और 1.51 लाख नकद बरामद किये गये थे। इसे लेकर सरायकेला जिले के कांड्रा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

### आईपीएस रवि सिन्हा होंगे नए रॉ चीफ



**नई दिल्ली।** आईपीएस के वरिष्ठ अधिकारी रवि सिन्हा को सोमवार को रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) का प्रमुख बनाया गया है। कैबिनेट की अपॉइंटमेंट कमेटी ने सिन्हा के नाम को मंजूरी दी है। सिन्हा सामंत कुमार गोयल की जगह लेंगे। सामंत का रॉ चीफ का कार्यकाल 30 जून को पूरा हो रहा है। उल्लेखनीय है कि सिन्हा छत्तीसगढ़ कैडर के 1988 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी हैं। सिन्हा वर्तमान में मंत्रिमंडल सचिवालय में विशेष सचिव के रूप में कार्यरत हैं। रॉ चीफ के तौर पर सिन्हा का कार्यकाल दो वर्ष के लिए होगा।

### भारत-ब्रिटेन के बीच एफटीए पर दसवें दौर की बातचीत संपन्न

**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर दसवें दौर की बातचीत संपन्न हो गई है। इस मसले पर अगले महीने वार्ता का एक और दौर चलेगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। वाणिज्य मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी आधिकारिक बयान के मुताबिक भारत और ब्रिटेन ने बीच एफटीए पर दसवें दौर की बातचीत गत 9 जून को संपन्न हो गई। इस दौर में दोनों पक्षों ने 50 सत्रों में 10 नीतिगत पहलुओं पर तकनीकी बातचीत की। आधिकारिक बयान के मुताबिक भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर 11वें दौर की वार्ता अगले महीने आयोजित होने की संभावना है।

### मुख्यमंत्री ने चतरा से पंचायत स्तरीय योजना की शुरूआत की, बोले

# हर गांव में खुलेगी दवा दुकान

#### सीएम ने किया 3 अरब 78 करोड़ रुपये की 219 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता। रांची/चतरा**

चतरा जिले से राज्य सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट पंचायत स्तर दवा दुकान योजना की शुरूआत हो गई है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सोमवार को ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षित युवाओं को पंचायतों में दवा दुकान संचालित करने का लाइसेंस सौंप कर इस योजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लगभग तीन अरब 78 करोड़ रुपये की 219 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। वहीं लाभुकों के बीच दो करोड़ 81 लाख रुपये की परिसंपत्ति का वितरण किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब गांव-गांव में भी दवा दुकान खोली जाएंगी। यहां जरूरी और अनिवार्य दवाएं उपलब्ध होंगी, ताकि रिमोट और दूरदराज में रहने वाले ग्रामीणों को दवाओं के लिए प्रखंड और जिले की दौड़ नहीं लगाना पड़े।




मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य को एक बेहतर और जिम्मेदार व्यवस्था देने का प्रयास जारी है, ताकि सरकार की नजरें और योजनाएं सुदूर ग्रामीण इलाकों तक पहुंच सकें। इस सिलसिले में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से आपकी समस्याओं का निष्पादन किया गया। इस तरह की योजना फिर से शुरू की जाएगी, ताकि जनता के साथ सरकार का जुड़ाव बना रहे।

मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार एयर कंडीशनर कमरे में बैठकर नहीं, बल्कि जाड़ा, गर्मी और बरसात, कोई भी मौसम हो, फील्ड में काम कर रही है, ताकि लोगों की परेशानियां और समस्याओं को हम समझ सकें। इतना ही नहीं योजनाएं धरातल पर उतरे जा रही हैं। सभी वरीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे भ्रमण कर योजनाओं की जमीनी हकीकत की जानकारी लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश तभी मजबूत होगा जब राज्य मजबूत होगा और राज्य तभी मजबूत होगा जब ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत बनेगी। इसी बात को ध्यान में रखकर हमारी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था मुख्य केंद्र में रखकर योजनाएं बना रही है। किसानों, मजदूरों के हित में सरकार काम कर रही है। ग्रामीणों को स्वावलंबी बनाने, उनकी आय में वृद्धि करने, बेहतर शिक्षा, रोजगार उपलब्ध कराने, स्वरोजगार के मौके देने समेत कई सेक्टर में विशेष तौर पर काम किया जा रहा है ताकि, राज्य और राज्य वासियों को खुशहाल बना सकें।



पुलिस लाइन परिसर, चतरा में स्थित शहीद स्मारक में माल्यार्पण कर अमर वीर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते सीएम।

### ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की हुई समीक्षा

## धरातल में दिखे कुआं : सीएम



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिरसा सिंचाई कूप योजना में धरातल में कुआं दिखे, कागजी खेल नहीं। मुख्यमंत्री ने सोमवार को ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान ये बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा इसमें लापरवाही ठीक नहीं। मालूम हो कि राज्य सरकार एवं मनरेगा के अभिसरण से बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत कुल एक लाख कूपों का निर्माण विभिन्न चरणों में किया जाना है लेकिन मुख्यमंत्री इसके कार्य प्रगति को लेकर खुश नजर नहीं आए और जल्द से जल्द योजना का लाभ ग्रामीणों को देने का आदेश दिया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में इस योजना का शुभारंभ किया गया है।

#### दो चरण में कुआं निर्माण का लक्ष्य

योजना के तहत प्रथम चरण में 30 एवं द्वितीय चरण में 70 हजार कूप का निर्माण किया जाना है। सरकार वित्तीय वर्ष 2023-24 में 50 हजार एवं 15 नवंबर 2024 तक शेष 50 हजार कूप का निर्माण कार्य पूर्ण करेगी।

#### सभी जिलों में होगा कुआं का निर्माण

प्रथम चरण में अबतक 16936 कुआं की स्वीकृति मिल चुकी है, 3822 कुआं का निर्माण कार्य जारी है। सबसे अधिक गिरिडीह में 8386, रांची में 7314, पलामू के 6460, हजारीबाग में 5973, पश्चिमी सिंहभूम में 5212, दुमका में 5022, बोकारो के 4876, देवघर में 4729, गोड्डा में 4608, पूर्वी सिंहभूम में 4291, साहेबगंज में 3949, गुमला में 3876, धनबाद में 3901, चतरा में 3706, पाकुड़ में 3120, जामताड़ा में 2877, लातेहार में 2804, कोडरमा में 2560, रामगढ़ में 2438, सिमडेगा में 2292 और लोहरदगा में 1606 कुआं निर्माण लक्ष्य 15 नवंबर 2024 तक रखा गया है।

## छवि रंजन की गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की बेंच में सोमवार को बरियातू रोड स्थित सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन समेत अन्य जमीनों की अवैध खरीद-बिक्री मामले में निलंबित आईएएस छवि रंजन की ओर से गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने ईडी से जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 12 जुलाई को होगी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता छवि रंजन की ओर से कोर्ट को बताया गया कि इस मामले में उनकी कोई संलिप्तता नहीं है,




इसलिए ईडी द्वारा उन्हें गिरफ्तार किया जाना गलत है। उनके खिलाफ दर्ज केस को निरस्त किया जाए। मामले को लेकर बरियातू थाना में कांड संख्या 14/ 2022 दर्ज किया गया है। ईडी ने भी इस मामले में ईसीआईआर 1/ 2023 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया है।

### जमीन घोटाला मामला

## आरोप पत्र पर ईडी कोर्ट ने लिया संज्ञान

**रांची।** सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन सहित अन्य जमीन घोटाले मामले में ईडी की ओर से रांची के पूर्व डीसी सहित 10 के खिलाफ दायर आरोप पत्र पर ईडी कोर्ट ने सोमवार को संज्ञान लिया है। अब मामले में आरोपितों के खिलाफ ईडी कोर्ट में मुकदमा चलेगा। अगली सुनवाई एक जुलाई को होगी। उस दिन सभी आरोपितों के खिलाफ पुलिस पेपर सौंपा जायेगा। ईडी ने 12 जून को मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन सहित 10 आरोपितों के खिलाफ ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था।

## 24 आईपीएस की हुई प्रोन्नति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में प्रोन्नति से भरे जाने वाले आईपीएस अधिकारियों के पूरे पद भर जाएंगे। सोमवार को यूपीएसएसी के धौलपुर दिल्ली स्थित कार्यालय में प्रोन्नति को लेकर सलेक्शन कमेटी की बैठक में डीएसपी से एसपी रैंक में 24 अधिकारियों को प्रोन्नति देने पर सहमति बनी। वहीं, वन सेवा के एक पदाधिकारी को भारतीय वन सेवा में प्रोन्नति देने पर मुहर लगी। यूपीएससी की सेलेक्शन कमेटी की मिनट्स जारी होने के बाद इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। बैठक में राज्य सरकार की तरफ से मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, कार्मिक विभाग की सचिव वंदना दादेल उपस्थित थीं। झारखंड पुलिस में 2017, 2018, 2019 व 2020 बैच की 24 रिक्तियों को लेकर वरीयता के आधार पर चर्चा हुई। खेल कोटा से बहाल हुए सरोजनी लकड़ा और अमेल्डा एक्का को भी आईपीएस में प्रोन्नति दी गई है। वहीं, द्वितीय बैच के डीएसपी रहे सादिक अनवर रिजवी, अरविंद कुमार सिंह, विकास कुमार पांडेय, विजय आशीष कुजूर को भी आईपीएस का 2017 बैच आवंटित किया गया है। तीसरे बैच से दीपक कुमार शर्मा, राजकुमार मेहता, शंभू कुमार सिंह, अजय कुमार सिन्हा, अनुदीप सिंह, पूज्य प्रकाश, दीपक कुमार-1, सहदेव साव, अमित कुमार सिंह, अजीत कुमार, राजेश कुमार, मुकेश कुमार, दीपक कुमार पांडेय, अनिमेश नैथानी, अजय कुमार-1, आरिफ एकराम, विमल कुमार, अविनाश कुमार के नाम

## प्रेम प्रकाश की याचिका पर ईडी को काउंटर एफिडेविट दायर करने का निर्देश

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में सोमवार को अवैध खनन के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपित प्रेम प्रकाश की क्रिमिनल रिवीजन याचिका पर सुनवाई हुई। प्रेम प्रकाश ने रांची ईडी की स्पेशल कोर्ट द्वारा मनी लॉन्ड्रिंग केस में खुद पर गठित आरोप के आदेश को चुनौती दी है। सुनवाई के दौरान अदालत ने ईडी को जवाब (काउंटर एफिडेविट) दायर करने का निर्देश दिया है। प्रेम प्रकाश की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, विभास सिन्हा और स्नेह सिंह ने पक्ष रखा। अब इस मामले की अगली सुनवाई दस जुलाई को होगी। उल्लेखनीय है कि पवार ब्रोकर के नाम से चर्चित प्रेम प्रकाश को ईडी ने अगस्त महीने में गिरफ्तार किया था।

### मांझी ने महागठबंधन से समर्थन वापस लिया


# दिल्ली में करेंगे एनडीए नेताओं से मुलाकात

**एजेंसी। पटना**

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) अब सत्तारूढ़ महागठबंधन के साथ नहीं रहेगी। हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सुमन ने सोमवार को इसकी औपचारिक घोषणा की। पार्टी की कार्यकारिणी की हुई बैठक में महागठबंधन से समर्थन वापस लेने पर सहमति बनी। सुमन ने पत्रकारों से कहा कि "पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्यों ने सर्वसम्मति से मुझे और पार्टी के संस्थापक संरक्षक जीतन राम मांझी को किसी भी निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया है।" उन्होंने कहा कि "जो भी निर्णय लिया जाएगा, वह पार्टी और राज्य की जनता के हित में होगा।"

बैठक के बाद पार्टी के अध्यक्ष सुमन ने कहा कि "जीतन राम मांझी और वह खुद दिल्ली जाएंगे और नई संभावनाओं पर





विचार करेंगे। वे दिल्ली में एनडीए के नेताओं से भी मुलाकात करेंगे।"

सुमन ने कहा कि "शाम को पार्टी राज्यपाल से मिलकर महागठबंधन से समर्थन वापसी का पत्र सौंपेंगी।" उन्होंने कहा कि "हमारे लिए सभी विकल्प खुले हुए हैं और सभी संभावनाओं पर विचार कर निर्णय लिया जाएगा।" पार्टी के सूत्रों का मानना है कि मांझी मंगलवार को गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह से मिल सकते हैं। इससे पहले संतोष सुमन ने नीतीश कुमार के मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद से ही समझा जा रहा था कि हम अब महागठबंधन में आगे नहीं बढ़ सकता। माना जाता है कि हम का एक प्रतिनिधिमंडल शाम को राज्यपाल से मिलकर समर्थन वापसी का पत्र सौंपेगा और फिर दिल्ली रवाना हो जाएगा।

गौरतलब है कि चार विधायकों के साथ हम पार्टी पिछले साल 'महागठबंधन' में शामिल हो गई थी। लेकिन पिछले हफ्ते संतोष कुमार सुमन ने नीतीश कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था। वे नीतीश कैबिनेट में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के मंत्री थे। उनके इस्तीफे के बाद सोनबरसा से विधायक रत्नेश सदा को मंत्री बनाया गया। बता दें कि 243 सदस्यीय विधानसभा में सत्तारूढ़ गठबंधन के करीब 160 विधायक हैं। इसमें जद (यू), राजद और कांग्रेस के अलावा तीन वामपंथी दल शामिल हैं।

## प. सिंहभूम में 5 आईईडी व 4 स्पाइक हॉल बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा**

पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) जिले के टोन्टो थाना पटातारोब गांव से तुम्बाहाका जाने वाले रास्ते के आस-पास जंगली - पहाड़ी क्षेत्र से पांच आईईडी और चार स्पाइक हॉल बरामद किया है। बरामद आईईडी दो-दो किलो दो, तीन-तीन किलो का दो, दस किलो का एक आईईडी और चार स्पाइक हॉल शामिल है। एसपी आशुतोष शेखर ने सोमवार को बताया कि गत 27 जून से एक अभियान टोन्टो थाना क्षेत्र के तुम्बाहाका ,अंजदबेड़ा के सीमावर्ती क्षेत्र और गोईलकेरा थाना के कुईड़ा एवं मारादिरी गांव के सीमावर्ती क्षेत्र में प्रारंभ किया गया है। इसी क्रम में सर्च अभियान के दौरान सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के उद्देश्य से लगाए गए पांच आईईडी और चार स्पाइक हॉल बरामद किया। बरामद बम को डिफ्यूज कर दिया गया है। इलाके में सर्च अभियान जारी है।



### राज वर्मा पर लगा सीसीए, लवकुश समेत कई दूसरे जेल में शिफ्ट

# राज वर्मा को एक साल तक जमानत नहीं मिल सकती

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कुख्यात कालू लामा की हत्या के बाद उसके गुर्गे और लवकुश शर्मा गैंग के बीच लगातार अदावत चल रही है। इसी को देखते हुए रांची पुलिस ने लामा गैंग का जेल से संचालन करने वाले राज वर्मा पर सीसीए लगा दिया है। अब अपराधी राज वर्मा को एक साल तक जमानत नहीं मिल सकती है। वहीं जेल में गैंगवार होने की संभावना को देखते हुए कुख्यात लवकुश शर्मा को भी रांची जेल से साहेबगंज ट्रांसफर कर दिया है।

बताया जा रहा है कि लामा गैंग का संचालन करने वाले राज वर्मा और लवकुश शर्मा के बीच पुरानी दुश्मनी को लेकर विवाद हो गया था। दो माह पहले राज वर्मा और लवकुश कोर्ट से कैदी वाहन में लौटते समय दोनों भिड़ गए। दोनों के बीच कैदी वाहन में जमकर मारपीट हुई थी। इस घटना में लवकुश शर्मा को गंभीर चोट भी लगी थी। वहीं राज वर्मा को भी हल्की चोट आयी थी। दोनों के बीच हो रही मारपीट को देखते हुए चालक ने कैदी वाहन सीधे बरियातू थाने में घुसा दिया। जहां पर पुलिस ने वाहन में मौजूद सभी कैदियों को अपनी कस्टडी में ले लिया था। दोनों को इलाज कराने के बाद पुलिस ने कड़ी सुरक्षा के बीच सभी को देर रात जेल भेज दिया था। इसी के बाद कारा प्रबंधन ने जेल की सुरक्षा को देखते हुए लवकुश शर्मा को दूसरे जेल में शिफ्ट करने का निर्णय लिया था।

**चंदन सोनार गोड्डा जेल में शिफ्ट**

कारा प्रबंधन ने लवकुश समेत पांच कैदियों को राज्य के दूसरे जेल में शिफ्ट किया है। हालांकि कारा प्रबंधन ने रांची जेल में बंद आठ कैदियों को दूसरे जेल में शिफ्ट करने का निर्देश दिया था। लेकिन तकनीकी कारणों से तीन कैदियों को दूसरे जेल में शिफ्ट नहीं किया जा सका है। बताया जा रहा है कि कारा प्रबंधन ने चंदन सोनार को गोड्डा, उग्रवादी तिलेश्वर गोप को चाइबासा, मनोज मुंडा को घाटशीला और चंदन का सहयोगी राकेश को मधुपुर जेल में ट्रांसफर कर दिया गया है।

### जेल में गैंगवार की बढ़ी आशंका

रांची जेल में लामा गैंग और शर्मा गैंग के बीच गैंगवार की आशंका बढ़ गई है। बिट्टू खान की हत्या के बाद उसके आरोपी रोहन श्रीवास्तव समेत पांच लोग रांची जेल में बंद है। उसी जेल में कालू लामा की हत्या में शामिल शर्मा गैंग का शूटर सोनू शर्मा भी बंद है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रोहन, राज वर्मा और उसके गुर्गे सोनू शर्मा की जेल में ही हत्या करने की फिराक में है। जेल जाने से पहले पूछताछ में आरोपी रोहन ने पुलिस के समक्ष यह बयान दिया था कि वह कालू लामा की हत्या में शामिल सभी आरोपियों से बदला लेगा।

# हेमंत के बिहार दौरे से पहले बाबूलाल के निशाने पर नीतीश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।**



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 23 जून को पटना में विपक्षी एकता के लिए भाजपा विरोधी दलों की बैठक बुला रहे हैं। इस बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी शामिल होना है। लेकिन इस बैठक के पहले भाजपा के विधायक दल के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने नीतीश कुमार को आड़े हाथों लिया है। सोमवार को बाबूलाल मरांडी ने नीतीश कुमार के बार बार पाल बदलने पर कटाक्ष करते हुए कहा कि राजनीति में विश्वसनीयता के सबसे बड़े शत्रु नीतीश कुमार जनता से बुरी तरह परास्त हुए व थके हुए दलों की बैठक आहूत कर रहे हैं। बैठक का केवल एक उद्देश्य नरेंद्र मोदी को हराना है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि नीतीश कुमार भाजपा की कृपा से राष्ट्रीय नेता बने। 2014 के लोकसभा चुनावों में उनकी हैसियत पूरे देश ने देखी, फिर जब उन्होंने माफी मांगकर भाजपा से पुनः रिश्ता जोड़ा तो 2019 लोकसभा चुनावों में उन्हें बंपर जीत मिली। विधानसभा चुनावों में जदयू को मात्र 43 सीटें मिलीं, फिर भी भाजपा ने अपना वादा निभाया और उन्हें मुख्यमंत्री बनाया।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की झारखंड प्रदेश इकाई सहित सभी इकाइयां भंग

**रांची/जमशेदपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की झारखंड प्रदेश इकाई सहित राज्य, जिला व अन्य स्तरों पर गठित इकाइयां भंग कर दी गई है। इस संबंध में सोमवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं झारखंड प्रभारी डॉ.एमएस सिंह मानस ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सांसद कुंवर हरिवंश सिंह के निदेर्शानुसार और वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री राघवेन्द्र सिंह राजु की सहमति से महासभा की झारखंड प्रदेश इकाई और यहां से जुड़ी राज्य/जिला/महानगर/मंडल स्तरीय सभी इकाइयों को तत्काल प्रभाव से भंग किया जाता है। यह कदम झारखंड में संगठन का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद उठाया गया है। आने वाले समय में शीघ्र ही नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

## चांद नजर आया, ईद उल अजहा 29 जून को

**रांची।** 29 जीकादह 1444 हिजरी व 19 जून 2023 दिन सोमवार को जिल हिज्जह महिने का चाँद देश के विभिन्न क्षेत्रों में नजर आया है जिस की तसदीक कर ली गयी है, इस लिए दिनांक 20 जून 2023 दिन मंगलवार को जिल हिज्जह महिने की पहली तारीख है और दिनांक 29 जून 2023 दिन गुरूवार को 10 जिल हिज्जह यानी ईद उल अजहा है। यही फैसला मरकजी दारूल कजा इमारत शारीया फुलवारी शरीफ पटना का है। यह सुचना दारूल कजा इमारत शारीया राँची से मौलाना अबु दाउद कास्मी ने दिया है।

## बीएनआई ने भारत में अपने 50,000 से ज्यादा सदस्यों की उपलब्धि का मनाया जश्न

**रांची।** दुनिया के सबसे बड़े रेफरल मार्केटिंग संगठन, बिजनेस नेटवर्क इंटरनेशनल (बीएनआई) ने भारत में पचास हजार सदस्यों के आंकड़े को पार कर लिया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को प्राप्त करने के साथ ही बीएनआई ने भारत के टियर 3 एवं 4 शहरों में लघु उघोगों को सशक्त बनाने के लिए एक अभूतपूर्व पहल की भी घोषणा की है। बीएनआई के संस्थापक और चीफ विजनरी ऑफिसर डॉ. इवान मिस्नर ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर की व उत्साहवर्धन के लिए भारत का दौरा भी किया। वैश्विक महामारी से उत्पन्न चुनौतियों एवं कठिनाइयों के बावजूद बीएनआई ने भारत में मजबूती से अपनी भूमिका निभाई व विकास की गति को जारी रखा । बीएनआई ने देश के 121 शहरों में स्थित 1080 चैप्टर्स में 50,830 सदस्यों के साथ अपनी मौजूदगी को मजबूती से स्थापित किया है । बीएनआई ने अपने मजबूत रेफरल आधारित नेटवर्क की ताकत के दम पर 31,93,874 रेफरल्स किए जिससे बीते बारह महीनों में 30,516 करोड़ का बिजनेस वॉल्यूम दर्ज हुआ। बता दें कि बीएनआई में प्रभावशाली रुप से सीट का औसत मूल्य प्रतिवर्ष 65.54 लाख रुपये है। यह भी एक उपलब्धि है। इन महत्वपूर्ण पड़ावों को प्राप्त कर आगे बढ़ते हुए बीएनआई टियर 3 एवं 4 शहरों में उद्यमिता की ताकत व हुनर को बखूबी समझता है। इसमें निखार के लिए बीएनआई अपने प्रयासों में टियर 1 एवं 2 के साथ लक्षित शहरों में व्यापारिक उन्नति व सामन्जस्य स्थापित करने का लक्ष्य स्थापित कर कार्य कर रहा है। बीएनआई का दृढ़ विश्वास है कि लघु उघोगों को सशक्त कर सहभागिता बढ़ाने से क्षेत्रीय समुदायों के साथ देश के भी आर्थिक विकास में उन्नति होगी।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां जोरों पर



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

मांडर के सोसई आश्रम मंदिर परिसर में स्वास्थ,चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग आयुष निदेशालय के निर्देशानुसार 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की भव्य आयोजन को लेकर आयुष चिकिसक डॉ. सरिता की अध्यक्षता में योग कर्ताओं एवं पतंजलि परिवार मांडर के योग्गुरुओं के साथ बैठक की गई। बैठक में सर्वसम्मति से सभी विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं प्रबुद्धजनों को विभिन्न माध्यमों से आमंत्रित करके अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को अविस्मरणीय एवं ऐतिहासिक रुप से मनाने के लिए प्रयास में जुट जाने का आह्वान किया गया।ज्ञातब्य है कि 10 जून से प्रतिदिन भारी संख्या में विभिन्न सरकारी एवं गैरसरकारी विभाग के योगाभ्यास के लिए योग प्रेमी भाई बहन आते रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के दिन इन सभी लोगों के अलावे प्रखंड के हर गाँव से जनमानस का आगमन सुनिश्चित करना ही इस बैठक का मुख्य उद्देश्य था।बैठक से पूर्व योग प्रशिक्षक अमरेश सिंह, सुरेश कुमार ने सभी को हर आसन की महत्ता बताते हुए योगाभ्यास कराया।

### जैक 11वीं के रिजल्ट से असंतुष्ट छात्रों का प्रदर्शन

# पुलिस ने किया लाठीचार्ज

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) के नामकुम स्थित कार्यालय के पास सोमवार को 11वीं के रिजल्ट से असंतुष्ट छात्र पहुंचे। छात्र जैक अध्यक्ष अनिल कुमार महतो से मिलने की मांग करते हुए कार्यालय के बाहर बैठ गए, वहीं कुछ छात्र कैंपस के बाहर खड़े थे। छात्रों को जब जैक अध्यक्ष से मिलने नहीं दिया गया, तो विरोध स्वरूप सभी छात्र प्रदर्शन करने लगे। इसे रोकने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। इस दौरान कुछ छात्र-छात्राओं को हिरासत में लिया गया है। दूसरी ओर, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का एक प्रतिनिधिमंडल ने जैक अध्यक्ष से मिलकर समाधान की मांग की। इस पर जैक अध्यक्ष ने जल्द ही छात्र हित में फैसला लेने की बात कही है।




सोमवार को जैक ऑफिस पहुंचे असंतुष्ट छात्रों के इस आंदोलन को छात्र संगठन एआईडीएसओ की ओर से नेतृत्व किया जा रहा था। छात्रों का आरोप है कि जब छात्र जैक अध्यक्ष से मिलने पहुंचे, तो उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया और जबरन ऑफिस से बाहर निकाल दिया गया। इसके बाद गेट का ताला लगा दिया गया। इस दौरान छात्रों के विरोध करने पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। वहीं, कुछ छात्रों को हिरासत में लिया गया। दूसरी ओर, असंतुष्ट छात्रों को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का समर्थन मिला। छात्रों की समस्या के समाधान के लिए छात्र नेता सौरव बोस एवं रोहित शेखर ने जैक अध्यक्ष अनिल कुमार महतो से भेंट की। इस दौरान छात्रों को हो रही परेशानी को बताया। इस पर जैक अध्यक्ष ने जल्द समाधान की बात कही। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र नेताओं के मुताबिक, जैक अध्यक्ष ने जल्द छात्र हित के बारे में फैसला करने की बात कही है। साथ ही कहा कि अगर किसी छात्र को अंक से समस्या हो, तो परीक्षा पत्र स्क्रूटनी के लिए जांच शुल्क 50 रुपये जमा करने के साथ छात्र अपनी परीक्षा पत्र की जांच करा सकते हैं।

## झामुमो सिल्ली प्रखंड कमेटी ने किया पंचायत कमेटी का गठन



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सोमवार के दिन झारखंड मुक्ति मोर्चा सिल्ली प्रखंड कमेटी द्वारा विसरिया पंचायत में पंचायत कमेटी गठन किया गया। प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका ने बताया कि लोगों की समस्याओं का निपटारा हेतु हर पंचायत में कमेटी का गठन किया जा रहा है। जिसमें प्रखंड अध्यक्ष राधिका महतो, प्रखंड उपाध्यक्ष अमित महतो ,अजीत महतो द्वारका महतो, फखरुद्दीन , गोकुल महतो, इकराबुद्दीन, सुनील कोइरी ,मुन्ना कोइरी बंशीधर कोइरी, राजेश चौधरी ,प्रमोद महतो, सिल्ली प्रखंड कमेटी के पदाधिकारी गण एवं समस्त सक्रिय सदस्य उपस्थित हुए।

## झामुमो को बोलने का नैतिक अधिकार नहीं : भाजपा

रांची। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने सोमवार को झामुमो प्रवक्ता के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। शाहदेव ने कहा कि झामुमो विकास के सवालों से तिलमिला जाती है क्योंकि विकास उसके एजेंडे में नहीं है। उन्होंने कहा कि जो सच है उसका सामना झामुमो नहीं कर पा रहा। बड़े-बड़े वादे करके सत्ता पर काबिज होना अलग बात है, उसे धरातल पर उतारने के लिए साफ नियत और नीति चाहिए। भाजपा की पूर्ववर्ती रघुवर सरकार ने विकास के मिशाल कायम किए। इसलिए अगर रघुवर दास उसका अवलोकन करना अपना फर्ज समझते है, जो पेड़ लगाता है उसे ही उसकी चिंता होती है। फल खाने वाले तो केवल पत्थर मारना ही जानते हैं।

# मुंबई में आयोजित 'इम्पा' के सम्मान समारोह में विधायक हुए सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची/मुंबई**



झारखंड में फिल्म उद्योग को गति देने की पहल के लिये विधायक निरल पूर्ति, झारखंड झारखंड जर्नलिस्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष व फिल्मकार जितेंद्र ज्योतिषी व लेखक-निर्देशक सचिंद्र शर्मा को बॉलीवुड के फिल्म निमार्ताओं की संस्था 'इम्पा' के पदधारियों ने सम्मानित किया। वहीं, मौके पर इम्पा के अध्यक्ष अभय ने कहा कि यदि फिल्मकार और सरकार साथ में मिलकर काम करें तो फिल्म उद्योग एक नया मुकाम हासिल कर सकता है। इस अवसर पर विधायक निरल पूर्ति ने फिल्मकारों को आश्वत किया कि झारखंड में फिल्म उद्योग को आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मिलकर अनुरोध करेंगे। ताकि झारखंड में फिल्म उद्योग एक हब के रूप में विकसित हो। उन्होंने कहा कि फिल्म निर्माण के क्षेत्र में यथासंभव सहयोग कर बेहतर प्रयास करेंगे। झारखंड के पत्रकार सह फिल्मकार जितेंद्र ज्योतिषी ने फिल्मकारों को झारखंड के मनोरम पर्यटन स्थलों की जानकारी दी और फिल्म निर्माण के लिए उपयुक्त कई लोकेशन से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि फिल्म निर्माता-निर्देशक झारखंड को लेकर किसी प्रकार का भ्रम न पालें। राज्य में कई आकर्षक और मनोरम लोकेशन और पर्यटन स्थल हैं,यहां बेनिसागर जैसा ऐतिहासिक स्थल है,तो दूसरी ओर सारंडा की हसीन वादियां हैं। झारखंड फिल्म निर्माण के लिये पूरी तरह सुरक्षित और सरकार द्वारा संरक्षित है। ज्योतिषी ने कहा कि झारखंड के कई कलाकार उम्दा काम कर रहे हैं।

# मोदी सरकार के 9 साल बेमिसाल : सुरेंद्र

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

मोदी सरकार के 9 साल बेमिसाल रहा उक्त बातें सिल्ली प्रखंड के लोधमा आम बागान में आयोजित लाभार्थी सम्मेलन में ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो ने कही। श्री महतो ने कहा कि केंद्र में जब से नरेंद्र मोदी की सरकार बनी है तबसे जनहित में कई सारी जनकल्याणकारी योजनाएं प्रारंभ की। गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, गरीब कल्याण योजना, हर घर नल योजना, आयुष्मान भारत योजना, राम मंदिर का निर्माण, किसान सम्मान निधि योजना, धारा 370 आदि ऐतिहासिक कार्य 9 साल में प्रधानमंत्री ने किया। वहीं डॉ राजाराम महतो ने कहा कि केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को एकजुट होकर गांव-गांव तक पहुंचाना है। रांची जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष सह लाभार्थी सम्मेलन के प्रभारी विनय महतो धीरज ने कहा कि केंद्र सरकार की बहुत सारी योजनाएं प्रखंड स्तर पर आती हैं उन योजनाओं की प्रखंड कार्यालय से जानकारी लेकर लाभार्थी लाभ उठाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विनोद साहू ने किया। कार्यक्रम को युवा मोर्चा जिला महामंत्री सह लाभार्थी सम्मेलन के संयोजक उमेश महतो, प्रदेश महामंत्री ओबीसी मोर्चा चौधरी महतो ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री इंद्रजीत महतो, पतराहातू मंडल अध्यक्ष सृष्टिधर प्रजापति, भागीरथ महतो, परीक्षित, हरे राम लोहरा, श्यान त्रिपाठी, सुधीर सुनार, राजेंद्र साईं, पंकज कुमार, राधानाथ महतो, परशुराम महतो, राजेंद्र प्रमाणिक, भरत महतो, मुकेश गोराई समेत सैकड़ों लाभार्थी उपस्थित थे।




## महाप्रभु का नेत्रदान धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हुआ सम्पन्न

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के ऐतिहासिक ईटाचिल्द्री रथयात्रा के पूर्व संध्या पर जगन्नाथ स्वामी मंदिर में भगवान जगरनाथ समेत बड़े भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के विग्रहों का वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच नेत्रदान अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य पुजारी सत्यनारायण पाण्डेय की अगुवाई में मंदिर के संस्थापक सह पूर्व जमींदार के वंशजों सेवईत लाल गोकुल नाथ शाहदेव एवं लाल मोहन नाथ शाहदेव के माध्यम से परम्परागत ढंग भगवान का नेत्रदान अनुष्ठान कराया। इस मौके पर पारम्परिक रूप से भगवान के विग्रहों को भोग प्रसाद निवेदित कर उनकी महाआरती की।

### मेला | तिरिल मोड़ से जगन्नाथपुर बाजार तक वाहनों के प्रवेश पर रोक

# 26 स्थानों पर ड्रॉप गेट बनाया गया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।**

रांची। जगन्नाथपुर रथ यात्रा और मेला को लेकर 20 जून को यातायात में बदलाव किया गया है। ट्रैफिक पुलिस की ओर से तिरिल मोड़ से मौसीबाड़ी गोलचक्कर और प्रभात तारा मैदान तीन मुहाने से जगन्नाथपुर बाजार तक छोटी-बड़ी सभी गाड़ियों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। ट्रैफिक एसपी हारिश बिन जमा ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार मेला देखने आने वाले लोगों के वाहनों के लिए पुलिस की ओर से पार्किंग स्थल चिहिन्त किया गया है। लोगों से अनुरोध किया गया है कि वे पार्किंग स्थल में ही वाहन खड़ा कर मेले का आनंद लें। वहीं ट्रैफिक पुलिस ने 26 स्थानों पर ड्रॉप गेट बनाया है। ट्रैफिक एसपी ने सभी पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया गया कि वे प्रतिनियुक्त स्थल पर समय पर तैनात रहें। किसी भी हाल में जाम की समस्या उत्पन्न नहीं होने दें। ट्रैफिक एसपी ने बताया कि घुसती मेला 29 जून को है। उस दिन में ट्रैफिक की इसी तरह की व्यवस्था रहेगी। बिरसा चौक से मेला जाने वाले लोग शहीद मैदान में वाहन पार्क करेंगे। धुर्वा, तुपुदाना एवं हटिया इलाके से आने वाले वाहनों के लिए प्रभात तारा मैदान में पार्किंग की व्यवस्था की गई है।



रिंग रोड, शहरी क्षेत्र की ओर से आने वाले भारी व हल्का वाहन तिरिल मोड़, नार्थ गेट, प्रभात तारा मैदान से शालीमार बाजार होते हुए जाएंगे। तिरिल मोड़ के पास हैलीपैड में वाहन पार्क करेंगे।

बिरसा चौक से रिंग रोड जाने वाले वाहन शालीमार बाजार, धुर्वा गोलचक्कर, प्रभात तारा मैदान, नार्थ गेट तिरिल मोड़ से नया सराय से होते हुए तिरिल मोड़ के पास बनाए गए हैलीपैड में पार्क होंगे। पुराना विधानसभा की ओर से जिन्हे मेला जाना हो वैसे बड़े वाहन मिनीडोर को शहीद मैदान के पास ही बने पार्किंग स्थल पर पार्क करेंगे।

**ऐसे जाएंगी गाड़ियां :** धुर्वा से रिंग रोड जाने वाले वाहन प्रभात तारा मैदान नार्थ गेट, तिरिल मोड़ होते हुए नया सराय से रिंग रोड जाएंगे। तिरिल मोड़ से मौसीबाड़ी गौलचक्कर तक कार, ऑटो, बाइक के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। प्रभात तारा मैदान तीन मुहानी से जगन्नाथपुर बाजार तक कार, स्कूटी, बाइक आदि के प्रवेश पर रोक लगायी गई है। एचईसी, विधानसभा की ओर से आने वाले वाहन, जिन्हे मौसीबाड़ी जगन्नाथपुर मंदिर होते हुए रिंग रोड जाना है, वैसे वाहन शहीद मैदान से शालीमार बाजार, प्रभात तारा मैदान, जेएससीए स्टेडियम से दाहिने मुड़कर तिरिल रोड होते हुए अपने गण्तव्य तक जाएंगे।

रिंग रोड की तरफ से आने वाले वाहन, जिन्हे शहर की ओर जाना है वैसे वाहन तिरिल मोड़ से जेएससीए स्टेडियम, प्रभात तारा मैदान, शालीमार बाजार होते हुए शहर की ओर जाएंगे।

## शिवसेना ने मनाया 57 वां स्थापना दिवस

**बेड़ो।** शिवसेना ने रांची के चेशायर होम्स इंडिया विकलांग आश्रम में सोमवार को भोजन वितरण कार्यक्रम कर शिवसेना का 57 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस आयोजन का अध्यक्षता झारखण्ड राज्य प्रमुख दीपक सिंह ने किया। जहां शिवसेना के राज्य प्रमुख दीपक सिंह ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि इंसान को सम्मान का जीवन प्रदान करने और उनके साथ हो रहे अन्याय को खत्म करने के लिए हिन्दू हृदय सम्राट स्वर्गीय बाला साहब ठाकरे ने शिवसेना पार्टी की स्थापना की थी। इन बीते 57 वर्षों में शिवसेना ने हर क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि शिवसेना का मूल मंत्र रहा है 80 प्रतिशत समाज सेवा और 20 प्रतिशत राजनीति। लेकिन कोरोना काल के संकट में शिवसेना ने पूरे रांची शहर में सौ प्रतिशत समाज सेवा का लक्ष्य रखकर गरीबों तक अनाज मुहैया कराया था और मुम्बई में फसे झारखण्ड, बंगाल एवं ओडिशा के मजदूर जो मुम्बई में फसे हुए थे उन्हें महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के मार्गदर्शन पर मुम्बई में रुकने और भोजन का भी व्यवस्था कराया गया था। इ

झारखण्ड सरकार,
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (उद्यान प्रभाग)
कार्यालय, जिला उद्यान पदाधिकारी, सिमडेगा।

पता–संयुक्त कृषि भवन,जिला कृषि कार्यालय परिसर, सिमडेगा।

कृषकों के लिए सूनहरा अवसर

आम सूचना

सरकार के सचिव, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची के राज्यादेश संख्या –15 दिनांक 05.06.2023 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 मेंउद्यान विकास की योजना के तहत जनजातीय क्षेत्रीय उपयोजनान्तर्गत निम्नांकित रूप से प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप कृषको के निजी भूमि पर कार्यान्वयन हेतु कृषक एवं JSLPS /JTDS अंतर्गत कृषक समूह/महिला समूह/ महिला स्वयं सहायता समूह/कृषक समूह/FPOs एवं अन्य किसानों से आवेदन आमंत्रित की जाती है। जिसका संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार है:–

| क्रं0 | कार्य अवयव का नाम | भौतिक लक्ष्य | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | बगवान मित्र / उद्यान मित्रों/कृषको का 5 (पाँच दिवसीय) प्रशिक्षण | 240 संख्या | मैट्रिक उतीर्ण अथवा समकक्ष (प्रमाण पत्र) साईकिल/मोटरसाईकिल चलाने का ज्ञान हो एवं स्थानीय प्रमाण पत्र |
| 2 | युवाओं को 25 दिवसीय माली प्रशिक्षण | 12 संख्या | उम्र न्युनतम 20 से 45 वर्ष के बीच हो एवं 10वीं उतीर्ण होना आवश्यक है। |
| 3 | मिर्चा की खेती | 19 हे0 | |
| 4 | ओल की खेती | 19 हे0 | |
| 5 | अदरख की खेती | 12 हे0 | |
| 6 | कीट रहित सब्जी उत्पादन ईकाई | 9 ईकाई | |
| 7 | खुले वातावरण में फूलों की खेती (हे0 में) | 29 हे0 | |
| 8 | टिशू कल्चर केला की खेती | 05 हे0 | |
| 9 | गृह वाटिका की स्थापना (प्रति ईकाई 25 डिसमील) | 24 ईकाई | |
| 10 | सब्जी की खेती (हे0 में) | 350 हे0 | |
| 11 | मशरूम कीट वितरण | 4110 संख्या | |
| 12 | मशरूम विषय पर 5 (पांच) दिवसीय प्रशिक्षण | 137 संख्या | |
| 13 | पपीता की खेती | 11763संख्या | |
| 14 | टिशूकल्चर स्ट्राबेरी की उन्नत खेती | 9 हे0 | |
| 15 | गुणवत्ता युक्त सब्जी फुल, फल एवं पौधा बिचड़ा उत्पादन (सैम्पिलिंग/नर्सरी) | 30 संख्या | |
| 16 | परवल की खेती | 2 एकड़ | |

इच्छुक कृषक एवं JSLPS/JTDS अंतर्गत कृषक समूह/महिला समूह/ महिला स्वयं सहायता समूह/कृषक समूह/FPOs एव अन्य कृषक जिनकों, उपरोक्त योजना अंतर्गत अवयवो का लाभ प्राप्त करना है वह दिनांक 15.06.2023 से जिला उद्यान कार्यालय, सिमडेगा से आवेदन निःशुल्क प्राप्त कर आवेदन प्रपत्र में पूर्ण विवरण के साथ पंचायत प्रतिनिधि एवं प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/VLW/BTM/ATM/वैज्ञानिक के द्वारा अनुशंसा कराते हुए दिनांक– 05.07.2023 संध्या 5:00 बजे तक जिला उद्यान पदाधिकारी, सिमडेगा में जमा करेगें ताकि ब्लॉक चेन टेक्नोलॉजी अन्तर्गत आवेदक किसानों का पंजीयन कराते हुए बीज/सामग्री/अन्य का वितरण किया जा सके। अपूर्ण आवेदन प्रपत्र, लक्ष्य पूर्ण, निर्धारित तिथि के बाद एवं अन्य कारणों के उपरांत आवदेनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

नोटः–1. वित्तीय वर्ष 2023–24 मेंउद्यान निदेशालय अन्तर्गत सभी योजनाएँ Block Chain Technology के माध्यम से की जायेगी। Block Chain में निबंधित कृषकों को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
2. पिछलें तीन वर्षो में जिन लाभुक एवं उनके परिवार का चयन नहीं किया गया हो केवल उनका चयन किया जायेगा।
3. पिछले तीन वर्षो में जिन ग्रामों का चयन नहीं किया गया है उन्हें चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
4. SC, ST एवं Small &Marginal farmers का नियमानुसार चयन में प्राथमिकता दिया जायेगा। साथ ही महिला कृषकों को 30 प्रतिशत चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
5. टावेदक किसान के द्वारा आवेदन प्रपत्र के साथ आधार कार्ड एवं जमीन का रसीद/पर्चा का छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
6. टावेदन स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है।
7. योजना के संदर्भ में विशेष जानकारी हेतु प्रखण्ड स्तर पर BAO/BTM/ATM/ उद्यान मित्र एवं जिला स्तर पर जिला उद्यान पदाधिकारी, सिमडेगा से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकारी, सिमडेगा।

PR 300432 Agriculture(23-24)D

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में 'ओजस' सम्मान समारोह आयोजित

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में छात्रों को सम्मानित करने के लिए ओजस अवार्ड समारोह आयोजित किया गया। शैक्षिक क्षेत्र में शानदार उपलब्धि के लिए छात्रों का उत्साहवर्धन करने के लिए ट्राफियां, ब्लेजर्स, बैज और प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने हैट-ट्रिक की अर्थात लगातार तीन साल तक शानदार प्रदर्शन किया उन्हें विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार वे विद्यार्थी जिन्होंने ह्यक्वाड्राह्य अर्थात लगातार चार साल तक, 'पेंटा' अर्थात लगातार पांच साल उत्कृष्ट प्रदर्शन किया उन्हें विशेष पुरस्कारों से सम्मानित किया गया तथा 100ः उपस्थिति के लिए रेग्युलरिटी अवार्ड दिया गया। दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा-




2023 के स्कूल टॉपर तथा सिटी टॉपर को उनकी कड़ी मेहनत और लगन के लिए सम्मानित किया गया। जेईई एडवांस 2023 और नीट 2023 में अनुकरणीय प्रदर्शन करने वाले छात्रों को भी इस आयोजन में सम्मानित किया गया। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ० प्रदीप वर्मा ने विजेताओं की प्रशंसा की और उनके उन्नत भविष्य की कामना की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और उन्हें अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखने और भविष्य में भी और अधिक पुरस्कार जीतने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बाकि विद्यार्थियों को निरंतरता, और दृढ़ता बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया और लगातार प्रेरणा देने के लिए विजेताओं के माता-पिता का आभार व्यक्त किया।

## झामुमो ने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास पर जमकर निशाना साधा

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा( झामुमो) के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि रघुवर दास का विकास तीर्थ भ्रमण हो रहा है। ये विकास तीर्थ भ्रमण शब्दों का एक ऐसा जाल है, जिसमें विनाश की पटकथा बहुत आसानी से लिखा जा रहा है। कई संस्थानों को कब्जे में करकर जो लोगों के मुद्दे है, उससे लोगों को भटकाया जा रहा है। भट्टाचार्य सोमवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस वर्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष को राज्य के लोगों ने सिर्फ नाकारा नहीं है, उनकी विधायकी ही छीन ली है। आज भी वह स्वप्न लोक में जीते है और खुद को आज भी मुख्यमंत्री-मुख्यमंत्री भाव दिखाते है। अपने शासन काल में जिन विफलताओं के साथ लोगों ने आगे बढ़ने का काम किया। वह जो सफल क्रियान्वयन है।

## राज्यपाल पहुंचे सरायकेला-खरसावां जिले के संपोषित बालिका+2 विद्यालय, कहा

# अपना कार्य करते रहें फल की चिंता न करें

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को सरायकेला-खरसावां जिला के कुमार विजय प्रताप सिंहदेव राज्य संपोषित बालिका+2 उच्च विद्यालय पहुंचकर वहां के शिक्षकों एवं छात्राओं से संवाद किया। वहां उन्होंने विद्यालय के लिए भूमि दान देने के लिए कुमार विजय प्रताप सिंहदेव के परिवार के प्रति कृतज्ञता अर्पित की। राज्यपाल महोदय ने विद्यालय के आईसीटी लैब, लाइब्रेरी एवं स्मार्ट क्लास की व्यवस्था की सराहना की। वहां की एक छात्रा ने संवाद के क्रम में राज्यपाल महोदय से सांसद एवं राज्यपाल के रूप में अपने अनुभव को साझा करने के लिए अनुरोध किया। राज्यपाल ने बताया कि सांसद के रूप में किस प्रकार उन्होंने अपने क्षेत्र में जनता के लिए सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, रोजगार



इत्यादि सुलभ कराने कि दिशा में कार्य किया और कोयंबटूर से 6 अतिरिक्त ट्रेन का परिचालन कराने की दिशा में अपनी भूमिका निभाई। राज्यपाल के रूप में वे अपने संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। समाज के सबसे अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव देखना चाहते हैं। इसलिए वे सुदूरवर्ती गांवों में जाकर ग्रामीणों से संवाद करते हैं व उनकी समस्याओं से अवगत होते हैं। संवाद के क्रम में ही एक अन्य छात्रा के प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि अपना कार्य बिना फल की चिंता करते हुए करें। प्रत्येक कार्य के लिए समय का निर्धारण करें। राज्यपाल महोदय ने बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि उनके प्रेरणास्त्रोत माननीय नरेंद्र मोदी हैं। वे देश के विकास के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं, जिसके कारण भारत विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन चुका है।

## केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा विश्व सिकल सेल कार्यक्रम में हुए शामिल, कहा

# एनीमिया से सरकार निपटने को तैयार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
केंद्रीय मंत्री ने सिकल सेल रोग के उन्मूलन के मिशन में आम जनता की भागीदारी का आह्वान किया। शीर्ष चिकित्सा विशेषज्ञ, हितधारक और गैर सरकारी संगठन ने कार्यशाला में भाग लिया और अपनी विशेषज्ञता और अनुभव साझा किये। सोमवार को विश्व सिकल सेल दिवस मनाते हुए, केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय जनजातीय अनुसंधान संस्थान में सिकल सेल एनीमिया रोग पर एक संवेदीकरण कार्यशाला की अध्यक्षता की। सिकल सेल रोग (एससीडी), एक आनुवंशिक स्थिति, भारत में जनजातीय आबादी के बीच व्यापक है, जहां यह अनुमान लगाया गया है कि एसटी के बीच 86 जन्मों में से लगभग 1 में एससीडी होता है। रोग लाल रक्त कोशिकाओं में हीमोग्लोबिन (शरीर




में ऑक्सीजन ले जाने के लिए जिम्मेदार) को प्रभावित करता है, जिसके परिणामस्वरूप रुग्णता और मृत्यु दर अलग-अलग तरीकों से हो सकती है। इसलिए, एससीडी का शीघ्र पता लगाने, प्रबंधन और उपचार प्रभावित व्यक्तियों को एक लंबा और पूरा जीवन जीने में सक्षम बनाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। राष्ट्र की सामान्य स्वास्थ्य स्थितियों के लिए रोग का उन्मूलन अत्यंत महत्वपूर्ण है। शुरूआती पहचान और नए उपचार सहित सिकल सेल स्थिति के प्रबंधन में हाल के विकास पर चर्चा करने के लिए, कार्यशाला ने पूरे भारत से इस स्थिति पर विशेषज्ञों के एक समूह को एक साथ लाया गया। इस दिन के महत्व को ध्यान में रखते हुए, मंत्री ने अपील करते हुए कहा कि, प्रधान मंत्री के दूरदर्शी मार्गदर्शन के तहत, जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा सिकल सेल उन्मूलन मिशन मोड में लिया गया है; हालांकि हम सभी को व्यक्तिगत स्तर पर काम करके लोगों को बीमारी के बारे में शिक्षित करने के लिए विशेष रूप से जमीनी स्तर पर इस मुद्दे को हल करने के लिए एक सहयोगी प्रयास करने की आवश्यकता है। मैं सभी चिकित्सा विशेषज्ञों, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, आयुष मंत्रालय, स्वास्थ्य संगठनों, स्वास्थ्य विभागों से अपील करता हूं कि वे आदिवासियों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रोत्साहन दें और यह सुनिश्चित करें कि इस बीमारी से प्रभावित लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जाए ताकि जनजातीय आबादी के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव हो । इसके अलावा, उन्होंने राज्य सरकारों से उचित बुनियादी ढांचा और सुविधाएं सुनिश्चित करके इस लक्ष्य में सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, हमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि व्यक्ति विशेष रूप से महिलाएं और बच्चे इस बीमारी से मुक्त हों और यह आने वाली पीढ़ी को प्रभावित न करे।

## आदिवासी समाज ने कॉमन सिविल कोड का किया विरोध

**रांची।** आदिवासी समाज के लोगों ने कॉमन सिविल कोड का विरोध किया है। इसको लेकर सोमवार को पुराना विधानसभा हॉल में आदिवासी समन्वय समिति की बैठक हुई। इसमें आदिवासी समाज के पूर्वमंत्री, पूर्व कानून मंत्री, विधायक, पूर्व आईएएस, राज्य प्रशासनिक सेवा के कर्मी, बैंक के पूर्व अधिकारी, शिक्षाविद् सहित अन्य आदिवासी समाज के लोग शामिल हुए। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा आने वाले दिनों में लागू किए जाने वाली कॉमन सिविल कोड का विरोध किया गया। बताया गया कि 14 जून 2023 को भारतीय लॉ कमीशन ने देश में समान नागरिक संहिता के संबंध में एक पब्लिक नोटिस जारी किया है।

# कांग्रेस अल्पंख्यकों के साथ मजबूत संबंध रखना चाहती है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी के नेतृत्व में अल्पंख्यक समुदाय एक जुट हो रही है। सोमवार को मंजूर अंसारी का देवघर परिसदन पहुंचने पर देवघर जिला अध्यक्ष उदय प्रकाश और 15 सूत्री सदस्य देवघर जिला सह युवा कांग्रेस नेता आफताब आलम, जियाउल हसन, बेलाल अंसारी, शकील अंसारी सहित सैकड़ों लोगों ने स्वागत किया। इस मौके पर युवा कांग्रेस नेता आफताब आलम ने कहा कि झारखंड कांग्रेस के अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष के रूप में जनाब मंजूर अंसारी साहब नेतृत्व



पार्टी को मजबूत होना तय है, मंजूर अंसारी साहब के नेतृत्व में पार्टी विशेष रूप से अल्पसंख्यक समुदायों के साथ और भी मजबूत संबंध स्थापित कर रही है, और उनकी मांगों को पूरा करने के लिए प्रयास कर रहे हैं अल्पसंख्यकों के समर्थन को बढ़ाने के लिए, जनाब मंजूर साहब द्वारा किए जा रहे ये कार्य अति सराहनीय है। अल्पसंख्यक समुदायों की समस्याओं को समझना और उनके लिए उपयुक्त नीतियों और कार्यक्रमों की योजना बनाना।

# नेशनल शूटर तारा शाहदेव के मामले में एयरटेल के अधिकारी ने दी गवाही

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव मामले के मुख्य आरोपित रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल की ओर से बनाए गए गवाह एयरटेल के अधिकारी ने सोमवार को गवाही दी। कोहली की ओर से एक टेलीफोन नंबर दिया गया था, जिसके बारे में सूचना मांगी गई थी। एयरटेल अधिकारी ने गवाही में बताया कि तारा शाहदेव प्रताड़ना के जिस घटना का जिक्र किया जा रहा है, उस दौरान यह टेलीफोन नंबर रंजीत सिंह कोहली के नाम पर था। एयरटेल के अधिकारी की ओर से इससे संबंधित दस्तावेज भी कोर्ट में प्रस्तुत किए गए। मामले में






अगली गवाही 23 जून को होगी। इससे पूर्व रंजीत कोहली की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी गवाह बनाया गया था। पिछली सुनवाई में मुख्यमंत्री के अधिकृत व्यक्ति मुस्ताक आलम ने गवाही दी थी। मामले में मुख्य आरोपित रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल के अलावा हाई कोर्ट के बर्खास्त पूर्व रजिस्ट्रार मुश्ताक अहमद और कोहली की मां कौशल रानी ट्रायल फेस कर रहे है। रंजीत कोहली और तारा शाहदेव की शादी सात जुलाई 2014 को हुई थी। शादी के बाद ही मारपीट एवं उत्पीड़न की घटनाएं होने लगी थी। सीबीआई ने हाईकोर्ट के आदेश पर 2015 में केस टेक ओवर किया था। लेकिन शादी के कुछ माह बाद उसे धर्म परिवर्तन करने प्रताड़ित किया जाने लगा।

## भाकपा ने सभी विपक्षी पार्टियों से एकजुट होने की अपील की

**रांची।** भाकपा के राष्ट्रीय महासचिव डी राजा ने कहा कि देश में संप्रदायिक दंगे को भड़का कर देश में विभाजन कर राजनीति रोटी सेकने वाले केन्द्र को देश की जनता उखाड़ फेंकेगी । क्योंकि देश में महंगाई, बेकारी,लाचारी और तबाही से जीने के लिए सरकार ने मजबूर कर दिया है। राजा सोमवार को अल्बर्ट एक्का चौक स्थित पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के तमाम विपक्षी पार्टियों को ईडी और सीबीआई के एजेंसियों से डराया जा रहा है । देश में महिला पहलवानों के साथ जो हरकत हुआ पूरे दुनिया देखा। संसद के उद्घाटन में जिस तरह से राष्ट्रपति को दरकिनार कर संसद का उद्घाटन किया गया। पूरे दुनिया ने देखा देश में तानाशाह की तरह मोदी की सरकार काम कर रही है।




## आस्था | भगवान जगन्नाथ प्रभु का नेत्र उत्सव मनाया गया

# 251 किलो बुंदिया का आज लगेगा भोग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मारवाड़ी सहायक समिति के द्वारा रथयात्रा के अवसर पर जगन्नाथपुर रथ मेला में सेवा प्रदान किया गया। सोमवार को सुप्रसिद्ध जगन्नाथपुरी मंदिर में पूरे वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान जगन्नाथ का नेत्रदान उत्सव मनाया गया। नेत्र दान उत्सव में भगवान जगन्नाथ महाप्रभु का भव्य पुष्प का श्रृंगार किया गया। तथा समिति द्वारा मेवा खीर का महाप्रसाद भोग लगाया गया। महाप्रसाद का वितरण भक्तों को बीच किया गया। 16 दिनों के अज्ञातवास में रहने के बाद आज भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के साथ भक्तों को दर्शन दी। शाम को प्रभु का नेत्रदान के कार्यक्रम के बाद प्रभु को स्नान मंडप में लाया गया तथा स्तुति और 108 मंगल आरती की गई एवं महा भोग लगाया गया। स्नान मंडप में प्रभु दर्शन देने के



बाद भगवान यही रात्रि विश्राम करेंगे और कल रथ यात्रा के दिन मौसी बाड़ी जाएंगे। मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष अशोक नारसरिया, सचिव कौशल राजगढ़िया जगन्नाथपुर रथ मेला के संयोजक संजय सर्राफ एवं मनीष लोधा ने कहा है कि समिति द्वारा 20 जून को रथ यात्रा के दिन संपूर्ण मंदिर परिसर में फूलों का अलौकिक श्रृंगार, रथ का भव्य श्रृंगार, साउंड एंव लाइट की व्यवस्था की जाएगी तथा विष्णु सहस्त्रनाम के पाठ का आयोजन एवं 251 किलो बुंदिया का भोग लगाया जाएगा एंव प्रसाद का वितरण किया जाएगा ।साथ ही आने वाले श्रद्धालु भक्तों के लिए शिविर में चना एवं पानी की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने लोगों से समस्त कार्यक्रमों मे भाग लेने तथा सेवा शिविर में आकर अपना योगदान देने का अनुरोध किया है। आज के कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया, सचिव कौशल राजगढ़िया, रथ यात्रा मेला संयोजक संजय सर्राफ,मनीष लोधा, मनोज रूईया के अलावा अन्य सदस्यों ने अपना भरपूर योगदान दिया।

# भगवान जगन्नाथ का हुआ नेत्रदान, रथयात्रा आज

## भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ रथ पर सवार होकर मौसीबाड़ी जाएंगे भगवान



नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** 15 दिन अज्ञातवास के बाद भगवान जगन्नाथ प्रभु 19 जून को दर्शन दिए. घनसार स्थित जगन्नाथ मंदिर, हीरापुर, माझेरपाड़ा दुर्गा मंदिर, इस्कॉन धैया व कुसुम विहार में सोमवार को भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र को महास्नान कराने के बाद नेत्रदान हुआ. नेत्र उत्सव अनुष्ठान की शुरूआत दोपहर 12 बजे हुई. जगन्नाथ सेवा संघ के संयुक्त सचिव महेश्वर राउत ने बताया कि 15 दिनों के बाद भगवान जगन्नाथ जागृत हुए हैं. इसके साथ ही रथयात्रा महोत्सव का शुभारंभ हो गया. रथयात्रा 20 जून को निकलेगी. भगवान जगन्नाथ समेत तीनों विग्रहों को रथ पर विराजमान कर श्रद्धालु मौसीबाड़ी ले जाएंगे.

### 15 दिनों के बाद लगा अन्न का भोग

108 घड़ा जल से स्नान के बाद भगवान जगन्नाथ बीमार पड़ गए थे. बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र के साथ प्रभु 15 दिन तक एकांतवास में रहने के बाद उन्हें बाहर निकाला गया. इससे पूर्व गुप्त पूजा हुई. स्नान व श्रृंगार के बाद भगवान जगन्नाथ को सिंहासन पर बैठाया गया. नेत्रदान अनुष्ठान के बाद भगवान ने श्रद्धालुओं को दर्शन दिए. जगन्नाथ मंदिर धनसार के पुजारी देवाशीष पंडा ने बताया कि 15 दिन बाद भगवान को अन्न का भोग लगाया गया. मंगलवार 20 जून को मंदिर परिसर भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी. इसकी तैयारी लगभग पूरी हो गई है.

## जगन्नाथ मंदिरों में महाप्रभु की पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी

**जमशेदपुर।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र में 20 जून को धूमधाम से रथ यात्रा निकाली जाएगी. रथ यात्रा को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों में उत्साह है और विभिन्न कमेटियों द्वारा रथ को सजाने का काम शुरू हो गया है. नेत्र उत्सव के अवसर पर जगन्नाथ मंदिरों में महाप्रभु के दर्शन पाने के लिए तथा पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी. बहरागोड़ा क्षेत्र में बांघराचूड़ा, भंडारशोल, बहरागोड़ा, साकरा, कांठालिया, खंडामौदा, मानुषमुड़िया, पांचरुलिया, जयपुरा, बेंदा, लाउडोंका तथा नागुड़साईं में प्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा धूमधाम से निकाली जाती है. रथ को खींचने के लिए और प्रभु के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ती है. क्षेत्र की विभिन्न कमेटियों द्वारा रथ को सजाने का काम शुरू हो गया है. 20 जून को रथ की सजावट फूलों से की जाएगी. शाम को कीर्तन मंडलियों के साथ भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी.



## चाकुलिया में धूमधाम से निकाली जाएगी रथ यात्रा

**जमशेदपुर।** चाकुलिया में 20 जून को धूमधाम से रथ यात्रा निकाली जाएगी. इसको लेकर तैयारियां जोरों पर हैं. नगर पंचायत के नामोपाड़ा स्थित रास मंच से रथ यात्रा निकलेगी. रासमंच परिसर में रथ को सजाया जा रहा है. रथयात्रा कमेटी के लक्ष्मी नारायण दास ने बताया कि 20 जून को धूमधाम से कीर्तन मंडलियों के साथ रथ यात्रा निकाली जाएगी. वहीं जुगीपाड़ा से राधेश्याम जीव रथ यात्रा निकाली जाएगी. पुजारी दिलीप पति ने बताया कि रथ यात्रा की तैयारी अंतिम चरण में है. चाकुलिया के तुलसीबनी स्थित शिवराम आश्रम से भी रथ यात्रा निकालने की तैयारियां अंतिम चरण में हैं. आश्रम के आनंद ब्रह्मचारी ने बताया कि रथ यात्रा को लेकर लोगों में खासा उत्साह है. रथ को भव्य तरीके से सजाया जा रहा है. यहां की रथयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं.

# प्रधानमंत्री मोदी के 9 वर्षों का कार्यकाल रहा स्वर्णिम : सांसद




नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** सिंदरी विधानसभा क्षेत्र भाजपा द्वारा सोमवार 19 जून को दलदली गांव में लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया. सम्मेलन को संबोधित करते हुए सांसद पीएन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विगत 9 वर्षों का कार्यकाल स्वर्णिम है. घर-घर शौचालय व उज्ज्वला योजना स्वतंत्र भारत की ऐतिहासिक एवं सबसे बड़ी योजना रही. सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो की धर्मपत्नी तारा देवी ने कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री की उपलब्धियों को घर घर पहुंचाने की अपील की. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं से सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के हजारों लोग लाभान्वित हुए हैं. पूर्व मेयर शेखर अग्रवाल ने प्रधानमंत्री मोदी की जन उपयोगी योजनाओं को विस्तार से बताया. अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुबोध सिंह ने की व संचालन और स्वागत भाषण कार्यक्रम प्रभारी सह विधायक प्रतिनिधि कुमार महतो तथा धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री निर्मल कुमार ने किया. सम्मेलन में प्रदेश कार्य समिति सदस्य धर्मजीत सिंह, जयप्रकाश सिंह, नवल सिंह चौधरी, संतलाल प्रमाणिक, मोहन कुंभकार, अजय गिरि, निताई रजवार, सुनील सिंह चौधरी, पार्थो रवानी आदि मौजूद थे।

## बोकारो जिले के सभी सीएचओ को योगाभ्यास का दिया गया प्रशिक्षण

**बोकारो।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व सोमवार 19 जून को जिले के सभी सीएचओ को योगाभ्यास का प्रशिक्षण दिया गया. योग प्रशिक्षक स्वपन कुमार ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए कम से कम एक घंटा स्वयं के लिए भी निकालना चाहिए. प्रशिक्षण के दौरान सीएचओ को स्वस्थ रहने के लिए कुछ योगासन करने की जानकारी भी दी गई. मुख्य रूप से अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी, ताड़ासन, वृक्षासन, प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण के दौरान नोडल पदाधिकारी डॉ.एनपी सिंह ने कहा कि योग मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बहुत जरुरी है. सभी सीएचओ को अपने-अपने क्षेत्र में प्रतिदिन योग का आयोजन करने का भी निर्देश भी दिया. बताया गया कि योग दिवस पर योगाभ्यास के बाद सभी प्रतिभागियों को तम्बाकू के दुष्परिणाम व भविष्य में तम्बाकू से होने वाले नुकसान के बारे में भी जानकारी दी जाएगी.

# योग शिक्षक नियुक्ति में लेन-देन का आरोप, अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सदर अस्पताल के सिविल सर्जन कार्यालय में योग शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए पीड़ित योग शिक्षकों द्वारा धरना- प्रदर्शन किया गया. योग प्रशिक्षकों ने बताया कि जिला स्वास्थ्य समिति रांची, सदर अस्पताल परिसर रांची के द्वारा दिनांक 31 मई को साक्षात्कार लिया गया था. जिसमें योग्य योग शिक्षकों का चयन न कर, पैसा लेकर पद को बेचा गया. कुछ दिन पहले सिविल सर्जन के हस्ताक्षर से रांची जिला के विभिन्न स्थानों के लिए वैकेंसी निकाली गई थी. इसमें स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देने की बात कही गई थी और इंटरव्यू के बेसिस पर उनका चयन किया जाना था. लेकिन इंटरव्यू के नाम पर केवल खानापूर्ति की गई और योग शिक्षकों के चयन में भारी अनियमितता बरती गई है. इनका कहना है कि '5 सदस्यीय साक्षात्कार समिति में केवल एक योग विशेषज्ञ को रखा गया. अन्य सदस्य यह समझने में सक्षम ही नहीं थे कि प्रश्नों के उत्तर सही हैं या गलत. साक्षात्कार के नाम पर केवल औपचारिकता पूरी की गई है. सभी ने मांग की है कि चयन सूची को निरस्त कर झारखंड से बाहर के योग विशेषज्ञों द्वारा साक्षात्कार करवा कर नई सूची जारी की जाये. ऐसा नहीं करने पर योग प्रशिक्षकों ने आंदोलन को उग्र करने की बात कही.

# शहरी स्वास्थ्य केन्द्रों में जल्द मिलेगी बेहतर सुविधा : सिविल सर्जन



**धनबाद।** शहरी स्वास्थ्य केन्द्रों में बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के सवाल पर सोमवार 19 जून को सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा ने अपने कार्यालय में बैठक की. बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई. उन्होंने कहा कि जल्द ही सभी स्वास्थ्य केंद्रों में सुधार देखने को मिलेगा. बैठक में डीआरसीएचओ डॉ संजीव कुमार, एमओआईसी झरिया डॉ मिहिर, एमओआईसी धनबाद डॉ अनीता चौधरी, एमओआईसी बाघमारा डॉ. मनीष कुमार, डीडीएम सीमा कुमारी, डीपीसी रेखा कुमारी, एसटीटी धनबाद विनय कुमार यादव, गौतम कुमार सिंह, अमित चौबे, सभी शहरी स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी मौजूद थे.

# चक्रधरपुर : मधुसूदन महतो टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में खुलेगा स्टडी सेंटर

नवीन मेल संवाददाता

**चाईबासा।** चक्रधरपुर के लौड़िया स्थित मधुसूदन महतो टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय का स्टडी सेंटर खोला जाएगा.इसे लेकर सोमवार को कॉलेज में प्रबंधक समिति की विशेष बैठक हुई.इस बैठक में जेएसओयू पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय झारखंड सरकार के द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय एक खुला विश्वविद्यालय है, जिसकी स्थापना झारखंड एक्ट 12, 2021 द्वारा किया गया है.



वर्तमान में 27 तरह के विभिन्न पाठ्यक्रम इस ओपन यूनिवर्सिटी के द्वारा संचालित किया जा रहा है, जिसमें मीडिया मैनेजमेंट, मास कम्युनिकेशन, डिप्लोमा इन मैनेजमेंट, पीजी डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशन छात्र 12वीं के बाद यूजी और पीजी के साथ-साथ अन्य सर्टिफिकेट कोर्स में एडमिशन ले सकेंगे.

## गिरिडीह : बाइक सवार युवक ने ट्रक ऑनर को गोली मारी, अस्पताल में मौत

**गिरिडीह।** जिले के बगोदर थाना अंतर्गत बगोदर पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार एक युवक ने 19 जून को दिनदहाड़े राजकुमार यादव नामक युवक को गोली मार दी. राजकुमार को गंभीर स्थिति में अस्पताल में एडमिट कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई. बताया जाता हैं कि बगोदरडीह निवासी राजकुमार यादव ने पेट्रोल पंप के पास अपने ट्रक को खड़ा किया था. सोमवार को एक फोन काल आने पर वे बात कर घर से बाहर निकले तभी बाइक पर सवार एक व्यक्ति ने राजकुमार की कनपटी पर पिस्टल सटा कर तीन गोलियां मार दी. गंभीर हालत में राजकुमार को मीणा जनरल अस्पताल डुमरी ले जाया गया हैं, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. इस सूचना पर इंस्पेक्टर नवीन कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचे कर मामले की जांच में जुट गए हैं. इस घटना से क्षेत्र में आक्रोश है.

## धनबाद : हीरापुर में 7 लाख की नकली अंग्रेजी शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**धनबाद।** उत्पाद विभाग की टीम ने सोमवार 19 जून को धनबाद के हीरापुर तेलीपाड़ा में औचक छापेमारी कर करीब 7 लाख रुपए की नकली अंग्रेजी शराब जब्त की. टीम ने अवैध नकली शराब के धंधेबाज नीलकमल डे को गिरफ्तार किया है. उत्पाद विभाग ने जनवरी-फरवरी में भी उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था. जेल से छूटने के बाद उसने फिर नकली अंग्रेजी शराब बनाने का धंधा शुरू कर दिया था. उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक सन्नी तिर्की ने बताया कि जब्त शराब की कीमत करीब 7 लाख रुपए है. ज्ञात हो कि उत्पाद विभाग की टीम ने पिछले साल 28 दिसंबर को भी तेलीपाड़ा में छापेमारी कर अवैध शराब बनाने की उक्त फैक्ट्री से 25 लीटर रंगीन गंध युक्त स्प्रिट, शराब, भारी मात्रा में खाली बोतलें, कॉर्क आदि बरामद किया गया.

## जमशेदपुर : तालाब में नहाने के क्रम में डूबने से अधेड़ की मौत

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के परसुडीह थाना अंतर्गत बावनगोड़ा स्थित तालाब में सोमवार सुबह एक शव पाया गया. स्थानीय लोगों ने शव मिलने की सूचना पुलिस को दी. इधर सूचना पाकर परसुडीह पुलिस मौके पर पहुंची और शव को स्थानीय लोगों की मदद से तालाब से बाहर निकलवाया. मृतक की पहचान 55 वर्षीय सुरेश सरकार के रूप में की गई. सुरेश बावनगोड़ा का ही रहने वाला था. मामले की जानकारी देते हुए सुरेश के भतीजे अमीर सरकार ने बताया कि सुरेश की शादी नही७ हुई थी. वह कुछ काम भी नहीं करता था. वह हर शाम तालाब में नहाने आता था. संभवतः नहाने के दौरान ही पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया जिससे उसकी मौत हो गई. फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.

## बरही : नींव की खुदाई से गिरी बर्फ फैक्ट्री, साठ लाख के नुकसान की आशंका

**बरही।** पटना रोड स्थित बर्फ फैक्ट्री से सटे नए घर की नींव की खुदाई करने से रविवार को पूरी फैक्ट्री ही धराशायी हो गई. इसमें करीब 60 लाख नुकसान का मामला बताया जा रहा है. यह जानकारी देते हुए फैक्ट्री के वर्कर राकेश कुमार ने बताया कि आइस फैक्ट्री नीचे था, जबकि ऊपर लोग रहते थे. मुर्गा फार्म के राजू साव ने फैक्ट्री की दीवार से सटकर नए घर बनाने के लिए नींव दी थी. इससे फैक्ट्री की नींव कमजोर हो गई और पूरा मकान गिर गया. यह फैक्ट्री तिलैया के आनंद साव की है. उन्हें सूचना दे दी गई है. उनके आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी.

## सिंदरी के छात्र को नदी में नहाने के दौरान चोट लगी, इलाज को पटना ले जाते समय मौत

**धनबाद।** सिंदरी के गोशाला बाजार धौड़ा बस्ती निवासी दूध व्यवसायी सियाराम यादव का पुत्र राजू यादव (22 वर्ष) दामोदर नदी में नहाने के दौरान चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया था. उसे एसएनएमएमसीएच, धनबाद ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया. परिजन उसे इलाज के लिए 19 जून को पटना ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई. राजू यादव सिंदरी कॉलेज में इंटर का छात्र था. घटना के संबंध में बताया गया राजू यादव शनिवार 17 जून की दोपहर दोस्तों के साथ दामोदर नदी छठ घाट पर नहाने गया था. राजू नहाने के लिए नदी में कूदा, तभी पत्थर से टकरा कर उसकी गर्दन में गहरी चोट लग गई. दोस्तों ने आनन-फानन में उसे नदी से निकालकर घर पहुंचाया. उसे तत्काल चासनाला सीएचसी ले जाया गया] जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद एसएनएमएमसीएच धनबाद रेफर कर दिया. एसएनएमएमसीएच में राजू की स्थिति और बिगड़ गई. बेहतर इलाज के लिए परिजन उसे पटना ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया.

## तिसरी : माले नेता मुन्ना मिस्त्री का छोटा भाई सोमवार सुबह से लापता



**गिरिडीह।** तिसरी थाना क्षेत्र के सिंघो निवासी भाकपा माले नेता मुन्ना मिस्त्री का छोटा भाई 24 वर्षीय महेश कुमार मिस्त्री सोमवार 19 जून की सुबह से लापता हो गया है. परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी कुछ पता नहीं चलने पर तिसरी थाने को गुमशुदगी का आवेदन दिया गया है. जानकारी के अनुसार भाकपा माले के नेता मुन्ना मिस्त्री का छोटा भाई महेश कुमार मिस्त्री सोमवार की सुबह 7 बजे ही पत्ता तोड़ने की बात कहकर घर से निकला था लेकिन वापस नहीं लौटा. देर होने पर परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन महेश का कुछ भी पता नहीं चल पाया. जिसके बाद मुन्ना मिस्त्री ने अपने भाई की गुमशुदगी को लेकर तिसरी थाने में आवेदन देते हुए लापता महेश मिस्त्री की खोजबीन करने की गुहार लगाई है.

**अच्छी बातें** — पताबंगला आंगनबाड़ी केंद्र में विधायक ने किया उद्घाटन

# आंगनबाड़ी में महिलाओं के लिए बेड की व्यवस्था

नवीन मेल संवाददाता

**चाईबासा।** गर्भवती महिलाओं की जांच को लेकर हाटगम्हरिया प्रखंड के प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र में एक बेड की व्यवस्था की गई है. जिसका उद्घाटन सोमवार को चाईबासा विधानसभा क्षेत्र के विधायक दीपक बिरुवा ने जयपुर पंचायत अंतर्गत पताबंगला आंगनबाड़ी केंद्र से किया. इस बाबत गर्भवती महिलाओं की समुचित जांच के लिए चिकित्सक के अलावा एक एएनएम प्रतिनियुक्त रहेंगी. विधायक दीपक बिरुवा ने कहा कि गर्भवती महिलाओं को सुविधाएं उपलब्ध कराना विभाग के साथ जनप्रतिनिधियों का भी दायित्व है. हर सोमवार को वे खुद हाटगम्हरिया मुख्यालय में उपस्थित हो कर ग्रामीणों की समस्यायों को दूर करेंगे.



### विधायक का किया गया स्वागत

उद्घाटन के मौके पर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा विधायक का दमा दुमंग के साथ जोरदार स्वागत किया गया. मौके पर बीडीओ मलय कुमार, प्रखंड बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति अध्यक्ष बलवंत गोप, जयपुर पंचायत मुखिया गोपाल हेंब्रम, वार्ड सदस्य मुन्नी बिरुवा, डॉ. लक्ष्मी हांसदा, कैलाश सिंकू, हरीश गागराई, केदार साव, देवेन देवगम, जुंडिया सिंकू, राकेश सिंकू आदि मौजूद थे.

# सड़क हादसे में डीवीसी के सप्लाई मजदूर की मौत, विरोध में सड़क जाम

## 20 लाख मुआवजा व बेटा को नौकरी देने की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो थर्मल-कुरपनिया मुख्य मार्ग स्थित ऐश पौंड के समीप रविवार की रात को सड़क दुर्घटना में डीवीसी में कार्यरत सप्लाई मजदूर कालीचरण महतो की मौत हो गई. मृतक नावाडीह प्रखंड के बरई गांव का रहने वाला है. घटना की जानकारी मिलते ही बरई गांव के सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मुआवजा सहित मृतक के आश्रित को नौकरी देने की मांग की है. उक्त मांग को लेकर ग्रामीणों ने बोकारो थर्मल-कुरपनिया मुख्य मार्ग को जाम कर दिया. इस कारण यातायात पूरी तरह से बाधित हो गयी. घटना के संबंध में बताया



जाता है कि डीवीसी में कार्यरत सप्लाई मजदूर कालीचरण महतो काम कर वापस अपने घर मोपेड से लौट रहा था. नुरीनगर स्थित डीवीसी के ऐश पौंड के समीप एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया. जिससे कालीचरण की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी. वहीं मोपेड भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया. कालीचरण के तीन बेटे हैं. लखन महतो, हेमलाल महतो व राजेंद्र महतो. घटना की जानकारी मिलने के बाद आजसू के सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र यादव, दीपू अग्रवाल, प्रखंड अध्यक्ष मंजूर आलम आदि पहुंचे.

## NEWS इन ब्रीफ

### जिला अनुकंपा समिति की बैठक

**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को उनके कार्यालय कक्ष में जिला अनुकंपा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान समिति के समक्ष कुल 3 मामलों को रखा गया। इस दौरान समिति द्वारा आवेदनवार प्राप्त दस्तावेजों की समीक्षा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस दौरान उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला कल्याण पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी सह स्थापना उप समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, एसएमपीओ सहित अन्य उपस्थित थे।

### कांग्रेसियों ने राहुल गांधी का मनाया जन्मदिन

**बरही ।** प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का 53 वां जन्मदिन मनाया गया. कार्यक्रम प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी की अध्यक्षता में आयोजित की गई. जिसमें विस विधायक प्रतिनिधि छ्ठु यादव सहित प्रखंड के कई कांग्रेसी शामिल हुए. उपस्थित सभी कांग्रेसियों ने पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष के चित्र पर माल्यार्पण कर सुखदा और मंगलमय जीवन की कामना किया. मौके पर सभी ने एक दूसरे को मिठाइयां खिलाई. कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी तैयब अंसारी,अशोक कुमार सिंह, तौकीर रजा, बिरेंद्र यादव, सहदेव यादव, मो वारिस अंसारी, गुड्डू निषाद आदि सहित विभिन्न पंचायतों के पंचायत अध्यक्ष, कार्यकर्ता और पार्टी के कई अधिकारी मौजूद थे.

### कुएं में गिरने से एक व्यक्ति की हुई मौत

**बरकट्ठा।** गोरहर थाना क्षेत्र के ग्राम शिलाडीह में एक व्यक्ति की मौत कुआं में गिरने से हो गई। विदित हो कि शिलाडीह निवासी मुस्तकिम अंसारी (60) वर्ष पिता ननकु मियां अपने घर के समीप कुंआ की साफ सफाई कर ऊपर निकलने के दौरान फिसल कर नीचे गिर गये।जिसके बाद परिजनों ने आनन फानन में सीएचसी बरकट्ठा लाया। जहां चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देखते हुवे सदर रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही इनकी मौत हो गई। घटना की सूचना आदर्श युवा संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष गौतम कुमार को मिली। जिसके बाद मृतक के घर जाकर संवेदना जताई।वहीं मृतक पत्नी समेत अपने चार पुत्र व तीन पुत्री को छोड़कर चले गए। जबकि इनकी एक पुत्री की विवाह 9जुलाई को होना था। इस बाबत गौतम कुमार ने उनकी पत्नी को पारिवारिक लाभ और सरकारी सहायता दिलवाने का आश्वाशन दिया। साथ ही हर संभव मदद का भरोसा दी। मौके पर मुखिया निजाम अंसारी, पंचायत समिति सदस्य समीम अंसारी, समाजसेवी पीताम्बर नायक, अशोक प्रसाद, संजय रविदास, रंजीत कुमार, अयूब अंसारी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### बिजली-चिकित्सीय समस्याओं से जूझ रहा है अनुमंडलीय कारा

**बरही ।** अनुमंडल उपकारा बिजली और चिकित्सक की समस्याओं से जूझ रहा है. कारापाल प्रभारी विनोद प्रसाद सिंह ने बताया कि उपकारा का बिजली ग्रामीण फीडर से जोड़ा गया है. जिससे बिजली की समस्या सर्वाधिक है. इस संबंध में विभागीय एसडीओ और जेई को कई बार बोला गया, फिर भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है. यह भी बताया कि कारा का अपना चिकित्सक नही होने के कारण मेडिकल समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. उन्होंने सीएस से सप्ताह में कम से कम एक बार रूटीन जांच की करवाने की व्यवस्था की मांग किया है. वर्तमान में उपकारा में कुल 36 कैदी है. जो लातेहार जेल से बरही शिफ्ट हुए है. इनमे दो सजायफ्ता है. जिन्हे 8 बजे से 12 बजे तक मुलाकात किया जा सकता है. परंतु बंदी से मिलने आए परिजनों के लिए जेल के बाहर बैठने या पानी पीने तक की व्यवस्था नही है. परिजनो को भीषण गर्मी और तपती धूप में ही बंदी से मिलने के लिए इंतजार करना पड़ता है.

---

### जरूरमंद बच्चों के लिए मेडिकल व इंजीनियरिंग कोचिंग परियोजना का विधायक एवं उपायुक्त ने किया शुभारंभ

# रामगढ़ में फ्री में नीट, जेईई की तैयारी शुरू : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

रामगढ़ः रामगढ़ जिले के मेधावी एवं जरूरतमंद बच्चों को राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश हेतु प्रशिक्षण एवं पैसे के अभाव में इन सुविधाओं से वंचित रह जाने वाले बच्चों पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त, रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा की पहल पर जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा आधुनिक सुविधाओं के साथ एवं अनुभवी शिक्षकों के द्वारा बच्चों को राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश हेतु प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मेडिकल व इंजीनियरिंग प्रशिक्षण की व्यवस्था डीएमएफटी के माध्यम से की गई है। सोमवार को माननीय रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी एवं उपायुक्त, रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा के द्वारा रामगढ़ प्रखंड परिसर के समीप कोचिंग सेंटर का शुभारंभ किया गया। मौके पर उपायुक्त ने रामगढ़ जिले के विभिन्न सरकारी स्कूलों से चयनित 50 मेडिकल एवं 50 इंजीनियरिंग के बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिला प्रशासन का यह प्रयास है कि आप में जो भी प्रतिभा है उसका इस्तेमाल करते हुए आप ना केवल अपना बल्कि पूरे रामगढ़ जिले का नाम देश भर में रोशन करें। इस तरह की पहल आप सभी के लिए इसलिए खास है क्योंकि अब प्रतिभा होने के बावजूद पैसे के अभाव में आपको देश के सर्वोच्च शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षा प्राप्त करने से कोई नहीं रोक सकता है। आप सभी मन लगाकर पढ़े एवं जिला प्रशासन द्वारा शुरू की गई इस सेवा का पूरा पूरा लाभ ले वही अपनी किसी भी प्रकार की दुविधा को बिना झिझक के त्वरित रूप से प्रशिक्षण के दौरान ही दूर करें। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने कहा कि कोई बच्चा किसी से कम नहीं है अगर आप सभी अपनी क्षमता के अनुसार ईमानदारी से प्रयास कर अपना शत प्रतिशत देंगे तो आपको सफलता जरूर मिलेगी। साथ ही उपायुक्त ने सभी को राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनने के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के दौरान माननीय रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने जिला प्रशासन द्वारा जिले के प्रतिभावान बच्चों के लिए शुरू की गई मेडिकल व आईआईटी कोचिंग की सराहना करते हुए मन लगाकर बच्चों को पढ़ने एवं जीवन में सफल होने के लिए शुभकामनाएं दी। वही अध्यक्ष जिला परिषद सुधा देवी, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती कुमारी नीलम, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, जिला खेल पदाधिकारी रूपा रानी तिर्की, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य ने भी बच्चों को कोचिंग सेंटर का पूरा लाभ लेने एवं जीवन में सफल होने के लिए शुभकामनाएं देने सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां दी। माननीय विधायक एवं उपायुक्त द्वारा कोचिंग सेंटर का शुभारंभ करने के उपरांत मंगलवार से बच्चों के लिए सातों दिन कक्षाएं संचालित होंगी वहीं अवकाश के दिनों में बच्चों के लिए विशेष योजना के तहत दुविधाओं को दूर करने एवं पूरे हफ्ते जो भी चीजें उन्होंने सीखी हैं उनके आकलन हेतु परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। कोचिंग सेंटर के सभी क्लासेस ऑफलाइन होंगे लेकिन बच्चों को शिक्षकों द्वारा पढ़ाए गए वीडियोस की रिकॉर्डिंग कॉपी क्लास पूरी होने के उपरांत उपलब्ध कराया जाएगा वही बच्चे 24 घंटे सातों दिन शिक्षकों के संपर्क में रहकर किसी भी समय अपनी किसी भी दुविधा को दूर कर सकेंगे। कोचिंग



परियोजना का शुभारंभ होने के उपरांत चयनित बच्चों में काफी उत्साह दिखाई दिया जहां उन्होंने उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा किए गए इस पहल की सराहना की वहीं उन्होंने कहा कि अब पैसे का अभाव होने के बाद भी हमें अपने जीवन में अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में काफी आसानी होगी। कोचिंग सेंटर में उपस्थित सभी बच्चों ने पूरे विश्वास के साथ कहा कि वे अपना शत-प्रतिशत देंगे और रामगढ़ जिला का नाम देश और दुनिया भर में रोशन करेंगे। मौके पर सभी ने उपायुक्त एवं जिला प्रशासन रामगढ़ का हृदय से धन्यवाद किया।

---

### भाजपा ने गोला में विधानसभा स्तरीय लाभुक सम्मेलन का किया आयोजन

## देश लगातार प्रगति पथ पर अग्रसर हैः सांसद




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला के गोला स्थित स्वर्ण बनिक धर्मशाला में 19 जून को भारतीय जनता पार्टी की ओर से चलाए जा रहे महा जनसंपर्क अभियान के तहत विधानसभा स्तरीय लाभुक सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा उपस्थित हुए । उनके नेतृत्व में जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रकाश मिश्रा,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व रामगढ़ विधानसभा प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू,वरिष्ठ उपाध्यक्ष सह अभियान संयोजक राजू चतुर्वेदी,महामंत्री प्रो.खिरोधर साहू,छोटन सिंह आदि ने महापुरुषों के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं राष्ट्रगान के बाद जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का मंच संचालन जितेंद्र साहू ने एवं धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष स्नेहलता चौधरी ने दिया। कार्यक्रम में मौजूद लाभुकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित करते हुए सांसद जयंत सिन्हा ने कहा की जिस प्रकार कोरोना महामारी के समय पूरी दुनिया ठहर सी गई थी और सभी लोग भयभीत थे उस समय हमारे देश का नेतृत्व करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न सिर्फ अपने देश के 80 करोड़ गरीब नागरिकों को बिना भेदभाव के मुफ्त अनाज मुहैया करवाकर उनकी भूख मिटाई , बल्कि अन्य जरूरतों की पूर्ति हेतु जनधन खाता के माध्यम से सीधे उनके अकाउंट में पैसे भी भेजे । जिसकी तारीफ दुनिया भर के सभी शक्तिशाली देश करते हैं। कहा की आजादी के बाद भी इतने सालों तक देश के ज्यादातर गावों में सड़के,बिजली,पानी,शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का न होना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बहुत खला क्योंकि वो खुद एक गरीब परिवार से आते हैं।

## छिनतई की योजना बना रहे दो अपराधी गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिले के बेंगाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत खण्डोली पार्क के पास रविवार 18 जून रविवार की दोपहर करीब -03.20 बजे छिनतई की योजना बना रहे दो अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. सोमवार को डीएसपी संजय राणा ने पपरवाटांड स्थित पुलिस कार्यालय में प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी. उन्होंने बताया कि सफेद और लाल रंग के अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार कुल तीन अज्ञात अपराधकर्मियों के हथियार के साथ घुमने की गुप्त सूचना मिली थी. सूचना के आधार पर छापामारी की गई. छापेमारी के दौरान आसिफ अंसारी उम्र करीब 25 वर्ष और सलामत अंसारी उम्र करीब 24 वर्ष को को खण्डोली पर्यटन स्थल के समीप पहाड़ी के पास सशस्त्र बलों ने खदेड़कर पकड़ लिया. जबकि तीसरा साथी छोटू उर्फ. फारूख अंसारी भागने में कामयाब रहा. गिरफ़्तार अपराधियों के पास से एक अपाची मोटरसाइकिल, एक लोडेड पिस्टल र जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं. डीएसपी ने बताया कि गिरफ़्तार आसिफ और सलामत अंसारी गांडेय थाना क्षेत्र के फुलजोरी गांव के रहने वाले हैं.

### जलस्रोत ठप, टैंकर से शुरू हुआ जलापूर्ति



**बरही।** पश्चिमी पंचायत में पेयजल की भीषण समस्या हो गई है. वार्ड सदस्यों से मिली जानकारी के अनुसार पंचायत के वार्ड 1 और 3 के सभी चापाकल खराब है. जिसे बनाने में पीएचईडी भी लाचार है. पेयजल के लिए त्राहिमाम मचा हुआ है. मुखिया शमशेर आलम ने बताया कि भीषण गर्मी के कारण जलस्तर नीचे जाने के कारण नलकूप सुख गए है. पंचायतवासियों के पेयजल समस्या को देखते हुए टैंकर से जलापूर्ति करवाई जा रही है. इस कार्य में उप मुखिया अजीत निषाद, टिंकू आलम, कौशिक कुमार, शिवा निषाद, अनिल निषाद, सुनील निषाद, सुनील साहनी, महेंद्र निषाद, बंगाली निषाद आदि का सार्थक सहयोग मिल रहा है. हालांकि पेयजल की समस्या कमोबेशी सभी पंचायत में सुनने को मिल रही है.

### जिप सदस्य कुमकुम देवी ने घायल युवक से मुलाकात कर जाना हाल-चाल



**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते दिन दो बाइक की टक्कर में चार लोग गंभीर रुप से घायल हो गए थे। घायलों की इलाज रिम्स रांची में की जा रही हैं। घायल युवक रोहित कुमार, पिता सीताराम प्रसाद ग्राम गैयपहाड़ी निवासी के परिजनों ने चिकित्सक द्वारा इलाज में लापरवाही बरतने की बात जिप सदस्य कुमकुम देवी को बताई थी। जिसके बाद जिप सदस्य कुमकुम देवी रिम्स पहुंचकर हालात का जायजा लिया साथ ही संबंधित चिकित्सक से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने चिकित्सक से कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। इसलिए इलाज में लापरवाही न बरतें। इस कार्य के लिए परिजनों ने जिप सदस्य कुमकुम देवी को साधुवाद दी।

### आईटीआई प्रशासनिक भवन के जीर्णोद्धार में होंगे 44 लाख 79 हजार 500 खर्च, काम प्रारंभ



**बरही ।** भवन निर्माण विभाग ने आईटीआई के प्रशासनिक भवन के जीर्णोद्धार कार्य हेतु बड़ी राशि स्वीकृत किया है. जानकारी के अनुसार प्रशासनिक भवन की मरम्मती, वाटर सप्लाई और इलेक्ट्रिक कार्य के लिए कुल 44 लाख 79 हजार 500 रुपए स्वीकृत किए है. जिसमे सिविल कार्य के लिए 28 लाख 78 हजार 650 रुपए, जलापूर्ति और सैनिटरी कार्य हेतु दो लाख 47 हजार 300 रुपए और विद्युतीय कार्य हेतु 6 लाख 32 हजार 650 रुपए खर्च किए जाने है. मरम्मती कार्य के दौरान स्टैंडर्ड सैनिटरी पाइप, बिजली के उपकरण और मकराना के मार्बल का ही उपयोग करने है. जिसका जीर्णोद्धार कार्य प्रारंभ किया गया है. जो मानक के अनुसार नही किया जा रहा है. संबंधित मामले में आईटीआई के प्राचार्य रविन्द्र प्रसाद ने वरीय अधिकारी को शिकायत करने की बात कही है. उन्होंने कहा कि जल्दी ही वर्कशॉप का भी जीर्णोद्धार किया जायेगा. वर्तमान में कुल 204 नामांकित विद्यार्थी हैं. परंतु शिक्षकों और कर्मियों की संख्या नहीं रहने के कारण पठन-पाठन बाधित है. उन्होंने बताया कि 16 टीओ, 6 क्लर्क, एक सीटीओ और एक प्राचार्य सहित कुल 24 पद स्वीकृत है, जिसमे मात्र दो प्रतिनियुक्त है उसमे एक रांची में ही कार्यरत है.

### नवनिर्मित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण

**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने सोमवार को छत्तरमांडू स्थित नवनिर्मित, ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर कार्यपालक दंडाधिकारी सह जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी विशाल कुमार ने उपायुक्त को ईवीएम वेयरहाउस के सुरक्षा प्रोटोकॉल के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान उपायुक्त ने वेयरहाउस में मौजूद सीसीटीवी कैमरें, अग्निशमन व्यवस्था, कुल कंट्रोल एवं बैलट यूनिट आदि के संबंध में जानकारी लेते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सहायक अभियंता भवन प्रमंडल, एसएमपीओ सहित अन्य उपस्थित थे।

### वज्रपात की चपेट में आने से महिला की मौत

**रामगढ़।** गोला प्रखंड के बंदा पंचायत अंतर्गत मुरमुट्टा गांव निवासी एक महिला की मौत सोमवार की शाम को वज्रपात की घटना से हो गई। जानकारी के मुताबिक उक्त गांव निवासी मालवा देवी उम्र 46 वर्ष पति छलदेव महतो अपने बैल, बकरियों को चराने के लिए खेत की ओर गई थी। इस बीच हल्की बारिश के साथ बज्रपात की घटना हुई। जिसकी चपेट में महिला आ गई। जिससे महिला की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। इसकी जानकारी ग्रामीणों द्वारा गोला पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर थाने ले आई। जिसके बाद कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। इधर, महिला के मौत के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### भाजपा की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम को लेकर हुई चर्चा

## जेपी नड्डा के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की जिम्मेवारी कार्यकर्ताओं की : दीपक प्रकाश



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** झंडा मैदान स्थित विवाह भवन में सोमवार 9 जून को भाजपा ने विधानसभा स्तरीय संगठनात्मक बैठक आयोजित की. बैठक में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश शामिल हुए. बैठक में जिलाध्यक्ष महादेव दुबे ने मुख्य अतिथि का स्वागत अंगवस्त्र देकर किया. बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 22 जून को गिरिडीह आ रहे हैं. इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की जिम्मेवारी सभी पार्टी कार्यकताओं के ऊपर है. विधानसभा के नेता व कार्यकर्ता तय करें कि अपने मंडल और क्षेत्र से कैसे अधिक से अधिक संख्या में लोगों को कार्यक्रम स्थल तक लाना है. दीपक प्रकाश ने कहा कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण का 9 साल का कार्यकाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रहा है. इसे लेकर राष्ट्रीय स्तर पर चलाए जा रहे महा जनसंपर्क अभियान के तहत राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरिडीह आ रहे है. कहा कि सभी के प्रयास से एक बार फिर से 2024 के लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है.

### विरोध | इरगा पंचायत के बड़वार बिरहोर समुदाय के लोगों में आक्रोश भड़का

# ईसाई धर्म से वापसी पर महिला की पिटाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग के दारू स्थित इरगा पंचायत के बड़वार बिरहोर टोला में ईसाई धर्म से वापसी को कहा, तो बिरहोर महिला की पिटाई कर दी. इससे बिरहोर समुदाय के लोगों में आक्रोश भड़क गया है. बताया जा रहा है कि कभी भी दो पक्षों में टकराव की स्थिति बन सकती है. दरअसल कुछ परिवारों को ईसाई धर्म में शामिल होने और कुछ अन्य लोगों को शामिल करने के प्रयास के कारण यहां की स्थिति विस्फोटक होती जा रही है. यहां पर रामनाथ बिरहोर, बड़ा छोटन बिरहोर, छोटा छोटन बिरहोर, आलामनाथ बिरहोर, कार्तिक बिरहोर, मिथुन बिरहोर आदि अपने-अपने परिवार के कुल 30 सदस्यों के साथ कुछ वर्ष पूर्व धर्म परिवर्तन कर चुके हैं. इसका विरोध अन्य बिरहोर हमेशा से करते रहे हैं. इसी बात को लेकर गुल्लू बिरहोर की पत्नी सावित्री बिरहोर ने पहले ईसाई धर्म अपनाया था. लेकिन अब वह ईसाई धर्म को गलत बताकर अपने धर्म में वापस आना चाहती है. इसके लिए उसने ईसाई धर्म अपना चुकी एक महिला से गुजारिश की. इसी बात पर ईसाई धर्म से जुड़ी ननकी बिरहोर, दोस्ता बिरहोर, कैसी विरहोर आदि ने मिलकर उसकी जबरदस्त पिटाई कर दी. इस बात से नाराज दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और कभी भी इस मुद्दे को लेकर दोनों पक्षों में टकराव की आशंका बनी हुई है. इसी मुद्दे को लेकर शनिवार को दोनों पक्षों के बीच समाज के प्रबुद्ध लोगों ने पंचायत कर मामले को सुलझाने का प्रयास किया था. सोमवार को एक बार



फिर दोनों पक्ष इसी मुद्दे को लेकर आमने-सामने आ गए और दो महिलाओं के बीच एक बार फिर मारपीट हो गई. इस मामले में टहल बिरहोर ने बताया कि जिन लोगों ने ईसाई धर्म अपनाया है, वे हर रविवार को धर्म प्रचारक चरण मरांडी को अपने घर बुलाकर ईसाई धर्म की प्रार्थना करते हैं, जिनका वे विरोध करते हैं. छह परिवार के जिन लोगों ने धर्म परिवर्तन किया है, वे मूल रूप से मल्हार जाति के हैं, जिन्हें यहां बिरहोर का दर्जा दिया गया है. अब ये बिरहोर से ईसाई धर्म में शामिल हो गए हैं. फिर भी बिरहोर जाति के नाम पर राशन, आवास, पेंशन सहित अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं. बिरहोरों का कहना है कि धर्म परिवर्तन करनेवालों को इन सुविधाओं से हटाया जाना चाहिए. बिरहोर टोला में आए दिन इस मुद्दे को लेकर टकराव की स्थिति बन रही है.

# कोडरमा : कैलाश राय सविमं में 34 वां प्रांतीय कबड्डी व खो-खो प्रतियोगिता का समापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर में विद्या विकास समिति द्वारा आयोजित प्रांत स्तरीय कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता में विद्या मंदिर के शामिल हुए भैया बहनों ने अपने बेहतर प्रदर्शन से दर्शकों के काफी रोमांचित किया। प्रतियोगिता को बाल, किशोर व तरुण वर्ग में बांटा गया। जिसमें तरुण वर्ग में खो खो तथा कबड्डी प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर कुम्हरटोली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही सरस्वती विद्या मंदिर गुमला ने खो-खो में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि कबड्डी प्रतियोगिता में किशोर वर्ग के बालिका ग्रुप में सरस्वती विद्या मंदिर बाघमारा प्रथम, कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर द्वितीय तथा भामाशाह सरस्वती विद्या मंदिर बरही को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। जबकि बालक वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में किशोर वर्ग में सरस्वती विद्या मंदिर देवनगर दुग्धा प्रथम, सरस्वती विद्या मंदिर बाघमारा द्वितीय तथा भामाशाह सरस्वती विद्या मंदिर बरही तृतीय स्थान पर रहा। किशोर वर्ग में बालिका वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर कुम्हारटोली प्रथम कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर द्वितीय तथा सरस्वती विद्या मंदिर गुमला को तृतीय स्थान मिला। जबकि बालक वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर मधुपुर प्रथम सरस्वती विद्या मंदिर कुमार टोली द्वितीय तथा पद्मावती जैन सरस्वती विद्या मंदिर चाईबासा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार बाल वर्ग के बालिका ग्रुप कबड्डी प्रतियोगिता में रतनपुर सरस्वती विद्या मंदिर टुंडी प्रथम, सरस्वती विद्या मंदिर बरगंडा गिरिडीह द्वितीय तथा इंदुमती टिंबरेवाल सरस्वती विद्या मंदिर चतरा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वही बालक वर्ग के कबड्डी प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर बरगंडा गिरिडीह प्रथम सरस्वती विद्या मंदिर चंद्रपुरा द्वितीय तथा इंदुमती टीबड़ेवाल सरस्वती विद्या मंदिर चतरा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। जबकि बाल वर्ग की बालिका ग्रुप के खो-खो प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर कुल्ही प्रथम चतरा द्वितीय और चाईबासा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। बालक वर्ग के खो-खो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गुमला द्वितीय स्थान लोहरदगा तथा तृतीय स्थान चतरा को प्राप्त हुआ। समापन समारोह के मौके पर भैया बहनों को संबोधित करते हुए करते हुए विद्या विकास समिति कें प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी ने कहा कि विजयी प्रतिभागियों को क्षेत्रीय प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए उन्हें और कठिन परिश्रम करने की आवश्यकता है ताकि भैया बहने वहां से विजयी होकर विद्यालय के साथ-साथ प्रांतीय समिति का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि हमारे भैया भाई आगे भी जीत का क्रम बनाए रखेंगे ऐसा हमारा विश्वास है। पुरस्कार वितरण मदन मोहन जी द्वारा किया गया। वही प्रतियोगिता का वृत प्रांतीय खेल प्रमुख गौरी शंकर सिंह के द्वारा किया गया। मंचासीन पदाधिकारियों का परिचय कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर के प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू के द्वारा किया गया आभार प्रकट हजारीबाग विभाग के विभाग निरीक्षक ओम प्रकाश सिन्हा ने किया जबकि मंच संचालन रमेश सिंह ने किया। मौके पर क्षेत्रीय खेल प्रमुख सुरेश मंडल विद्या विकास समिति के विभाग निरीक्षक फनींद्र नाथ झा तुलसी ठाकुर वीरेन टूडू स्थानीय समिति के अध्यक्ष नारायण सिंह सचिव अनुराग सिंह कोषाध्यक्ष नवल कुमार उपाध्यक्ष नंद राय सदस्य कुंज बिहारी त्रिवेदी शिवतारा सरस्वती विद्या मंदिर के सचिव सुभाष बरनवाल प्रधानाचार्य रमेश कुमार उपाध्याय संकुल संयोजक रामरतन महर्षि नगर संचालक रामावतार केसरी विद्यालय के आचार्य मनोज कुमार सिंह, प्रदीप कुमार, रामानुज पांडेय, विजय मिश्र, वीरेंद्र प्रसाद, नीरज सिंह, मुन्ना सिंह, चंद्रशेखर कुमार, मुरलीधर सिंह, डॉ धीरेंद्र कुमार सिंह, सुनील कुमार, प्रभात सौरव, दीपक विश्वकर्मा, संजय महतो, टिंकू कुमार, पवन कुमार शर्मा, विपिन डे, धीरज पांडेय, विजय तिवारी, प्रभात सौरव, वीरेंद्र मिश्र, रानी प्रसाद, श्वेता श्रीवास्तव, शर्मिष्ठा साहा, सोनी कुमारी, अर्चना सिन्हा, चंद्रकावेरी निहाल, अनीता ठाकुर, रिमझिम कुमारी सहित अन्य आचार्य गण मौजूद थे।

## ऋषि कुमार ने जीता राज्य स्तरीय जुडो प्रतियोगिता में पदक



**कोडरमा।** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय के छात्र ऋषि कुमार ने 13वीं झारखंड राज्य कैडेट जुडो प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल कर अपने विद्यालय का नाम पूरे राज्य में रौशन किया है। देवघर जुडो एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में छात्र ऋषि कुमार ने ये सफलता प्राप्त की है। ऋषि की इस सफलता पर निदेशक मनीष कपिसमे, अविनाश सेठ, सीइओ प्रकाश गुप्ता, प्राचार्या अपर्णा सिन्हा, प्रशासक अशरफ खान, संयोजक विजय कुमार सिंह, जितेंद्र चौधरी, बीडी नस्कर, अनुराग कुमार सिंह, तुषार राय चौधरी, प्रीति जगनानी, स्टूडेंट सर्विस सेल के संयोजक सुधांशु कुमार, स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर अमित दास ने छात्र ऋषि कुमार एवं उनके कोच धीरेंद्र राणा को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### बीरू में आज धूमधाम से निकलेगी रथयात्रा

# भगवान जगन्नाथ चले मौसी के द्वार



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** भगवान जगन्नाथ मंदिर बीरु में सोमवार को नेत्रदान अनुष्ठान परंपरा के अनुसार संपन्न हुआ। आज मंगलवार को रथयात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। इधर नेत्रदान अनुष्ठान के दौरान पुरोहित प्रदीप मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना करवाई। पूजा-अर्चना कर भगवान को भोग लगाया। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इधर मंदिर परिसर में मंगलवार को भंडारा का भी आयोजन किया गया है। जिसमें सभी श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया गया है। इधर रथयात्रा को लेकर पूरी तैयारी की गई है। रथयात्रा 3 बजे से निकलेगी। भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के साथ रथ पर विराजमान होकर मुख्य पथ से होते हुए बीरू चौक पहुचेंगे फिर मंदिर स्थित मौसीबाड़ी पहुंचेंगे। इस दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं के द्वारा रथयात्रा का स्वागत किया जाएगा। साथ ही भगवान की पूजा-अर्चना भी की जाएगी। इधर रथ की डोर को खींचने के लिए भी श्रद्धालुओं में होड़ रहेगी। इधर दिनेश्वर होता ने कहा कि भगवान जगन्नाथ जगत के पालनकर्ता है। उनकी कृपा से ही समस्त जीव-जंतुओं का पालन होता है। उन्होंने सभी श्रद्धालु जन से रथयात्रा महोत्सव में शामिल होने की अपील की है।

## बोलना थाना परिसर में रथ मेला को लेकर शांति समिति की बैठक

**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय स्थित थाना परिसर में रथ मेला लो लेकर शांति समिति की एक बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में समिति द्वारा प्रशासन को रथ मेला के कार्यक्रमो की जानकारी दी गई । इसके बाद प्रशासन की ओर से शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने , अफवाह पर ध्यान नहीं देने की बात कही गई । इसके साथ ही प्रशासन की ओर से भरतपुर सहयोग करने की बात कही गई । इस मौके पर बताया गया कि बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय में आगामी 22 जून को बोलबा बाजार टाँड़ स्थित जगरनाथ मंदिर रथ यात्रा शुरू होगी जो थाना मंदिर तक जाएगी । जिसमें उड़ीसा राज्य से रथ नृत्य मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा । जबकि समसेरा में 20 जून को रथ यात्रा निकाली जायेगी । जो बखरी टोली जगरनाथ मन्दिर से बड़का टोली चौक तक जायेगी जिसमें पाकरटाँड़ का पैंकी नृत्य मुख्य आकर्षक का केंद्र रहेगा । इस मौके पर बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज, अंचल अधिकारी बलिराम माँझी, थाना प्रभारी अरुनिष रोशन, पुलिस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि संचालन समिति एवं ग्रामीण मौजूद थे ।

## पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का 53 वां मनाया जन्म दिन



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी अन्य पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ कार्यालय पर सोमवार को एआईसीसी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सह कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य राहुल गांधी का 53 वां जन्मदिन बड़े धूमधाम से आयोजित किया। गया। जन्मदिन कार्यक्रम की अध्यक्षता कोडरमा ओबीसी जिलाध्यक्ष संतोष कुमार यादव की किया। जबकि मुख्य रूप से कोडरमा कांग्रेस के प्रथम पूर्व जिलाध्यक्ष निर्मल कुमार ओझा, झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव मनोज सहाय पिंकू उपस्थित हुए। श्री ओझा ने कहा कि कोडरमा के इतिहास में यह पहला मौका है जब हम इतने धूमधाम से अपने लोकप्रिय नेता राहुल गांधी के जन्मदिन पर गाजे-बाजे के साथ केक काटकर मिठाईयां बांटकर खुशी मना रहे हैं। प्रदेश सचिव सहाय ने कहा कि युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास ने प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं प्रदेश नेताओं के साथ कल झारखंड में खूंटी से उलिहातू तक 53 किलोमीटर की पदयात्रा कर राहुल गांधी को जन्मदिन की शुभकामना दी जबकि हम कोडरमा में 53 कांग्रेस जनों ने उपस्थित होकर ढोल नगाड़े के साथ नाच गान कर एवं केक काटकर अपने लोकप्रिय नेता राहुल गांधी को 53 वें जन्मदिन की बधाई दे रहे हैं और 2024 में देश के प्रधानमंत्री बनाने की शुभकामना दे रहे हैं।वरिष्ठ कांग्रेसी जिला परिषद सदस्य लक्ष्मण यादव, पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष गणेश स्वर्णकार एवं प्रदेश महिला कांग्रेस सचिव अर्चना कुमारी ने श्री राहुल गांधी के चित्र को केक खिलाकर जन्मदिन की शुभकामना दिया जबकि जन्मदिन कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महासचिव आशीष पांडेय, नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात कुमार राम, सतगावां प्रखंड अध्यक्ष विजय प्रसाद सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी सहोदर राम, कोडरमा नगर पंचायत अध्यक्ष राजू सिंह, महिला नेत्री आशा देवी, हदयानंद मिश्रा, अरविंद सेठ, उमेश साव, अल्पसंख्यक जिला महासचिव महताब आलम, युवा नेता सोनू वारसी, सोशल मीडिया प्रभारी भोला दास आदि उपस्थित थे।

## बोलबा लैम्प्स में बीज वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बोलबा।** कृषि विभाग सिमडेग द्वारा विरसा फसल उत्पादन बीज विनियम वितरण तथा फसल विस्तार योजना के अन्तर्गत 50 प्रतिशत अनुदान पर बीज वितरण बोलबा लैम्प्स लिमिटेड का विधिवत फीता काट कर उदघाटन बीडीओ उषा मिंज,अंचल अधिकारी बलीराम मांझी,बीसीओ रामायण सिंह 20 सूत्री अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि संजय कृषि पदाधिकारी,एटीएम समसेरा मुखिया सुरजन बडाईक,मालसाडा मुखिया विनोद बडाईक,व किसान सामुहिक रूप से किया।इस मौके पर किसानों के बीच बीज वितरण 50प्रतिशत अनुदान पर किया गया।किसानों को खेती के नये तौर तरीके,उन्नत कृषि यंत्र से कृषि कार्य,के गुर बी सी ओ द्वारा बताया गया।बी डी ओ ने भी सभी किसानों को समय पर खेती के लिए के सी सी श्रण लेकर खेती को ध्यान से करने को कहे।अंचल अधिकारी द्वारा भी कृषि पैदावार को बढाकर ही देश को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है।वहीं समसेरा मुखिया ने भी किसानों को सामूहिक चकबंदी खेती कर समृद्धि लाने की बात कहे।किसान श्रण माफी योजना के बारे,साथ ही पी एम निधि किसान योजना के बारे भी किसानों को अधिक से अधिक लाभ लेने की बात कहे।जेविय लकडा,केश्वचंद सिंह सहित कुछ किसानों द्वारा धान अधिप्राप्ति में पैसा नहीं मिलने की बात कहे।

## जलडेगा में लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन

**जलडेगा।** भारतीय जनता पार्टी कोलेबिरा विधानसभा लाभार्थी सम्मेलन जलडेगा मंडल मुख्यालय में मंडल अध्यक्ष मोतीलाल ओहदार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार में मंत्री रहे पूर्व विधायक बिमला प्रधान ने सम्मेलन में उपस्थित लाभार्थियों के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा 9 वर्षों के सेवा सुशासन और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ गरीब जनताओं को दिए हैं ।उन सारे उपलब्धियों को बताते हुए राज्य में वर्तमान सरकार के नाकामी को बहुत ही विस्तार से बताकर आने वाले 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव दोनों में कमल खिलाने की बातें कही। लाभार्थी सम्मेलन के मंच पर सम्बोधन करते हुए जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक जी ने भी सभी उपस्थित लाभार्थियों के बीच केन्द्र सरकार द्वारा दिए गए कल्याणकारी योजनाओं का समिक्षा करके संगठन को मजबूत करने और आने वाले लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा चुनाव में विजय प्राप्त करने हेतु बुथ जिताने की सुझाव दिया।

## डैम मरम्मत कार्य में गड़बड़ी ग्रामीणों ने बंद कराया काम



**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठाईटांगर।** प्रखंड कोरोमियां पंचायत में झापीगढ़ में जल संसाधन विभाग द्वारा मध्यम सिंचाई योजना डैम जीर्णोद्धार कार्य में घोर अनियमितता का मामला सामने आया है। जपलंगा के ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में अनियमितता का शिकायत करते हुए काम बंद करा दिया तत्पश्चात उन्होंने ठेठईटांगर पश्चिमी जिप सदस्य अजय एक्का के पास शिकायत करते हुए कहा कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का स्तेमाल किया जा रहा है.डैम के नहर निर्माण कार्य में जहां चिप्स से ढलाई करना चाहिए वहां मेटल से ढलाई किया जा रहा है, जोड़ाई कार्य में पर्याप्त सीमेंट भी नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि योजना गांव के लिए बन रहा है तो उपयोग होने जैसा बने लेकिन यहां तो ऐसा निर्माण कार्य हो रहा है कि एक बरसात भी सहन नहीं कर पायेगा। ग्रामीणों ने न्यूनतम मजदूरी दर से कम मजदूरी भुगतान का भी आरोप लगाया है। वहीं ठेठाईटांगर पश्चिमी जिप सदस्य अजय एक्का ने ग्रामीणों के शिकायत पर डैम जीर्णोद्धार कार्यस्थल पहुंचकर निरिक्षण किया जहां अनियमितता बरती गई है उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए कहा कि जो भी अनियमितता का शिकायत है मैं विभाग के उच्च अधिकारियों तक जरुर पहुंचाऊंगा और निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं होगा साथ ही मजदूरी भुगतान में भी सरकारी मानक का ध्यान रखा जाएगा।

## वज्रपात की चपेट में आने से दो की हुई मौत

**कोलेबिरा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत तेज आंधी तूफान और बारिश होने के कारण वज्रपात की चपेट में आने से कृष्णा मुंडा नामक 60 वर्षीय एक वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि उनकी पत्नी कलावती मुंडा उम्र लगभग 55 वर्ष एवं उनके दो पुत्र रितिक मुंडा उम्र 12 वर्ष एवं रोशन मुंडा उम्र 10 वर्ष भी वज्रपात के चपेट में आने से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार कृष्णा मुंडा एवं उनके परिवार के सभी सदस्य तेज आंधी तूफान और बारिश के दौरान अपने घर के एक कमरे में सभी सदस्य बैठे थे तभी उसी वक्त वज्रपात होने से मौके पर ही कृष्णा मुंडा की मृत्यु हो गई एवं उनके परिवार के सदस्य वज्रपात की चपेट में आने से घायल हो गए जिन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलेबिरा लाया गया जहां घायलों का इलाज डॉक्टर द्वारा किया गया इधर घटना की जानकारी मिलते ही पंचायत के मुखिया अंजना लकड़ा अस्पताल पहुंचकर घटना के बारे में जानकारी लिया। वही दूसरी ओर जानकारी मिलती है कि प्रखंड अंतर्गत और एक व्यक्ति जिसका नाम विष्णु केवट पिता रोपा केवट गांव डूमरडीह का भी वज्रपात से मौत हो गयी। जिसे लेकर उनके परिवार एवं गांव वालों में शोक की लहर है।

## लकड़ी मिस्त्रियों को मिला मधुमक्खी बक्सा बनाने का प्रशिक्षण

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर बीआरसी कार्यालय के प्रांगण में महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना के अंतर्गत मधुपालन करने के लिए उसका बक्सा बनाने के प्रशिक्षण प्रारंभिक ग्रामीण उधमिता कार्यक्रम के 10 लकड़ी मिस्त्रीयों के कार्य से जुड़े लाभुकों को राँची से आये अशोक के द्वारा मधु पालन के लिए बक्सा की आधारभुत संरचना बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही बॉक्स बनाकर दिखाया भी गया। सभी प्रखंडो में इस वर्ष 150-150 महिला किसानों के साथ मधुपालन के कार्य शुरू किये गए हैं।

## प्राइवेट स्कूल प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** प्राइवेट स्कूल्स एण्ड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन कोडरमा इकाई ने पूर्व जिला परिषद् अध्यक्षा श्रीमती शालिनी गुप्ता के नेतृत्व में उपायुक्त कोडरमा से मुलाकात कर उपायुक्त के हालिया आदेश के आलोक में अपना पक्ष रखा। ज्ञातव्य है कि उपायुक्त कोडरमा आदित्य कुमार रंजन ने निजी विद्यालयों की अर्हता-जांच हेतु 9 जून को एक नोटिस जारी किया था, जिसके तहत वैसे सभी स्कूल जिनको यू डायस नंबर आवंटित है और बिना यू डायस नंबर वाले दोनों श्रेणी के निजी विद्यालयों की प्रखण्डवार जांच की जानी है और अहताएं नहीं पूरा करने वाले विद्यालयों पर कार्रवाई की जा सकती है। ज्ञातव्य है कि अर्हताओं की लिस्ट में कुछ अर्हता बिंदु ऐसे हैं जिस पर लचीला और व्यावहारिक रुख अपनाने के लिए संघ ने शालिनी गुप्ता और पासावा अध्यक्ष डॉ. बी एन पी वर्णवाल की अगुवाई में उपायुक्त से मुलाकात की और प्राइवेट स्कूलों का पक्ष रखा। उपायुक्त महोदय ने इन सभी बातों को गंभीरता से सुना और आश्वस्त करते हुए सभी प्राइवेट स्कूल प्रबंधकों को जिला प्रशासन के साथ सहयोगात्मक दृष्टिकोण व आवश्यक नियमों का पालन करने हेतु बात कही और साथ ही उन्होंने प्राइवेट स्कूलों के योगदान की सराहना भी की। उपायुक्त महोदय ने कुछ गिने चुने प्राइवेट स्कूलों की गम्भीर कमियों को बताते हुए कहा कि जांच के उपरांत वैसे कुछ विद्यालयों को चिन्हित कर बंद करने का आदेश दिया जाएगा जो सरकारी कार्यों में सहयोग नही करते हैं, जिनके पास भौतिक परिवेश बिल्कुल अच्छा नही है जो मात्र दो तीन कमरों में चल रहे हैं, साथ ही जिनकी प्रशासन के प्रति असहयोग वाली मानसिकता है, ऐसे विद्यालयों पर अवश्य कारर्रवाई की जाएगी। श्रीमती शालिनी गुप्ता के द्वारा स्कूल एसोसिएशन (पासावा) को हर तरह से सहयोग करने की बात कही गई। श्रीमती गुप्ता ने एक अनौपचारिक बातचीत में कहा कि कोडरमा जिले में सरकारी स्कूलों का रिजल्ट बेहतर हुआ है और निजी विद्यालय तो शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ है। जिले के विभिन्न प्रखंडों से जिसमें प्रमुख रूप से सतगावां, जयनगर, मरकचो, कोडरमा, डोमचांच, तिलैया नगर तथा चंदवारा से आए विद्यालय संचालकों ने श्रीमती शालिनी गुप्ता के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

**दी बधाई** | विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर में मेधावी सह प्रतिभा सम्मान समारोह

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले छात्र हुए पुरस्कृत



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया इस दौरान मैट्रिक परीक्षा में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया ।जिला में आठवां स्थान सह विद्यालय टॉपर हर्ष कुमार महतो को 5000 वहीं द्वितीय स्थान प्राप्त संजय साहू को भी 5000 और तृतीय स्थान में सतीश लोहरा को 2000 का चेक देकर पुरस्कृत किया गया। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी छात्र छात्राओं को पुष्प गुच्छा देकर किया गया सम्मानित। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2023 में सिमडेगा जिले के टॉप टेन विद्यार्थियों की सूची में विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर लचरागढ़ के हर्ष कुमार महतो ने 91% अंक लाकर स्कूल टॉपर बने वहीं जिले के टॉप टेन की सूची में भी अपना नाम दर्ज कराया। वही द्वितीय स्थान संजय साहू 84.2%, तृतीय स्थान में सतीश लोहरा 81.6% को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। हर्ष कुमार महतो के स्कूल टॉपर और जिला टॉप टेन की सूची में नाम आने पर उनके परिजन और पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई।आपको बता दें कि हर्ष कुमार महतो के पिताजी तपेश्वर महतो शिक्षक हैं, उन्होंने बताया कि पहले ही उन्होंने अपने बेटे को 90 प्लस लाने का लक्ष्य दिया था। अपने मेहनत और लगन से पढ़ाई कर हर्ष कुमार ने अपने पिताजी और लचरागढ़ का नाम पूरे जिले में रोशन कर दिया। स्कूल टॉपर बनने पर हर्ष कुमार और सभी छात्र छात्राओं को विद्यालय की ओर से आगे की भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई। मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में प्रांतीय जिला निरीक्षक दीनबंधु सिंह, विशिष्ट अतिथि तपेशवर महतो, विधालय प्रबंधन के सचिव राजेश अग्रवाल, विधालय के प्रधानाचार्य संतोष दास आदि शामिल थे।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली इंफोसिस इंटरनेशनल चैलेंज प्रतियोगिता के लिए नीरज केसरी का किया गया चयन

# भारतीय टीम में शामिल किए गए नीरज को जिला बैडमिंटन संघ ने किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

अखिल भारतीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के अंडर-17 वर्ग में 10 वां एवं अंडर-19 में 39 वां स्थान लाने पर गढ़वा के नीरज केसरी को जिला बैडमिंटन संघ की ओर से सम्मानित किया गया। गढ़वा इंडोर स्टेडियम के प्रांगन में आयोजित समारोह में जिला बैडमिंटन संघ के पदाधिकारियों ने नीरज केसरी को सम्मानित किया।



**हम सभी गढ़वावासी व खेल प्रेमी गौरवान्वित :** इस मौके पर डॉ. पतंजलि केसरी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले इंफोसिस इंटरनेशनल चैलेंज प्रतियोगिता में नीरज का चयन किया गया है। इससे हम सभी गढ़वावासी एवं खेल प्रेमी गौरवान्वित हैं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भारतीय टीम की ओर से अंडर-17 वर्ग के लिए नीरज का चयन किया गया है, जो आगामी 20 जून से 27 जून तक लखनऊ में आयोजित की जानी है। इसके लिए हम सभी इनके सुखद भविष्य की कामना करते हैं । साथ ही उम्मीद करते हैं कि नीरज इस बार भी जीत हासिल कर देश का नाम रौशन करेंगे।

**सीमित संसाधन में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं यहां के खिलाड़ी :** ओंकारनाथ केसरी ने कहा कि गढ़वा के खिलाड़ी का चयन भारतीय टीम में हुआ है। यह गर्व की बात है। यहां के खिलाड़ी सीमित संसाधन में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। सुभाष केसरी ने कहा कि खेल के क्षेत्र में भी रोजगार की असीम संभावनाएं हैं। बच्चे का जिस क्षेत्र में रुचि हो अभिभावक उसे जाने दें। अपनी रुचि के अनुसार कार्य क्षेत्र का चयन करने पर हमारे लड़के या लड़कियां बेहतर कैरियर बना सकेंगी।

**खेल के क्षेत्र में झारखंड का नाम रोशन कर रहे हैं बच्चे :** हंसानंद स्वामी ने कहा कि खेल के क्षेत्र में झारखंड का नाम पहले से ही रोशन रहा है। झारखंड के महेंद्र सिंह धोनी ने हमारे प्रदेश का नाम पहले से ही रौशन कर दिया है। यहां के खिलाड़ी प्रेरणा लेकर मेहनत और सही मार्गदर्शन प्राप्त कर अपना और अपने क्षेत्र का नाम रौशन करें। इस मौके पर सरजू प्रसाद केसरी, नीरज श्रीधर स्वर्गीय, श्याम नारायण पांडेय, चंदन कुमार, विशाल कुमार, मनोज कुमार, दिनेश कुमार एवं संतोष कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

---

### भाजपा नेता ने उपायुक्त से की बीडीओ पर कार्रवाई की मांग

# ‘भ्रष्टाचारियों को कब तक बचाते रहेंगे कुछ अधिकारी’

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**



पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रामचंद्र केसरी ने जिला उपायुक्त को आवेदन देकर नगर उंटारी व सगमा प्रखंड के बीडीओ द्वारा किये गये भ्रष्टाचार की जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई कराने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि जांच नहीं होने से भ्रष्टाचारियों का मनोबल बढ़ रहा है। मनरेगा में जिला व राज्य स्तर से आवंटित राशि के विरुद्ध प्रखंडों द्वारा अत्यधिक सामग्री की राशि का भुगतान किया गया है। कहा कि दोनों प्रखंडों में 60 अनुपात 40 से अधिक का एफटीओ बनाकर चहेते आपूर्तिकर्ताओं के खाते में अधिक राशि डाली गई है।

आवेदन में कहा गया है कि उपायुक्त की ओर से तीन जांच टीम बनाई गई थी, लेकिन दो जांच टीम ने आज तक जांच नहीं की, जबकि एक टीम ने विधिवत जांच तो की है, लेकिन अभी तक रिपोर्ट जिला को समर्पित नहीं की है। उन्होंने कहा कि हमें जिला प्रशासन पर पूरा विश्वास है कि उच्च स्तरीय जांच टीम गठित कर मामले की जांच कराकर दोषी अधिकारियों को दंडित करने तथा दोनों प्रखंड की जनता को न्याय दिलाया जायेगा। उन्होंने कहा है कि उपविकास आयुक्त की अध्यक्षता में पुनः जांच टीम गठित की जाय तथा जांच के पूर्व आवेदनकर्ताओं को जांच की तिथि व जांच स्थल की सूचना पत्र के माध्यम से दिलाई जाय। उन्होंने कहा कि पशु शेड व अन्य योजनाओं की राशि हड़पने वाले नगर उंटारी व सगमा बीडीओ को कुछ अधिकारी कब तक बचाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि नगर उंटारी व सगमा बीडीओ द्वारा मनरेगा योजना में की गई गड़बड़ी की जांच के लिये उप विकास आयुक्त द्वारा छह सदस्यीय जांच टीम गठित की गई थी, जिसे 25 अप्रैल तक स्थल जांच करना था। वहीं सगमा प्रखंड अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं की जांच यथा मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, 15वें वित्त की जांच के लिये 14 व 15 जून की तिथि निर्धारित की गई थी। साथ ही पांच सदस्यीय जांच टीम बनाई गई थी, लेकिन जांच आजतक नहीं की गई। उन्होंने कहा कि जांच नहीं होने पर वे 14 जून को एसडीओ से मिले तो उन्हें जानकारी मिली कि अभी तक निदेशक डीआरडीए गढ़वा से जांच के लिये कोई सूचना प्राप्त नहीं है। जब वे अपने आवास पर लौटे तो उन्हें जानकारी दी गई कि डीआरडीए निदेशक आये हैं। तब मैंने कहा कि स्थानीय ग्रामीणों व आवेदकों को सूचना देकर जांच की जा सकती है। उन्होंने कहा कि बाद में हमें पता चला कि जांच टीम सगमा प्रखंड कार्यालय गई और बीडीओ से मिलकर वापस आ गई। कहा कि उक्त दोनों बीडीओ के कारनामे दैनिक अखबारों में छपते रहते हैं।

---

### लू लगने से 82 वर्षीय महिला की मौत

**डंडई।** थाना क्षेत्र के डंडई गांव में सोमवार को लू लगने से एक 82 वर्षीय वृद्ध महिला की मौत हो गई। मृतका का नाम मानमती कुंवर है । बताया जाता है कि मृतका सोमवार को दोपहर में विधवा पेंशन की राशि निकासी को लेकर बैंक गई थी। वहीं बैंक में भारी भीड़ होने के कारण वह अन्य महिलाओं के साथ बाजार समिति परिसर में बने शेड में बैठ गई। वह औरतों के साथ आपस में बात कर ही रही थी कि एकाएक पानी की मांग करने लगी। पानी लाने को लेकर मोहल्ले में लोगों के घर गई महिलाओं को आने तक उसकी मौत हो गई। उसके बाद घटना की जानकारी महिलाओं के द्वारा उनके परिजनों को दी गई। जानकारी मिलते ही आनन-फानन में स्थल पर पहुंचे। तत्पश्चात चारपाई के सहारे मृतिका के परिजनों के द्वारा उन्हें अपने घर ले जाया गया। मृतिका के पुत्र जद्दू राम ने बताया कि मेरी मां बिल्कुल स्वस्थ थी। उन्हें किसी भी तरह की कोई बीमारी नहीं थी। उन्होंने कहा कि सुबह का नाश्ता कर वह पेंशन की राशि लेने को लेकर बैंक गई थी। बताते चलें कि प्रखंड क्षेत्र में पिछले 10 दिनों से 42 डिग्री से लेकर 46 डिग्री तापमान चल रहा है। प्रचंड गर्मी से प्रखंड का पूरा जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है ।

---

# ग्रामीणों ने तरस्करी के लिए ले जा रहे 16 पशुओं को पकड़ा

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

थाना अंतर्गत सुंडी पंचायत के चन्दना जमुतिया आहार के समीप रविवार की देर रात ग्रामीणों ने पशु तस्करी के लिए ले जा रहे 16 गाय बैल को पकड़ा। सुबह मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार सिंह उर्फ राजा सिंह तथा बीडीसी पति सीताराम यादव की उपस्थिति में उक्त सभी पशुओं को ग्रामीणों में वितरण कर दिया गया।



ग्रामीणों ने बताया पिछले दो तीन माह से प्रखंड में बिहार के पशु तस्कर काफी सक्रिय थे। यूपी से गाय बैल खरीदकर करिवाडीह पंचायत के हुसरू होते हुए जंगल पार कर चंदना के जमुतिया आहार के पास सभी पशुओं को इकठ्ठा करते थे। एक दो दिन के अंतराल में रात में सोननदी पार कर बिहार ले जाते थे। इसकी जानकारी धीरे-धीरे गांव वालों को हो गई। पशु तस्कर को पकड़ने के लिए चंदना तथा पिपरा के ग्रामीण एक हो गए। इसी रास्ते से रविवार की रात्रि में व्यापारी लगभग 30 गाय-बैल लेकर बिहार की ओर जा रहे थे। चंदना तथा पिपरा के दर्जनों ग्रामीणों ने जमुतिया आहार के समीप के जंगल में पशुओं को पकड़ लिया। वहीं रात के अंधेरे का फायदा उठाकर पशु तस्कर भाग गए। इसके अलावा 14 गाय-बैल भी जंगल में भाग गए। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी मुखिया प्रतिनिधि सह भाजपा नेता राजेश कुमार सिंह उर्फ राजा सिंह, बीडीसी पति सीताराम यादव तथा लोगों को दी। सुबह सभी की उपस्थिति में छठु चौधरी, आलोक कुमार यादव, अशोक यादव, नरेंद्र सिंह, मनीष चंद्रवंशी, अगस्त यादव, उदय चौधरी, विनय यादव, रामेश्वर चौधरी के बीच सभी 16 पशुओं को वितरण कर दिया गया।

---

# बीजेपी का लाभार्थी सम्मेलन आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** केंद्र में बीजेपी के नौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में बीजेपी कार्यालय कुड़वा मोड में भाजपा सरकार द्वारा जनहित में किए गए प्रमुख जन कल्याण योजनाओं को लेकर लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिस का संचालन जिला महामंत्री श्याम सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री सह राष्ट्रीय प्रवक्ता वर्तमान में ( उत्तर प्रदेश ) इलाहाबाद पश्चिमी के विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह, प्रमंडलीय प्रभारी गणेश मिश्र, उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत विधायक पुष्पा देवी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर की। पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। लाभार्थी सम्मेलन में पाटन छतरपुर विधानसभा के सभी मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित हुए थे। सरकार के नव वर्ष की जन कल्याण योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। विधायक पुष्पा देवी ने वर्तमान राज्य सरकार के कामकाज के तरीकों की आलोचना की।

---

# रेलवे साइडिंग निर्माण को लेकर हुई बैठक विफल, ग्रामीणों ने किया विरोध

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा (चतरा)**


टंडवा थाना अंतर्गत आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र में रेलवे साइडिंग निर्माण को लेकर अंचलाधिकारी द्वारा सोमवार को मध्य विद्यालय सेरनदाग में आयोजित वनाधिकार समिति की बैठक पूरी तरह से विफल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व निर्धारित समयानुसार राजस्व कर्मचारी, अंचल निरीक्षक व सीसीएल के अधिकारी मौके पर पहुंचे, जहां जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने तीखा विरोध करते हुए बैठक का बहिष्कार कर दिया। ग्रामीणों की मानें तो पिछले 15 वर्ष पूर्व से अबतक कई बार समिति गठित हुई, बावजूद वन विभाग व अंचल कार्यालय की ओर से ना तो सूची और ना ही विभागीय पत्र उपलब्ध कराया जाता है। सीआइ सर्वेश सिंह व राजस्व कर्मचारी शिवकुमार मंडल ने बैठक को विफल बताया। वहीं राजस्व कर्मियों ने वनाधिकार समिति की जानकारी व समिति के सदस्यों को पहचानने से इंकार कर दिया। रेंजर मुक्ति प्रकाश पन्ना से समिति की सूची मांग की गई तो बताया कि उपलब्ध नहीं है। जबकि सीओ विजय दास ने बताया कि वे ग्रामीणों को वनाधिकार समिति की सूची शीघ्र उपलब्ध करा देंगे। ज्ञात हो कि आम्रपाली कोल परियोजना में रेलवे साइडिंग निर्माण को लेकर सेरनदाग में 49, बिंगलात में 46, पोकला में 50, कोयद में 115, होन्हें में 84, नौडीहा में 68 व सोपारम में 117 खाते की भूमि अपयोजित किया जाना है।

---

# जल नल पर उप प्रमुख ने दी नसीहत

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**

प्रखंड अंतर्गत फुलसु में पेयजल विभाग की ओर से चल रही जल नल योजना का उप प्रमुख निशा शहादेव ने सोमवार को निरीक्षण कर अनियमितता एवं धीमी गति से चल रहे कार्य पर नाराजगी व्यक्त करते हुए विभाग के संवेदक को गुणवत्तापूर्ण एवं नियम संगत काम करने की नसीहत दी। उप प्रमुख ने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सूचना दी गई थी कि गांव में जल नल योजना का कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं किया जा रहा है। कार्य धीमी गति से हो रहा है। इस भीषण गर्मी में पेयजल की समस्या काफी जटिल हो गई है। पिपराटोला में एक जलमीनार से 31 घरों को जोड दिया गया है, जिससे पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल रहा है। इससे भीषण गर्मी में ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इसी टोला में दूसरे जलमीनार से मात्र आठ घरों को जोड़ा गया है, जो नियम के खिलाफ है। विभाग के कनीय अभियंता से दूरभाष पर बात कर संवेदक को नियम संगत व गुणवत्तापूर्ण एवं तेज गति से कार्य करने की नसीहत दी गई है। ऐसा नहीं करने पर उच्च अधिकारियों से शिकायत की जांच कराई जाएगी।



---

## संक्षिप्त

### लू से लोग परेशान, पारा पहुंचा 43 डिग्री के पार

**चतरा/हंटरगंज/प्रतापपुर।** बीते एक सप्ताह से जिले के चतरा सदर, हंटरगंज, प्रतापपुर, कुंदा सहीत विभिन्न प्रखंड़ों में प्रचंड गर्मी पड़ रही है। दो-तीन दिन से तापमान 43 डिग्री सेल्सियस पहुंच जा रहा है। एक सप्ताह से न्यूनतम तापमान 29-30 डिग्री सेल्सियस पर चल रहा है। गर्मी का हाल यह है कि सुबह 10 बजे के बाद घर से निकलने की लोग हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। लू का असर दिनभर रहता है। दिन और रात के तापमान में विशेष अंतर नहीं है। सुबह 10 बजते ही दोपहर जैसा एहसास होने लगता है। प्रचंड गर्मी से न दिन में राहत है और न रात में। कूलर और पंखे बेअसर हो गए हैं। रविवार एवं सोमवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लू की मार से जनजीवन बेहाल होने लगा है। दोपहर तक बाजार पूरी तरह सन्नाटा रह रहा है। गर्मी के बीच हंटरगंज प्रखंड के पांडेयपुरा व आसपास के कई इलाकों में पानी और बिजली के संकट से लोग बेहाल हैं। बिजली कटने के साथ बिजली कटौती भी बढ़ गई है।

### फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**चंदवा।** लोहा चोरी मामले में फरार चल रहे आरोपी चकला निवासी अख्तर खान पिता सत्तार खान को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बबलु कुमार ने बताया कि अख्तर खान पर स्क्रैप चोरी को लेकर चंदवा थाना में मामला दर्ज है। सोमवार को उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर की चर्चा

**लातेहार।** भोला शरण डीएवी पब्लिक स्कूल में चर्चा-परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी दिल्ली के पब्लिक स्कूल्स-1 के निदेशक आर्य रत्न डॉ जेपी शूर ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। डॉ जेपी शूर के साथ झारखंड राज्य डीएवी पब्लिक स्कूल्स के जोन बी के सहायक क्षेत्रीय निदेशक एमके सिन्हा, जोन सी और जी के सहायक क्षेत्रीय निदेशक अरुण कुमार और जोन ए के सहायक क्षेत्रीय निदेशक ओपी मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम से पहले बीएस डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रभारी प्राचार्य प्रभात रंजन ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। मौके पर डीएवी पब्लिक स्कूल गांधीनगर, रांची के प्राचार्य एसके सिन्हा, डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातू रांची के प्राचार्य विनय कुमार पांडेय, एमके डीएवी पब्लिक स्कूल, डाल्टनगंज के प्राचार्य जीएन खान और डीएवी पब्लिक स्कूल, हेहल, रांची के प्राचार्य एसके मिश्रा व स्थानीय लाल आशीष नाथ शाहदेव आदि उपस्थित रहे।



---

### पहल — उपायुक्त ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर की अपील

# ‘मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम में करें सहयोग’

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**




समाहरणालय स्थित सभागार में सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह-उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम -2024 को लेकर बैठक हुई। बैठक में मान्यता प्राप्त सभी राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्ष और सचिव शामिल हुए। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी की ओर से बताया गया कि निर्वाचन आयोग ने 1 जनवरी 2024 को अहर्ता तिथि मानते हुए फोटो मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के संचालन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी है। मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन करने, दावा एवं आपत्ति दाखिल करने, दावा एवं अपत्ति निस्तार करने, मतदाता सूची में नाम जोड़ने का कार्य, शुद्धिकरण व मृत मतदाता का नाम हटाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम के अनुसार बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर इलेक्टोरल वेरिफिकेशन कार्य किया जाएगा। इस दौरान वैसे वोटर जिनकी मृत्यु हो गई है, उनका नाम हटाया जाएगा। साथ हीं 18 वर्ष के नए वोटर्स का नाम जोड़ा जाएगा एवं अन्य मतदाता सूची से संबंधित कार्य किए जाएंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे लोगों को जागरूक करने में अपना बहुमूल्य योगदान दें। लोगों को वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने या सुधार हेतु सहयोग एवं जागरूक करें। साथ हीं सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की सूची उपलब्ध कराने को कहा, जो बूथ पर बीएलओ को कार्य में सहयोग करेंगे। 21 जुलाई से 21 अगस्त तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा। इसमें 17 अक्तूबर से 30 नवम्बर 2023 तक यदि कोई दावा या आपत्ति हो तो उसे दर्ज कराया जा सकेगा। जिस-जिस घर का सर्वे होगा, उसकी पहचान के लिए घर के बाहर इस आशय का एक स्टीकर भी चिपकाया जाएगा। साथ ही सर्वे करने वाले इससे जुड़ा ब्योरा एक रजिस्टर में भी दर्ज करेंगे। इसका सत्यापन भी कराया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से विभिन्न राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष, उप निर्वाचन पदाधिकारी व अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

ज्ञान की बात

'दुनिया में अधिकांश लोग इसलिए असफल हो जाते हैं क्योंकि विपरीत परिस्थितियां आने पर उनका साहस टूट जाता है और वह भयभीत हो जाते हैं।'




# आंखें अनमोल धरोहर..

***हम*** सब की आंखें अनमोल हैं। इसकी सुरक्षा की जवाबदेही खुद हमारी होनी चाहिए। ये आंखें देखने की अनुमति देती हैं। वह हमारे आस-पास की दुनिया से प्रकाश लेकर मस्तिष्क को दृश्य भेजती हैं। शरीर का सबसे कोमल अंग आंख हैं। आंखों का काम सिर्फ देखना और देखे हुए संदेश को मस्तिष्क तक पहुंचाना होता है। शरीर की खूबसूरती में भी ये सहायक होती हैं। हमारी आंखें कुदरत का उपहार हैं। इसे संभाल कर रखना बहुत जरूरी है। ऐसे में कहा जा सकता है कि-- दिल मैं अपनी कम छोड़ कर,आंखों की तरफ रूख छोड़ूगां। तुम आंखों से सब पढ़ लो ना,मैं मुंह से सही बोलूं क्या। अर्थात हमारी आंखे हैं,तो जहान है,नहीं तो कुछ भी नहीं। कहने का अभिप्राय यह कि पिछले दिनों झारखंड के रिम्स में नेत्र रोग के विभागाध्यक्ष डा. राजीव कुमार गुप्ता प्रभारी निदेशक बनाये गये। पदभार संभालते ही उन्होंने रिम्स की चरमराई व्यवस्था को ठीक करने की सलाह सबको दी है। ऐसे में सहज समझा जा सकता है कि यहां की स्थिति कितनी खराब है। रिम्स में हर दिन करीब दो हजार मरीज ओपीडी में इलाज करने पहुंचते हैं। जबकि इनडोर में 1500 के आस-पास भर्ती रहते हैं। यहां कई राज्यों से मरीज आते हैं। लेकिन दुर्भाग्य इनकी उचित देखभाल नहीं हो पाती है। कारण पर्याप्त संख्या में डा. उपलब्ध नहीं हैं। यहां की सबसे बड़ी समस्या निजी प्रैक्टिस है। यही कारण है कि कम संख्या के बावजूद जो डा. हैं,वह अपनी प्रैक्टिस में सारा ध्यान देते हैं। स्वभाविक है कि ऐसे डाक्टर ईमानदारी पूर्वक सेवा नहीं दे रहे हैं। यह एक गंभीर समस्या है। इस पर अविलंब सरकार को ध्यान देना चाहिए। ऐसे में निजी प्रैक्टिस पर रोक लगनी चाहिए। दूसरी तरफ अस्पताल की, लचर व्यवस्था में सुधार लाना चाहिए। लाचार मरीज बड़ी आशा लेकर यहां आते हैं। ऐसे में डाक्टरों को उनके हालत पर तरस खानी चाहिए। कारण बहुत ऐसे आंख के मरीज हैं,जिन्हें आंख से कम दिखाई पड़ती है। ऐसे में आंख जैसे नाजुक मसले पर कोताही बर्दाश्त नहीं होनी चाहिए। पलामू के मेदिनीनगर के एक निवासी की बातों पर अगर यकीन किया जाये तो लोग हैरत में पड़ जायेगें। आंख का इलाज कराने अमुक व्यक्ति रांची गये। निजी अस्पताल में इनके आंख की पुतली का एक्सरे के लिए ड्राप डाला गया। कुछ घंटों तक आंख की रौशनी धुंधली हो गयी। उस समय ऐसा लगा कि दुनिया में मेरा कुछ भी नहीं है। हताशा और निराशा के कुछ घंटे के बाद आंख से स्पष्ट दिखाई देने लगी। उस समय की याद को साझा करते हुए अमुक व्यक्ति ने बतलाया कि आंख की सुरक्षा प्रत्येक व्यक्ति को सावधानी से करनी चाहिए। ऐसे में समझा जा सकता है कि आंख का पानी चिकित्सकों को भी होनी चाहिए। उन्हें पगार सरकार अगर देती है तो उसका वह ईमानदारी पूर्वक उसका पालन करें। निजी प्रैक्टिस उनका हक नहीं बनता है। ऐसे डा. गुप्ता के कामों में सहयोग कर राज्य के इस गौरवशाली रिम्स को बचाने की दिशा में आगे आयें। बहरहाल रिम्स से झारखंड के साथ बिहार, उत्तर प्रदेश छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल के मरीज अनवरत इलाज के लिए यहां आते हैं। ऐसी स्थिति में उनका ख्याल रखना हम सब की भी जवाबदेही है। खास कर रांची में आंख के कई ख्याति प्राप्त चिकित्सक मौजूद हैं। राष्ट्रीय फलक पर इन डाक्टरों की धमक है। उसमें डॉ. भारती कश्यप एक बड़ा नाम है। इनकी सेवा भावना से राष्ट्रपति ने भी नवाजा है। इस स्थिति में रिम्स की अच्छी व्यवस्था डाक्टरों के इन नामों से भी जुड़ा हुआ है।

**रिम्स में हर दिन करीब दो हजार मरीज ओपीडी में इलाज करने पहुंचते हैं। जबकि इनडोर में 1500 के आस-पास भर्ती रहते हैं। यहां कई राज्यों से मरीज आते हैं।**

# भारत की समृद्ध विरासत का संरक्षण



***भारत*** अपने समृद्ध इतिहास और सांस्कृतिक विविधता से परिपूर्ण देश है। देश में अनेक अत्यधिक महत्वपूर्ण प्राचीन स्थल और विरासत स्मारक मौजूद हैं। भारत सरकार ने देश की कालातीत और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के महत्व को स्वीकार किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने 'विकास भी विरासत भी' के नारे के तहत यह प्रयास किया है। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय ज्ञान प्रणालियों, परंपराओं और सांस्कृतिक लोकाचार को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के कार्य को अत्यधिक महत्व दिया है। सभ्यतागत महत्व के उपेक्षित स्थलों का पुर्नविकास करना सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक है। मई 2023 तक, सरकार द्वारा भारत की प्राचीन सभ्यता की विरासत को संरक्षित करने के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता दर्शाते हुए देश भर में तीर्थ स्थलों को कवर करने वाली 1584.42 करोड़ रुपये की लागत वाली कुल 45 परियोजनाओं को प्रसाद (पीआरएएसएडी) यानी (तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्धन अभियान) योजना के तहत अनुमोदित किया गया है। कई दशकों की उपेक्षा के बाद, भारत के लंबे सभ्यतागत इतिहास वाले विभिन्न स्थलों को संरक्षण, पुनरुद्धार और विकास परियोजनाओं के माध्यम से पुनर्जीवित किया गया है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और वाराणसी में कई अन्य परियोजनाओं ने शहर की गलियों, घाटों और मंदिर परिसरों को बदल दिया है। इसी तरह, उज्जैन में महाकाल लोक परियोजना और गुवाहाटी में मां कामाख्या कॉरिडोर जैसी परियोजनाओं से मंदिर आने वाले तीर्थयात्रियों के अनुभव को समृद्ध करने, उन्हें विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के साथ-साथ पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। एक ऐतिहासिक क्षण में, अगस्त 2020 में अयोध्या में राम मंदिर के लिए भूमिपूजन हुआ और एक भव्य मंदिर का निर्माण जोरों पर है। एक अन्य उल्लेखनीय प्रयास के तहत 825 किमी लंबी चारधाम सड़क परियोजना है, जो चार पवित्र धामों को निर्बाध बारहमासी सड़क संपर्क प्रदान करती है। प्रधानमंत्री ने इससे पहले 2017 में केदारनाथ में पुर्ननिर्माण और विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी थी, जिसमें आदि शंकराचार्य की समाधि भी शामिल थी, जो 2013 की विनाशकारी बाढ़ में तबाह हो गई थी। नवंबर 2021 में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केदारनाथ में श्री आदि शंकराचार्य की समाधि पर उनकी मूर्ति का अनावरण किया था। इसके अतिरिक्त, गौरीकुंड को केदारनाथ और गोविंदघाट को हेमकुंड साहिब से जोड़ने वाली दो रोपवे परियोजनाएं पहुंच को और बढ़ाने और भक्तों की आध्यात्मिक यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए तैयार हैं। सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के लिए सरकार के समर्पण के एक और उदाहरण में, प्रधानमंत्री ने गुजरात के सोमनाथ में कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, जिसमें सोमनाथ प्रोमेनेड, सोमनाथ प्रदर्शनी केंद्र और पुराने (जूना) सोमनाथ के पुनर्निर्मित मंदिर परिसर शामिल हैं। इसी तरह, करतारपुर कॉरिडोर और एकीकृत चेक पोस्ट का उद्घाटन एक महत्वपूर्ण अवसर था, जिससे श्रद्धालुओं के लिए पाकिस्तान में पवित्र गुरुद्वारा करतारपुर साहिब में मत्था टेकना आसान हो गया। हिमालयी और बौद्ध सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण करना भी सरकार के प्रयासों में विशेष रूप से शामिल है। स्वदेश दर्शन योजना के हिस्से के रूप में, सरकार ने भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाने वाले विषयगत सर्किट विकसित करने के उद्देश्य से 76 परियोजनाएं शुरू की हैं। बौद्ध

**कई दशकों की उपेक्षा के बाद, भारत के लंबे सभ्यतागत इतिहास वाले विभिन्न स्थलों को संरक्षण, पुनरुद्धार और विकास परियोजनाओं के माध्यम से पुनर्जीवित किया गया है।**

**इन दिनों**

सर्किट के लिए विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जिससे भक्तों के लिए बेहतर आध्यात्मिक अनुभव सुनिश्चित हुआ है। 2021 में, कुशीनगर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन किया गया, जिससे महापरिनिर्वाण मंदिर तक आसानी से पहुंचा जा सके। पर्यटन मंत्रालय उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, गुजरात और आंध्र प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में बौद्ध सर्किट के तहत सक्रिय रूप से स्थलों का विकास कर रहा है। इसके अलावा, नरेंद्र मोदी ने मई 2022 में नेपाल के लुंबिनी में तकनीकी रूप से उन्नत भारत अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संस्कृति और विरासत केंद्र की आधारशिला रखी थी, जो बौद्ध विरासत और भारत की सांस्कृतिक विविधता के संरक्षण और संवर्धन के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को उजागर करता है। पुरावशेषों की वापसी के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विरासत को भी महत्वपूर्ण बढ़ावा मिला। 24 अप्रैल, 2023 तक, भारतीय मूल के 251 अमूल्य पुरावशेषों को विभिन्न देशों से वापस प्राप्त किया गया है, जिनमें से 238 को 2014 के बाद से वापस लाया गया है। भारत के अमूल्य पुरावशेषों की वापसी देश के सांस्कृतिक खजाने की सुरक्षा और पुनः प्राप्ति के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का एक सशक्त प्रमाण है। हृदय (हेरिटेज सिटी डेवलपमेंट एंड ऑग्मेंटेशन योजना) योजना के तहत 12 विरासत शहरों का विकास एक असाधारण विरासत के संरक्षक के रूप में खुद को स्थापित करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भारत प्रभावशाली 40 विश्व विरासत स्थलों का दावा करता है, जिनमें से 32 सांस्कृतिक हैं, 7 प्राकृतिक हैं, और 1 मिश्रित श्रेणी के अंतर्गत है, जो भारत की विरासत की विविधता और समृद्धि को प्रदर्शित करता है। पिछले नौ वर्षों में ही विश्व विरासत स्थलों की सूची में 10 नये स्थलों को जोड़ा गया है। इसके अतिरिक्त, भारत की अस्थायी सूची 2014 में शामिल 15 साइटों से बढ़कर 2022 में 52 हो गई है, जो भारत की सांस्कृतिक विरासत की वैश्विक मान्यता और बड़ी संख्या में विदेशी यात्रियों को आकर्षित करने की क्षमता का संकेत है। भारत की सांस्कृतिक समृद्धि को महीने भर चलने वाले काशी तमिल संगमम के माध्यम से भी प्रदर्शित किया गया - जो कि उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य तमिलनाडु और काशी के बीच सदियों पुराने संबंधों का जश्न मनाना, देश के शिक्षण के 2 सबसे महत्वपूर्ण स्थानों फिर से पुष्टि करना और उन्हें खोजना है। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से, सरकार एक भारत श्रेष्ठ भारत के विचार को सशक्त रूप से बढ़ावा देती है, जिसका उद्देश्य देश की संस्कृति का जश्न मनाना है। हाल ही में, देश भर के सभी राज्यों के सभी राजभवनों द्वारा राज्य दिवस मनाने का निर्णय भी एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को उजागर करता है। इन सभी महत्वाकांक्षी परियोजनाओं और पहलों के माध्यम से, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण से निर्देशित भारत सरकार ने देश की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने और संरक्षित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। वे देश की समृद्ध संस्कृति के प्रति गहरी जागरूकता और इसकी विरासत को संरक्षित करने की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। सरकार का उद्देश्य भारत के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक खजाने की रक्षा और प्रचार करके, भारतीय इतिहास और संस्कृति की वर्तमान और भावी पीढ़ियों की समझ को समृद्ध करना है। अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की बढ़ती संख्या को आकर्षित करने की क्षमता और विरासत स्थलों को पुर्नजीवित करने के चल रहे प्रयासों के साथ, भारत की प्राचीन सभ्यता और सांस्कृतिक परंपराएं वैश्विक मंच पर चमकती रहेंगी।

**नानू भसीन, अपर महानिदेशक, और ऋतु कटारिया, सहायक निदेशक। दोनों लेखिकाएं पत्र सूचना कार्यालय, भारत सरकार की अधिकारी हैं। रिसर्च यूनिट, पीआईबी से इनपुट।**

**बोधि वृक्ष**

## आईये सुने भगवान लक्ष्मण की कथा

***तब*** सीता मां बोली मेरे तो राम कथा सुनने का नियम हैं राम कथा सुनने के बाद ही में फल ग्रहण करूंगी। तब रामजी बोले मुझे कथा सुनादो , लक्ष्मण जी बोले मुझे सुनादो तब माँ सीता बोली ओरत की बात ओरत सुने आप मेरे पति हो , आप मेरे देवर हो आपसे कैसे कहूँ । तब लक्ष्मणजी ने सोचा इस जंगल में कौन ओरत मिलेगी तब लक्ष्मण जी ने अपनी माया से एक नगरी का निर्माण किया उस नगरी में सब सुख सुविधाओ से युक्त थी उस नगरी में सब चीजे सोने की थी इसलिये नगरी का नाम सोन नगरी रखा। सभी नगर निवासियों को घमंड हो गया उस नगरी में कोई गरीब नहीं था। जब सीता जी कुंवे पर पानी लेने गई और पनिहारिनो से राम राम किया तो कोई नहीं बोली थोड़ी देर में एक छोटी कन्या आई सीता जी उससे राम राम बोली और कहा की बाई राम कथा सुनेगी क्या तब वह बोली मेरे तो घर पर काम हैं सीता जी ने कहा मेरे पति राम और देवर लक्ष्मण भूखे हैं , तब लडकी बोली मेरी माँ मेरा इंतजार कर रही हैं वह लडकी वहां से जानी लगी तब माँ सीता के क्रोध से सारी नगरी साधारण सी हो गई जब लडकी घर गई तो माँ बोली बाई ये क्या हुआ। तब लडकी बोली मेरे को तो पता नहीं हैं। वहां पर एक साध्वी बैठी थी मुझे राम कथा सुनने के लिए बोली पर में तो कथा नहीं सुनी। यदि उसने कुछ किया हो तो पता नहीं। तब उसकी माँ ने उसको वापस जाकर कथा सुनने को कहा , लडकी ने वापस जाकर कथा सुनने से मना कर दिया तब उसकी बहु बोली आपकी आज्ञा हो तो में कहानी सुन कर आती हूँ। जब बहु कुंवे पर गई तो पानी भरे और खाली करे तब सीताजी ने कहा आपके घर पर कुछ काम नहीं हैं क्या ?तब वह बोली माताजी में तो सारा काम करके आई हूँ तब माँ सीता बोली तू मुझे माँ कहकर बुलाई यदि तुझे समय हो तो मेरी राम कहानी सुन लेगी तब वह बोली माताजी कहानी सुनाओ मैं प्रेम से कहानी सुनूंगी ।

*(क्रमशः)*

# मेडिकल टूरिज्म व भारत पर बढ़ता भरोसा



डॉ. राजेश प्रसाद शर्मा

***मेडिकल*** टूरिज्म के क्षेत्र में भारत आज दुनिया के देशों का पसंदीदा डेस्टिनेशन बनता जा रहा है। भारत की इस क्षेत्र में शीर्ष 6 देशों में गिनती होने लगी है। दरअसल चिकित्सा क्षेत्र में भाारत ने विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवा को लेकर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। हमारे देश के 38 चिकित्सा संस्थानों को जेसीआई द्वारा मान्यता प्राप्त है तो चैन्नई, मुंबई, बेंगलुरु, अहमदाबाद और दिल्ली मेडिकल टूरिज्म के क्षेत्र में अपनी इंटरनेशनल पहचान बना चुके हैं। आज बेंगलुरु आईटी राजधानी के साथ ही वेलनेस सेंटर के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। एक मोटे अनुमान के अनुसार चिकित्सा, तंदुरुस्ती और आईवीएफ चिकित्सा के लिए दुनिया के 78 देशों से दो मिलियन लोग उपचार के लिए हर साल आने लगे हैं। 2020 में भारत में चिकित्सा पर्यटन क्षेत्र से करीब नौ बिलियन अमेरिकी डॉलर की आय हुई है तो इस क्षेत्र के विशेषज्ञों के अनुसार 2026 तक मेडिकल टूरिज्म के क्षेत्र से लगभग डेढ़ गुणा 13 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है। देखा जाय तो मेडिकल टूरिज्म के क्षेत्र में भारत के आकर्षण का केन्द्र बनने के कई प्रमुख कारण है। एक तो भारत में चिकित्सा सेवाएं जिसमें मेडिकल और पैरामेडिकल दोनों सेवाएं सस्ती होने के साथ ही इंटरनेशनल लेवल की हैं। दूसरी यह कि भाषा को लेकर भी कोई समस्या नहीं हैं क्योंकि भारत के चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोग धाराप्रवाह अंग्रेजी बोल भी लेते हैं तो समझते भी हैं। इसके साथ ही चिकित्सा के क्षेत्र में भारत की परंपरागत छवि का भी सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। अब आवश्यकता इस इमेज को बनाये रखते हुए इस क्षेत्र का दोहन करते हुए अधिक से अधिक लोगों को आकर्षित कर विदेशी आय भी प्राप्त करना है। देखा जाय तो भारतीय डॉक्टरों की इंटरनेशनल स्तर पर अपनी पहचान है। आज दुनिया के देशों में खासतौर आईपीडी देशों में 75 हजार भारतीय डॉक्टर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इनमें से 15 हजार से अधिक डॉक्टर्स तो अमेरिका में ही अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसी तरह से भारतीय पैरामेडिकल कार्मिक खासतौर से नर्सिंग क्षेत्र में अपनी अलग ही पहचान रखते हैं। एक समय था जब केरल की नर्सों की दुनिया के अधिकांश देशों में मांग देखी जाती थी। आज भी भारतीय मेडिकल और पैरामेडिकल क्षेत्र से जुड़े लोगों के व्यवहार, कार्यशैली, काम के प्रति प्रतिबद्धता और उच्च नैनिक मानदंडों की पालना के कारण सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। जब विदेशों में ही भारत के मेडिकल क्षेत्र से जुड़े लोगों की अलग पहचान है तो दूसरी ओर देश के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों ने अपनी सेवाओं के बदौलत पहचान बनाई है। विदेशियों के भारत में मेडिकल टूरिज्म के प्रति आकर्षण के अन्य कारणों के साथ ही भारत की समग्र चिकित्सा पद्धति भी एक कारण है। आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, होम्योपैथी, यूनानी, तिब्बती और सिद्ध पद्धति की चिकित्सा सुविधा में विशेषज्ञता हासिल होने से लोग भारत को प्राथमिकता देने लगे हैं। अन्य देशों की तुलना में हमारे यहां चिकित्सा सुविधाएं सस्ती हैं तो सेवाएं भी इंटरनेशनल स्तर की होने से लोग आकर्षित होने लगे हैं। एक ही स्थान पर बहुआयामी चिकित्सा सुविधा प्राप्त हो जाती है। देखा जाए तो आज दुनिया के देशों में मानसिक बीमारियों की अधिकता है और भारतीय परंपरागत चिकित्सा पद्धति और योग ध्यान आदि के माध्यम से मानसिक विकारों का आसानी से इलाज हो सकता है। योग के महत्व को तो अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकारा जा चुका है। इसके साथ ही आधुनिकतम चिकित्सा पद्धति में भी भारतीय चिकित्सकों को महारत हासिल होती जा रही है। अभी हाल ही में कोविड के दौरान भारत ने जिस तरह से दवा और टीके उपलब्ध कराकर दुनिया के देशों में अपना लोहा मनवाया है उससे लोगों का और अधिक विश्वास बढ़ा है।

**आज दुनिया के देशों में खासतौर आईपीडी देशों में 75 हजार भारतीय डॉक्टर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इनमें से 15 हजार से अधिक डॉक्टर्स तो अमेरिका में ही अपनी सेवाएं दे रहे हैं।**

**देश-विदेश**

**फोटो की दुनिया**



**फेसबुक वॉल से**

जब तक मंज़िल नहीं मिल जाती ,
उस तरफ कदम बढ़ाना है
मेहनत इस शिद्दत से हो
कि हार को भी हराना है

# सामाजिक एकता बढ़ायेगा समान कानून



सुरेश हिन्दूस्थानी

***वर्तमान*** में समान नागरिक कानून की चर्चा बहुत ज्यादा है। होना भी चाहिए, क्योंकि विश्व के अधिकांश देश समान कानून की अवधारणा को स्वीकार करते हैं। आज जो देश विश्व की महाशक्ति मानने का साहस रखते हैं, उन सभी देशों में कानून के नाम पर कोई समझौता नहीं किया जाता। भारत में कानून के नाम पर जो प्रावधान हैं, उनमें कई प्रकार की खामियां देखने को मिलती हैं। जो समाज में असमानता का भाव पैदा करने वाले कहे जा सकते हैं। विसंगति यह है कि मुस्लिमों के लिए जो पर्सनल कानून बनाये गये हैं, वे सामाजिक उत्थान और मुसलमानों को राष्ट्र की मुख्य धारा में लाने का ही एक प्रयास था, लेकिन इसका परिणाम क्या हुआ है, यह हम सभी के सामने है। मुस्लिम समाज का कुछ वर्ग देश की वास्तविकता से परिचित होना नहीं चाहता। इतना ही नहीं वह अभी तक भारत के उन संस्कारों से समरस नहीं हो सका है, जो मुगलों और अंग्रेजों से पहले से चले आ रहे हैं। भारत के मुसलमानों के बारे में सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि यह मुसलमान सनातन काल से भारत के ही हैं। वह अपना इतिहास खोजेंगे तो उन्हें इसके प्रमाण भी मिल जायेंगे। आज कई मुस्लिम अपने पूर्वजों द्वारा की गई गलतियों को सुधारने का प्रयास भी करने लगे हैं। वसीम रिजवी और जफर शेख ने इस पहल को गति देने का कार्य किया है। अभी मुस्लिम समाज को सुबह का भूला निरूपित किया जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी, लेकिन यकीनन वो शाम भी आ रही है, जिसमें सब घर लौटने की कवायद करेंगे। समान नागरिक संहिता को लेकर कुछ संस्थाओं द्वारा यह प्रचारित करने का प्रयास किया जा रहा है कि यह कानून भारत के मुस्लिमों के विरोध में है। जबकि इस पर गंभीरता पूर्वक मंथन किया जाए तो समान नागरिकता कानून मुस्लिमों के लिए बड़ा हितकारक ही सिद्ध होगा। हम जानते हैं कि आज देश का बहुत बड़ा मुस्लिम समाज मुख्य धारा से कटा हुआ है। इसके पीछे एक मात्र कारण देश की राजनीति को माना जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। देश को स्वतंत्रता मिलने के बाद राजनीतिक दलों ने मुस्लिमों के वोट प्राप्त करने के लिए तमाम तरीके से प्रलोभन देने का काम किया, यही प्रलोभन मुस्लिम समाज के विकास में बाधक बनकर सामने दिखाई दिया। अगर सारे समाज के लिए देश में एक समान कानून बन जायेगा तो स्वाभाविक रूप से समाज में भेदभाव भी समाप्त होगा, जो अपरिहार्य भी है। इसलिए अब देश के मुस्लिम समाज को स्वयं ही समान नागरिक संहिता लागू करने की मांग करना चाहिए, जो न्यायोचित कदम होगा। वर्तमान में हम देख रहे हैं कि कुछ लोग समान नागरिक कानून का विरोध कर रहे हैं, जबकि मुस्लिम समाज की महिलाएं इस कानून के समर्थन करने के लिए आगे आ रही हैं। समान नागरिक कानून समान व्यवहार करने वाला ही साबित होगा। ऐसा किया जाना इसलिए भी आवश्यक है, क्योंकि निजी कानूनों के चलते समाज में भेदभाव की खाई लगातार गहरी होती जा रहा है। दिल्ली हाई कोर्ट ने एक बार तलाक के एक प्रकरण में सुनवाई करते हुए स्पष्ट किया था कि समान नागरिक संहिता समय की जरूरत है। हम जानते हैं कि गोवा में समान नागरिक संहिता लागू है और इस राज्य के किसी भी वर्ग को किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। उत्तराखंड में इसे लागू करने की प्रक्रिया चल रही है। गोवा में समान नागरिक संहिता के होने से समाज को किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है।

**भारत के मुसलमानों के बारे में सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि यह मुसलमान सनातन काल से भारत के ही हैं। वह अपना इतिहास खोजेंगे तो उन्हें इसके प्रमाण भी मिल जायेंगे।**

**एकता**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

NEWS इन ब्रीफ

### राजगढ़ः दो लाख की स्मैक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**राजगढ़।** जिले के खिलचीपुर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रविवार की रात ग्राम सड़ियाकुआ स्थित शासकीय स्कूल के समीप से घेराबंदी कर दो युवकों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से जेब में रखी 22 ग्राम स्मैक जब्त की, जिसकी कीमत दो लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया। एसआई एलएस भाटी के अनुसार रविवार की रात ग्राम सड़ियाकुआ स्थित शासकीय स्कूल के समीप से घेराबंदी कर रामप्रसाद (40) पुत्र मानसिंह तंवर निवासी कुशलपुरा थाना भोजपुर और जयप्रकाश (24) पुत्र रामसिंह सेन निवासी लसुड़ल्या थाना कुरावर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से जेब में रखी 22 ग्राम स्मैक जब्त की, जिसकी कीमत दो लाख रुपये है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर पूछताछ शुरू की।

### औरंगाबाद में तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत

**औरंगाबाद।** बिहार के औरंगाबाद जिले जम्होर में एक साथ तीन बच्चों की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस के मुताबिक यह हादसा औरंगाबाद जिले के जम्होर का है।यहां खेल-खेल में गोपाल यादव का 6 वर्षीय बेटा आयुष और 4 वर्षीय पियूष के साथ ही गोविंद यादव का 5 वर्षीय बेटा तेजस्वी यादव तालाब में जमे नाले की पानी में सोमवार को चला गया और डूब गया।
सूचना के बाद परिवार और गांव के लोग दौड़े दौड़े तालाब के पास आये और तीनो बच्चों को जम्होर अस्पताल लेकर पहुंचे।स्थानीय चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद उसे रेफर कर दिया। परिजन तीनों बच्चों को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरों ने तीनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया।बच्चों की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया।सूचना के बाद पहुंची पुलिस छानबीन में जुट गई है।

### प्रदेश के सभी शक्ति केन्द्रों पर 21 जून को योगाभ्यास करेगी भाजपा

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 21 जून को योग दिवस पर उत्तर प्रदेश के सभी 27 हजार 634 शक्ति केन्द्रों पर योग दिवस का कार्यक्रम करेगी। इसके अलावा प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में स्थानीय सांसद व विधानसभा स्तर पर विधायक के नेतृत्व में एक बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें कार्यकताओं के अलावा स्थानीय नागरिकों की सहभागिता रहेगी।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर कार्य करते हुए 09 वर्ष का सफलतम कार्यकाल पूर्ण किया है। इस अवसर पर भाजपा महाजनसंपर्क अभियान चला रही है। इसके तहत पार्टी ने कई प्रकार के कार्यक्रमों की रचना बनाई है।

### अवैध बालू उत्खनन के दौरान धसना में दबकर मजदूर की मौत

**भागलपुर।** जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के प्रतिबंधित चांदन नदी से अवैध बालू खनन के दौरान धसना गिरने से धसना में दबकर एक मजदूर की मौत हो गई। जबकि 2 मजदूर जख्मी हो गए हैं। पुरैनी रेलवे पुल के निकट चांदन नदी के किनारे गहारा गड्ढा खोदकर अवैध रूप से बालू उत्खनन करने के दौरान सोमवार को धसना गिर गया। जिसमें दबकर एक मजदूर फतेहपुर गांव निवासी 50 वर्षीय मनोज तांती की मौत हो गई एवं इसी गांव के विक्रम तांती एवं दीपक घायल हो गए।

## मुख्यमंत्री योगी ने राज्य में लू की स्थिति को लेकर की समीक्षा, कहा

# हर स्तर पर हो बचाव के पुख्ता प्रबंध



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में गर्मी के बढ़ते असर को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को यहां शासन के अधिकारियों के साथ हीटवेव(लू) की समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि हर स्तर पर बचाव के पुख्ता प्रबंध किये जाएं। हीटवेव (लू) के लक्षणों और उससे बचाव के लिए आमजन को जागरूक किया जाए। पेयजल का कहीं भी अभाव न हो, बीमारी स्थिति में तत्काल चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाए और लोगों को बचाव के लिए मौसम का पूवार्नुमान जारी किया जाए। मुख्यमंत्री ने प्राणि उद्यानों से लेकर गोशालाओं में पानी की व्यवस्था के निर्देश दिए हैं।
उच्च स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विगत कुछ दिनों से प्रदेश के विभिन्न जिलों में भीषण गर्मी-लू का प्रकोप देखा जा रहा है। ऐसी स्थिति में आम जनजीवन और पशुधन, वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए हर स्तर पर पुख्ता प्रबंध किए जाएं।
मुख्यमंत्री योगी ने हीटवेव (लू) के लक्षणों और उससे बचाव के लिए आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए, साथ ही उन्होंने कहा कि बीमारी की स्थिति में हर किसी को तत्काल चिकित्सकीय सुविधा मुहैया कराया जाय। अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों में हीट-वेव से प्रभावित लोगों का तत्काल इलाज हो तथा राहत आयुक्त कार्यालय के स्तर से मौसम पूवार्नुमान का दैनिक बुलेटिन जारी किया जाए।
नगर निकायों, ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ रखवाए जाएं। बाजार, मुख्य मार्गों पर जगह-जगह पेयजल की व्यवस्था हो। इस कार्य में सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाना चाहिए। सड़कों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराया जाए। पानी की कमी से अत्यधिक प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से आपूर्ति कराई जाए। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के बीच पशुधन और वन्य जीवों की सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाना आवश्यक है। सभी प्राणि उद्यानों, अभयारण्यों में हीट-वेव एक्शन प्लान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। पशुपालक कृषकों को हीट वेव की स्थिति में सुरक्षित रखने के पुख्ता इंतजाम हों। गोशालाओं में पशुओं के चारे और पानी की उचित व्यवस्था हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरों में पेयजल की आपूर्ति निर्धारित रोस्टर के अनुरूप की जाए। सभी हैंडपम्प को क्रियाशील रखा जाए, ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं का सुचारू संचालन किया जाए। सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ का संचालन एक पुनीत कार्य, गोवंश, श्वान आदि के लिए सार्वजनिक स्थानों पर पानी एवं छाया की व्यवस्था की जानी चाहिए। पक्षियों के लिए छोटे बर्तनों में पानी एवं दाना रखने के लिए आम जन को जागरूक करें।
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि तेज गर्मी, लू का मौसम चल रहा है। ऐसे में गांव हो या शहर, कहीं भी अनावश्यक बिजली कटौती न हो। जरूरत हो तो अतिरिक्त बिजली खरीदने की व्यवस्था करें। ट्रांसफार्मर जलने, तार गिरने जैसी समस्याओं का बिना विलंब निस्तारण किया जाए। इस विशेष बैठक में मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य, प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा, अपर मुख्य्य सचिव वन, प्रमुख सचिव राजस्व, राहत आयुक्त समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## चुनाव आयुक्त के खिलाफ हाई कोर्ट में अवमानना का मामला

**एजेंसी। कोलकाता**
राज्य निर्वाचन आयोग के खिलाफ विपक्ष ने अवमानना का आरोप लगाते हुए हाईकोर्ट में याचिका लगाई गई है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने केंद्रीय बल को राज्य में आगामी पंचायत चुनावों में सुरक्षा के लिए शनिवार तक नियुक्ति को कहा है। विपक्ष का आरोप है कि समय सीमा बीतने के बाद भी निर्देश पर अमल नहीं किया गया है। राज्य के विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी और कांग्रेस नेता अबू हशम खान चौधरी उर्फ डालू ने सोमवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय में मामला दायर किया। चीफ जस्टिस टी. एस. शिवगणनम ने याचिका की इजाजत दे दी है। साथ ही मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि आयोग ने हाईकोर्ट के आदेश को लागू नहीं किया है, उन्हें भी समाचार पत्र के माध्यम से पता चला। कलकत्ता हाई कोर्ट ने आदेश दिया कि राज्य के सभी जिलों में केंद्रीय बलों की सुरक्षा में मतदान कराया जाए। गुरुवार को राज्य निर्वाचन आयोग से 48 घंटे के अंदर केंद्रीय बलों के लिए गृह मंत्रालय को आवेदन देने को कहा था। वह समय सीमा शनिवार को समाप्त हो गई लेकिन राज्य निर्वाचन आयोग ने रविवार तक उस आदेश का पालन नहीं किया। इसके बजाय, राज्य चुनाव आयोग ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और कहा कि हाईकोर्ट द्वारा दिए गए आदेश को लागू करना संभव नहीं है क्योंकि, राज्य चुनाव में सुरक्षा का मुद्दा देखता है। यह अनुरोध करना आयोग का काम नहीं है।
इधर, हाई कोर्ट में दाखिल याचिका पर चीफ जस्टिस ने कोर्ट में टिप्पणी की, मुझे अखबार के माध्यम से पता चला है कि आदेश लागू नहीं किया गया है। यदि आप मुकदमा दर्ज करना चाहते हैं, तो कृपया ऐसा करें। लेकिन आपको जल्दी क्यों सुनवाई चाहिए? कोर्ट सूत्रों के मुताबिक मामले की सुनवाई बुधवार को होने की संभावना है।

## ललन सिंह ने पूछा- 'मन की बात' में मणिपुर की बात क्यों नहीं



**एजेंसी। पटना**
जनता दल यूनाइटेड ने सोमवार को मणिपुर में हिंसा सहित कई मुद्दों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके 'मन की बात' के बहाने घेरा है। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा कि समय निकट है और जनता सब का हिसाब लेगी। ललन सिंह ने ट्वीट में प्रधानमंत्री को संबोधित करते हुए लिखा कि आखिर आपके 'मन की बात' में मणिपुर के हित की बात, मणिपुर और देशभर में सामाजिक सौहार्द एवं शांति की बात, युवाओं के हित की बात, महंगाई की बात, बेरोजगारों के हित की बात क्यों नहीं आती है?
उन्होंने कहा कि मणिपुर भारत में ही है, वहां भी डबल इंजन वाली भाजपा सरकार है। महीनों से जो मणिपुर हिंसा की आग में जल रहा है, देश के प्रधानमंत्री के 'मन की बात' में यह क्यों नहीं आती। समय निकट है, देश की जनता सब का हिसाब लेगी। दरअसल, मणिपुर में तीन मई को ये हिंसा तब शुरू हुई जब मैतेई समुदाय को जनजाति का दर्जा दिए जाने की मांग के खिलाफ राज्य के कुकी समेत दूसरे जनजातीय समुदाय ने रैली निकाली जो बाद में हिंसक हो गई। दोनों समुदायों के बीच लंबे समय से मतभेद होने के बावजूद राज्य में कुकी और मैतेई समुदाय शांतिपूर्वक रह रहे थे। लेकिन राज्य की भाजपा सरकार ने मैतेई समुदाय को जनजाति का दर्जा दिया जिसका कुकी समेत दूसरे जनजातीय समुदाय विरोध कर रहे हैं। संयोग से मणिपुर की मौजूदा विधानसभा में 60 में से 40 विधायक मैतेई समुदाय के हैं।

## देश की जीडीपी में बढ़ा मध्य प्रदेश का योगदानः सीएम शिवराज सिंह



**एजेंसी। भोपाल**
मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में भोपाल के होटल आमेर ग्रीन्स में आयोजित मध्यप्रदेश एमएसएमई समिट 2023 का शुभारंभ हुआ। सोमवार को मुख्यमंत्री चौहान ने आर्थिक विकास के शुभ संयोग-मध्यप्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग पर आयोजित राज्य-स्तरीय समिट का शुभारंभ किया। समिट में एमएसएमई और विज्ञान-प्रौद्योगिकी मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा, भोपाल महापौर मालती राय, अनेक उद्योग परिसंघ के पदाधिकारी, नव उद्यमी, भारत सरकार और राज्य के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित हैं।
मुख्यमंत्री चौहान ने समिट में अपने उद्बोधन की शुरूआत एक दोहे से की। उन्होंने कहा कि हमने बचपन में पढ़ा था...रहिमन देखि बड़ेन को, लघु न दीजै डारि। जहां काम आवे सुई, कहा करे तरवारि॥ छोटे उद्योग बड़े उद्योगों से अधिक रोजगार देते हैं। जो काम एमएसएमई कर सकते हैं, वे बड़े उद्योग भी नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उद्यमशील संस्कृति को बढ़ावा देने और नवाचार की भावना को विकसित करने में एमपी एमएसएमई समिट-2023 सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम में शामिल होने वाले उद्यमियों, विषय विशेषज्ञों से प्रदेश के युवाओं को उद्यमिता के लिए मार्गदर्शन प्राप्त होगा और वे विभिन्न क्षेत्रों में नई संभावनाओं से परिचित भी हो सकेंगे।
मुख्यमंत्री ने समिट में शामिल उद्योगपतियों से कहा कि आप सोचो उद्योगों के लिए और क्या कर सकते है। ये मत सोचो कि तीन-चार महीने में चुनाव आने वाले है, क्योंकि आगे भी हम ही आने वाले हैं। चुनाव से पहले भी हम और नई योजनाएं बनाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि मप्र में बनने वाले एक्सप्रेस के दोनों और उद्योग स्थापित किए जाएंगे। प्रदेश के बासमती की सुगंध अमेरिका और कनाडा तक बिखरी हुई है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं रहा। देश की जीडीपी में मप्र का योगदान हमसे पहले 3.6 फीसदी था, जो आज बढ़कर 4.8 फीसदी हो गया है। प्रति व्यक्ति आय 11 हजार थी, आज 1 लाख 40 हजार है। उन्होंने महाकाल लोक में केबल कार चलाने की भी बात इस समिट के जरिए कही। उन्होंने कहा कि केबल कार के साथ रोप वे भी चलाया जाएगा। उन्होंने भोपाल में भी केबल कार चलाने की प्लानिंग की बात कही।

## ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए करें प्रेरित : आनंदीबेन पटेल



**एजेंसी। लखनऊ**
उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को राजभवन में प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज के नैक हेतु प्रस्तुतीकरण की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान राज्यपाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विश्वविद्यालय की गतिविधियों के दौरान वहां के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने गोद लिए गांवों के बच्चों को दीक्षांत समारोह में बुलाने का निर्देश भी दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रसिद्ध कार्यक्रम मन की बात से प्रेरित होकर विश्वविद्यालय में प्रारम्भ की गई गतिविधि में प्रेरक कार्यक्रम के फोटो और एपिसोड संख्या का उल्लेख प्रस्तुतीकरण में जोड़ने को कहा। उन्होंने विश्वविद्यालय की नैक कमेटी के प्रत्येक सदस्य को प्रभावी प्रस्तुतीकरण देने की क्षमता विकसित करने के निर्देश दिये, जिससे किसी भी अपरिहार्य परिस्थिति में पियर टीम के आगमन पर विश्वविद्यालय का प्रस्तुतीकरण प्रभावित न हो।विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अखिलेश कुमार सिंह ने राज्यपाल को अवगत कराया कि वर्ष 2016 में स्थापित इस विश्वविद्यालय ने वर्ष 2021 में अपने पांच वर्ष पूर्ण करके नैक ग्रेडिंग हेतु अर्हता प्राप्त कर ली है, जिसके क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2023 में अपना मूल्यांकन हेतु सेल्फ स्टडी रिपोर्ट दाखिल करने की तैयारी की गई है। राज्यपाल ने कहा कि मूल्यांकन हेतु पियर टीम के अवलोकन के समय प्रस्तुतीकरण में किसी भी कमेटी सदस्य को भ्रम की स्थिति न हो, जिस बिंदु पर प्रस्तुतीकरण दिया जा रहा हो उसके विवरण, गतिविधि के प्रमाण-पत्र हों।

### नवादा में लू से महिला सहित दो की मौत

**नवादा।** नवादा जिले के धमाल ओपी के अटारी गांव के निकट से पुलिस ने सोमवार को लू से मौत के शिकार व्यक्ति का शव बरामद किया है । वही रजौली में लू से एक महिला की मौत हो गई ।सोमवार को लू से 2 लोगों के मरने की खबर है । रजौली प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र में प्रचंड गर्मी और लू से लोग परेशान हो गए हैं। कई दिनों से आसमान से आग बरस रही है। पछुआ हवा चलने के कारण लू चलने से लोग परेशान हैं। गर्मी पिछले कई वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ रही है। गर्मी और लू के कारण नवादा में अब तक कई लोगों की मौत भी हो चुकी है। रजौली में सोमवार को लू लगने से एक महिला की मौत हो गई।

## आदिपुरुष फिल्म पर लगे रोक : शिवपाल

**एजेंसी। इटावा**
उत्तरप्रदेश के इटावा जनपद में एक निजी शोरूम का उद्घाटन करने पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने पत्रकारों से बात करते हुए भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसान बुरी तरह से परेशान हैं। न बिजली मिल पा रही है और न पानी। प्रदेश में युवा बेरोजगार हैं। सरकार रोजगार नहीं दे पा रही है। आदिपुरुष फिल्म पर रोक लगाने की मांग करते हुए कहा कि इस फिल्म पर सरकार को रोक लगानी चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान राम तो कण-कण में हैं। राम सबके हैं और भाजपा राम को सीमित रखना चाहती है । यह भाजपा की विफलता है। उन्होंने कहा कि 23 जून को बिहार में होने वाली बड़ी बैठक में सभी सेक्युलर पार्टियां एकजुट होकर लोकसभा चुनाव में भाजपा को देश से भगाने का काम करेंगी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने सोमवार को इटावा में एक निजी शोरूम का उद्घाटन करने के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए आदिपुरुष फिल्म पर रोक लगाने की मांग की है। इतिहास से छेड़छाड़ कर इस फिल्म को बनाया गया है।

### कॉम्प्लेक्स में लगी भीषण आग, दम घुटने से तीन की मौत

**कोरबा।** कोरबा ट्रांसपोर्ट नगर चौक पर स्थित कमर्शियल कंपलेक्स में सोमवार दोपहर को हुई आगजनी की घटना में यहां संचालित एक राष्ट्रीयकृत बैंक के कर्मचारी समेत तीन लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। काफी समय तक धुएं के संपर्क में यह लोग रहे और इसके चलते इनकी हालत बिगड़ गई थी। दमकलकर्मियों ने जैसे-तैसे बैंक कर्मी रश्मि सिंह (25वर्ष) निवासी चिरमिरी, ग्राम कौरुमौहा निवासी शत्रुघ्न धीरहे (42वर्ष)और देवेंद्र कुमार (45वर्ष) जांजगीर निवासी को बाहर निकाला ,तब तक तीनों की मौत हो गई थी। एक अन्य पिखुजूर (48) कोरबा निवासी को आनन-फानन में मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। मालूम हो कि दुर्घटना स्थल कमर्शियल कंपलेक्स में पहले इलाहाबाद बैंक संचालित हो रहा था।

**राजनीति** | 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिहाज से अहम होगा यह क्षेत्र

# एमपी के छह मंडलों में गलाकाट प्रतिस्पर्धा



**एजेंसी। भोपाल**
मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव में महज पांच महीने शेष हैं, ऐसे में भाजपा और कांग्रेस के बीच गलाकाट लड़ाई शुरू हो गई है। राज्य में सीधी टक्कर में दोनों राष्ट्रीय दलों के बीच कर्नाटक की तरह हाई-वोल्टेज चुनाव प्रचार देखने की संभावना है। ऐसा इसलिए भी है क्योंकि 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिहाज से विधानसभा चुनाव के नतीजे अहम होंगे। 2019 में, सत्तारूढ़ भाजपा ने राज्य की 29 लोकसभा सीटों में से 28 पर जीत हासिल की थी। छह डिवीजनों (क्षेत्र और भूगोल के अनुसार) में विभाजित राज्य में कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, शिवराज सिंह चौहान, कांतिलाल भूरिया, ज्योतिरादित्य सिंधिया, राजेंद्र शुक्ला, और नरेंद्र सिंह तोमर जैसे राजनीतिक दिग्गजों का अपने-अपने क्षेत्रों व जातियों में मजबूत प्रभाव है। कमोवेश इनमें से हर एक राजनेता का मध्य प्रदेश की राजनीति में मजबूत दबदबा है।
मसलन, 2018 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने विंध्य क्षेत्र की 30 में से 24 सीटों पर जीत हासिल की थी। दो बार के पूर्व मंत्री और रीवा के विधायक राजेंद्र शुक्ल की चुनावों में महत्वपूर्ण भूमिका थी, हालांकि, वे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मंत्रिमंडल में अपने लिए जगह सुरक्षित नहीं कर सके। रीवा जिले की सभी आठ सीटों पर भगवा पार्टी ने जीत हासिल की थी। हालांकि कांग्रेस को 2018 में विंध्य क्षेत्र में बड़ा झटका लगा था, लेकिन उसने क्षेत्र में मतदाताओं की भावनाओं का चालाकी से उपयोग किया और 30 साल बाद रीवा के मेयर पद पर जीत हासिल की।
सतना के एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र सिंह ने दावा किया, विंध्य क्षेत्र में एक करीबी मुकाबला होगा, और कांग्रेस वर्तमान परिदृश्य के अनुसार 10-12 सीटें जीतेगी।
ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में, दो केंद्रीय मंत्रियों- ज्योतिरादित्य सिंधिया और नरेंद्र सिंह तोमर के गढ़ में, कांग्रेस ने 2018 में 34 विधानसभा सीटों में से 27 पर जीत हासिल की थी। तब सिंधिया कांग्रेस के साथ थे। हालांकि, उन्होंने और उनके 22 वफादार विधायकों ने कमलनाथ के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार को छोड़कर हुए भाजपा का दामन थाम लिया। हाल ही में मुरैना में जिला पार्टी कार्यकताओं की बैठक की अध्यक्षता करते हुए नरेंद्र सिंह तोमर ने दावा किया कि वह और सिंधिया मिलकर काम कर रहे हैं, ताकि इस साल ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में भाजपा कम से कम 26 सीटें जीत सके। तोमर ने कहा, हम ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में कम से कम 26 सीटें जीतेंगे और भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में आएगी। इसी तरह महाकौशल अंचल में कांग्रेस का प्रदर्शन शानदार रहा। 2018 के विधानसभा चुनावों में ग्रैंड ओल्ड पार्टी ने 38 सीटों में से 24 सीटें हासिल कीं। इस क्षेत्र में जबलपुर और छिंदवाड़ा शामिल हैं, जो पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ का गढ़ है। महाकौशल क्षेत्र में आठ जिलों में 15 अनुसूचित जनजाति की आरक्षित सीटें हैं। कांग्रेस ने उनमें से 13 पर जीत हासिल की, जबकि भाजपा ने 2018 के चुनावों में शेष दो सीटें जीतीं। यही वजह है कि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने जबलपुर से पार्टी के चुनाव प्रचार की शुरूआत की, जबकि दो दिन पहले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाडली बहना योजना की पहली किस्त वहीं से जारी की।
मालवा और निमाड़ क्षेत्र, जिसमें राज्य के दो बड़े शहर इंदौर और उज्जैन हैं, में 66 सीटें हैं।

# इंटरकॉन्टिनेंटल कप खिताब : फुटबॉल टीम को मिलेगा एक करोड़




**एजेंसी। भुवनेश्वर**
ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इंटरकॉन्टिनेंटल कप खिताब जीतने के लिए भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम को एक करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। भारत ने कप्तान सुनील छेत्री के 87वें अंतरराष्ट्रीय गोल के अलावा लालियानजुआला छांगटे के गोल की मदद से रविवार रात कलिंग स्टेडियम में फाइनल में लेबनान को 2-0 से हराकर इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीता। पटनायक ने समापन समारोह के दौरान कहा, प्रतिष्ठित इंटरकॉन्टिनेंटल कप की मेजबानी करना हमारे राज्य के लिए बेहद गौरव की बात है। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच जीत के लिए भारत को बधाई। हमारा इरादा ओडिशा में और अधिक फुटबॉल प्रतियोगिताओं की मेजबानी का है जिससे कि ओडिशा और भारत में खेल की प्रगति में मदद कर सकें। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए ओडिशा सरकार को धन्यवाद दिया।

चौबे ने कहा, हम इंटरकॉन्टिनेंटल कप के लिए इससे बेहतर स्थल और अंत की उम्मीद नहीं कर सकते थे। मैं टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली टीमों को सभी तरह का समर्थन और आतिथ्य प्रदान करने तथा एक शानदार टूर्नामेंट की मेजबानी करने के लिए ओडिशा सरकार को धन्यवाद देता हूं।

# ऑस्ट्रेलिया ने फीफा महिला विश्व कप के लिए टीम की घोषणा की



**एजेंसी। कैनबेरा**
ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय महिला फुटबॉल टीम के मुख्य कोच टोनी गुस्तावसन ने सोमवार को फीफा महिला विश्व कप के लिए टीम की घोषणा की। गुस्तावसन ने 29-खिलाड़ियों की टीम की घोषणा की जिसमें से 23 को टीम में रखा जाएगा। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों को अपनी फिटनेस साबित करने का पूरा मौका दिया जाएगा। स्टार खिलाड़ी सैम केर, स्टीफ कैटली, ऐली कारपेंटर और केटलिन फोर्ड टीम में हैं। गुस्तावसन ने कहा, 2021 में हमारे पहले प्रशिक्षण सत्र के पहले दिन हमने कहा था कि फीफा महिला विश्व कप के लिए 23 खिलाड़ी होंगी। मैं हर कदम पर उनकी प्रतिबद्धता से प्रभावित हुआ हूं, और अब हमारे पास अपनी योजना को ठीक करने और मजबूत करने का एक मौका है। ऑस्ट्रेलियन टीम (मटिलदास) 20 जुलाई को सिडनी में आयरलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी, 27 जुलाई को ब्रिसबेन में नाइजीरिया और 31 जुलाई को मेलबर्न में कनाडा से सामना होगा। आठ समूहों में से प्रत्येक से केवल शीर्ष दो टीमें ही राउंड ऑफ 16 में प्रवेश करेंगी। यह पहली बार है कि महिला फुटबॉल का सबसे बड़ा टूर्नामेंट 32 टीमों का होगा। पिछले साल एशियाई कप जीतने वाले चीन को टूर्नामेंट के लिए ग्रुप डी में इंग्लैंड, डेनमार्क और हैती के साथ रखा गया है। घरेलू सरजमीं पर ऐतिहासिक टूर्नामेंट से पहले ऑस्ट्रेलिया 14 जुलाई को अभ्यास मैच में पांचवें स्थान पर काबिज फ्रांस से भिड़ेगा।

# एंडी मरे ने आर्थर काजाक्स को 6-4, 6-4 से हराया




**एजेंसी। नॉटिघम (यूके)**
पूर्व विश्व नंबर वन टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे ने यहां नॉटिंघम ओपन में फ्रांस के आर्थर काजाक्स को 6-4, 6-4 से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। मरे ने रविवार को चैलेंजर 125 इवेंट में एक घंटे, 46 मिनट में जीत हासिल की। मरे के लिए यह लगातार दूसरा चैलेंजर खिताब था। उन्होंने एक हफ्ते पहले सर्बिटन ट्रॉफी भी जीती थी। अपनी जीत के साथ मरे, मैक्स परसेल और माटेयो अर्नाल्डी के साथ 2023 में इस स्तर पर तीन खिताब वाले एकमात्र खिलाड़ी बन गए। मरे ने मैच में एक भी सेट नहीं खोया। 36 वर्षीय ने 2013 और 2016 में विंबलडन सहित आठ टूर-स्तरीय खिताब जीते थे।

वह अब अपनी 10 मैचों की जीत की लय को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे जब वह अगले हफ्ते सिंच चैंपियनशिप में एटीपी टूर एक्शन में वापसी करेंगे।

मरे क्वीन्स क्लब में रिकॉर्ड पांच बार के चैंपियन हैं, और वह अपने नॉटिंघम जीत के चलते एटीपी लाइव रैंकिंग में छह स्थान ऊपर उठकर 38वें स्थान पर पहुंचकर लंदन जाएंगे।

# 13वीं झारखंड स्टेट सीनियर स्विमिंग चैंपियनशिप 23 से



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जमशेदपुर के जेआरडी खेल परिसर में 23 जून को 13वीं झारखंड स्टेट सीनियर स्विमिंग चैंपियनशिप का आयोजित किया जा रहा है। इसमें हिस्सा लेने के लिए रांची की 25 सदस्यीय टीम का गठन कर लिया गया है। रांची जिला तैराकी संघ के उपेंद्र तिवारी के अनुसार टीम में 14 लड़के और 9 लड़कियों को शामिल किया गया है। शिविर में रांची के 125 तैराकों ने विभिन्न स्पधाओं में भाग लिया। इसके बाद उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर तैराकों का चयन तय हुआ।

**खिलाड़ियों-टीम सदस्यों का चयन**
आरती कच्छप -100 मी. फ्री स्टाइल, 50 मी. ब्रेस्ट स्ट्रोक, - आरती कुमारी- 50 मी. फ्री स्टाइल, गायत्री कुमारी- 200 मी. फ्री स्टाइल,. 50मी. 100 मी, 200 मी. बैकस्ट्रोक, प्रिया उरांव -महिला 50 और 100 मी. ब्रेस्ट स्ट्रोक, 400 मी. फ्री स्टाइल, कुमारी रिष्टी राज- 200 मी., 400 मी. फ्री स्टाइल, प्रथमी सिंह सरदार- 50 मी फ्री स्टाइल, श्वेता लकड़ा - 50 मी. और 100 मी. बैकस्ट्रोक, अंशु कुजूर- 100 मी. ब्रेस्ट स्ट्रोक, मोनिका कुमारी- 100 मी. बटरफ्लाई, अभिषेक कुमार महतो -50 मी. फ्री स्टाइल, 50 मी. और 100 मी ब्रेस्ट स्ट्रोक, 450 मी. फ्री रिले, 450 मी. मिडले रिले, अनुप मुंडा- 50 मी. फ्री स्टाइल, 50 मी. बैक स्ट्रोक, 450 मी. फ्री रिले, 4 (7 50 मी. मिडले रिले, अपूर्व कुमार तिवारी- पुरुष 400 मी. फ्री स्टाइल, 50 मी. और 100 मी. बटर फ्लाई, आयुश पल्लव तिवारी-100 मी. फ्री स्टाइल, 50 मी. और 100 मी. बैक स्ट्रोक, 450 मी. मिडले रिले, दीपक कुमार महतो-200 मी. ब्रेस्ट स्ट्रोक, हेमंत कुमार महतो- 50 मी. ब्रेस्ट स्ट्रोक, 450 मी. फ्री रिले (सुरक्षित)

# एशेज 2023 : पोंटिंग को लगता है कि दूसरी पारी में वार्नर अच्छा खेलेंगे



**एजेंसी। बरमिंघम**
ऑस्ट्रेलिया टीम में अपनी जगह बनाए रखने के लिए डेविड वार्नर पर बढ़ते दबाव के बीच, पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने यहां इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे एशेज 2023 के पहले टेस्ट की दूसरी पारी में इस स्टार सलामी बल्लेबाज को बल्ले से अच्छा प्रदर्शन करने की संभावना जताई है। वार्नर को पहले टेस्ट की पहली पारी में स्टुअर्ट ब्रॉड ने महज नौ रन पर आउट कर दिया था। इस तरह वार्नर 15 बार स्टुअर्ट ब्रॉड का शिकार बने हैं। अब इस अनुभवी सलामी बल्लेबाज पर दूसरी पारी में रन बनाने का दबाव बढ़ेगा। लेकिन पोंटिंग का कहना है कि एजबेस्टन की पहली पारी और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में भारत के खिलाफ पारी को देखने से लगता है कि वार्नर फॉर्म में आने वाले हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने आईसीसी रिव्यू के नवीनतम एपिसोड में कहा, मुझे लगा कि वह डब्ल्यूटीसी फाइनल की पहली पारी में वास्तव में अच्छा दिख रहे थे; उन्होंने वहां जो 40 रन बनाए, वह वास्तव में अच्छा था। और भले ही उन्होंने यहां पहली पारी में नौ रन बनाए, लेकिन जिस तरह से पारी की शुरूआत की, मैंने दो साल के टेस्ट क्रिकेट में सबसे अच्छी शुरूआत देखी है। मुझे लगता है कि वह पहली पारी में उतना स्वतंत्र रूप से स्कोर नहीं कर पा रहे थे जितना वह चाहते थे। लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि दूसरी पारी उनके लिए महत्वपूर्ण है - न केवल उनके करियर के लिए, बल्कि जहां तक इस खेल और इस श्रृंखला की बात है तो यह एक बड़ी पारी होने वाली है। अगर वह उसी तरह शुरूआत करते हैं जैसे उन्होंने पहली पारी में की थी तो मुझे लगता है कि वह कुछ रन बनाएंगे। अपनी पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया को 386 रन पर आउट करने के बाद, इंग्लैंड तीसरे दिन तक 28/2 पर था।

# भवानी ने जीता तलवारबाजी चैंपियनशिप में कांस्य पदक



**एजेंसी। नई दिल्ली**
ओलंपियन सीए भवानी देवी ने सोमवार को चीन के वुक्सी में एशियाई तलवारबाजी चैंपियनशिप की महिला सेबर स्पर्धा के सेमीफाइनल में हार के बावजूद कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा। यह इस प्रतियोगिता में भारत का पहला पदक है। सेमीफाइनल में भवानी को उज्बेकिस्तान की जेनाब डेयिबेकोवा के खिलाफ कड़े मुकाबले में 14-15 से हार का सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भारत के लिए पहला पदक सुनिश्चित किया। भवानी ने क्वार्टर फाइनल में गत विश्व चैंपियन जापान की मिसाकी एमुरा को 15-10 से हराकर उलटफेर किया था। मिसाकी के खिलाफ यह भवानी की पहली जीत थी। इससे पहले उन्होंने जापान की खिलाड़ी के खिलाफ अपने सभी मुकाबले गंवाए थे। भवानी को राउंड ऑफ 64 में बाई मिली थी जिसके बाद अगले दौर में उन्होंने कजाखस्तान की डोस्पे करीना को हराया। भारतीय खिलाड़ी ने प्री क्वार्टर फाइनल में भी उलटफेर करते हुए तीसरी वरीय ओजाकी सेरी को 15-11 से हराया। भारतीय तलवारबाजी संघ के महासचिव राजीव मेहता ने भवानी को उनकी एतिहासिक उपलब्धि पर बधाई दी है। मेहता ने कहा, यह भारतीय तलवारबाजी के लिए बेहद गौरवपूर्ण दिन है। भवानी ने वह किया है जिसे इससे पहले कोई और हासिल नहीं कर पाया। वह प्रतिष्ठित एशियाई चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली पहली भारतीय तलवारबाज हैं।

# मकाऊ रवाना हुई भारत की 'लीग ऑफ लेजेंड्स' टीम



**एजेंसी। नई दिल्ली**
इस साल 19वें एशियाई खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करने वाली भारतीय 'लीग ऑफ लीजेंड्स' टीम श्रीलंका, कजाकिस्तान और किर्गिस्तान के साथ मुकाबला करने के लिए मकाऊ के लिए रवाना हो गई है। ईस्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (ईएसएफआई) की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कप्तान अक्षज शेनॉय समर्थ अरविंद त्रिवेदी, मिहिर रंजन, आदित्य सेल्वराज, आकाश शांडिल्य और सानिध्य मलिक की भारतीय टीम 21 जून को श्रीलंका और 22 जून को कजाकिस्तान से भिड़ेंगी। ई-स्पोर्ट्स इस साल एशियाई खेलों में एक आधिकारिक पदक कार्यक्रम के रूप में अपनी पूर्ण शुरूआत करने जा रहा है, जहां भारत चार खिताबों - लीग ऑफ लीजेंड्स, फीफा ऑनलाइन 4, स्ट्रीट फाइटर वी : चैंपियन एडिशन और डोटा 2 में भाग लेगा। पांच सदस्यीय भारतीय टीम ने नेशनल एस्पोर्ट्स चैंपियनशिप (एनईएससी) के माध्यम से एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई किया है, जो कि ई-स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (ईएसएफआई) द्वारा आयोजित किया गया था। देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए टीम कितनी अच्छी तरह से तैयार है और ईएसएफआई ने उनकी यात्रा में कैसे सहयोग किया, इस पर अपने विचार साझा करते हुए, इंडियन लीग ऑफ लीजेंड्स टीम के कप्तान अक्षज शेनॉय ने कहा, 2 दिनों में शुरू होने वाले मध्य और दक्षिण एशिया क्षेत्र के आयोजन के साथ, हमारी टीम टूर्नामेंट में आगे बढ़ने के लिए बहुत आश्वस्त महसूस करती है। हमारे कुछ खिलाड़ी परीक्षा और समय सीमा नजदीक आने के कारण अपनी भागीदारी की पुष्टि करने में असमर्थ थे, और यह ईएसएफआई था जिसने हमें मदद की जिसका मतलब था कि टीम के सभी मुख्य सदस्य भाग ले सकते थे।

**टूर्नामेंट** | **सीनियर महिला फुटबॉल नेशनल 2023**

# मणिपुर ने बंगाल को 3-2 से हराया




**एजेंसी। अमृतसर**
मौजूदा चैंपियन मणिपुर, रेलवे और हरियाणा ने रविवार को यहां विभिन्न मैदानों पर सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप 2022-23 के फाइनल राउंड में अपने-अपने प्रारंभिक लीग मैच जीत लिए। मणिपुर, जिसने एनएफसी को जीतने के लिए फाइनल में ओडिशा को हराया था, जब यह आखिरी बार 2018-19 में आयोजित किया गया था, तो यहां जीएनडीयू मेन ग्राउंड में ग्रुप बी गेम में मजबूत दावेदार बंगाल को 3-2 से हराया। मणिपुर के लिए कप्तान न्गंगोम बाला देवी ने 17वें मिनट में ओपनिंग की और सटरे लिंडा कॉम ने 40वें मिनट में बढ़त को दोगुना कर दिया। इससे पहले कि दोनों पक्ष ब्रेक की ओर बढ़े, मौसमी मुर्मू ने बंगाल के लिए एक वापसी की क्योंकि हाफटाइम तक स्कोरलाइन 2-1 थी।

लिंडा कॉम ने घंटे के निशान से पहले मणिपुर के स्कोर में एक और गोल किया, क्योंकि मणिपुर अपने प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ पूरे तीन अंक लेने के लिए तैयार दिख रहा था। हालांकि, उन्हें देर से डर का सामना करना पड़ा, क्योंकि बंगाल की कप्तान संगीता बसफोर ने इसे 3-2 कर दिया। लेकिन मौजूदा चैंपियन ने टूनार्मेंट में अपनी लगातार दूसरी जीत हासिल करने के लिए अंतिम सीटी तक इसे रोके रखा। सटरे लिंडा कॉम को हमले में उनके जीवंत प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया।

## रेलवे ने हिमाचल को रौंदा

भारतीय रेलवे ने हिमाचल प्रदेश पर 7-1 की भारी जीत दर्ज करके अपने पहले मैच की हार से वापसी की। हाफटाइम तक स्कोरलाइन 1-1 पढ़ने के बाद रेलवे ने दूसरे सत्र में छह बार बाजी मारी और इसे पूरी तरह से एकतरफा बना दिया।

यह सब भारतीय रेलवे के लिए ममता के 38वें मिनट के ओपनर के साथ शुरू हुआ। हमलावर ने एकल प्रयास किया और गोलकीपर मनीषा को ढेर करने से पहले और शानदार गोल के लिए नेट के पिछले हिस्से को हिट करने से पहले हिमाचल बैकलाइन से ड्रिबल किया। हालांकि हिमाचल ने दो मिनट बाद ही मनीषा के माध्यम से बराबरी कर ली। दोनों पक्षों ने स्कोर पर ब्रेक स्तर की ओर अग्रसर किया, लेकिन लक्ष्य पर प्रयासों के मामले में भारतीय रेलवे ने गेंद पर कब्जा जमाया। ब्रेक के बाद कप्तान युमनाम कमला देवी ने 47वें मिनट में बॉक्स के किनारे से शानदार स्ट्राइक से गोल किया। उसके बाद भारतीय रेलवे ने कोई रोक नहीं लगाई। ममता ने 50वें मिनट में अपना दूसरा गोल दागा जबकि कमला देवी ने भी 62वें मिनट में गोल करके स्कोर 4-1 कर दिया। इसके अतिरिक्त, अंजू तमांग, जो पूरे खेल में हमले में लाइववायर थीं, ने भी 67वें मिनट में स्कोरशीट पर कब्जा कर लिया। 72वें और 73वें मिनट में दीपर्निता डे और जाबामणि टुडू के दो गोल का मतलब भारतीय रेलवे ने 7-1 से बड़ी जीत दर्ज की। टीम ने हिमाचल प्रदेश के दो के विपरीत पूरे खेल में लक्ष्य पर 20 शॉट दर्ज किए। युमनाम कमला देवी को उनकी टीम की शानदार जीत के बाद प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। हरियाणा ने फिर तीन अंक हासिल किए हरियाणा ने लगातार दूसरी जीत के साथ अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी। उत्तर भारतीय राज्य ने रेणु रानी के ब्रेस की बदौलत महाराष्ट्र को 4-0 से हरा दिया। प्लेयर ऑफ द मैच चुनी गईं रानी ने हर हाफ में एक बार नेट करके हरियाणा को 2-0 की बढ़त दिला दी।



## NEWS इन ब्रीफ

### लाल निशान के साथ बाजार बंद, 200 से ज्यादा अंक टूटा सेंसेक्स

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजारों ने शुरूआत तो हरे निशान के साथ की थी लेकिन क्लोजिंग लाल निशान के साथ की है। सेंसेक्स और निफ्टी 50 इंडेक्स लाल निशान यानी कि बिकवाली के साथ बंद हुए। सोमवार के ट्रेडिंग सेशन के दौरान शेयर बाजार ने भले ही हरे निशान के साथ शुरूआत की थी लेकिन बाद में बाजार में गिरावट बढ़ गई और बाजार ने लाल निशान के साथ क्लोजिंग की। सेंसेक्स में 216.28 अंक यानी कि 0.34 फीसदी की गिरावट देखने को मिली और ये इंडेक्स 63,168.30 के लेवल पर बंद हुआ। इसके अलावा निफ्टी 50 इंडेक्स में 70.75 अंक यानी कि 0.38 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई और ये इंडेक्स 18,755.25 के लेवल पर बंद हुआ।

### पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** सोमवार को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। फिलहाल दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए लीटर है तो डीजल 89.62 रुपए लीटर के हिसाब से बिक रहा है। वहीं मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर मिल रहा है। देश के 16 राज्यों में पेट्रोल 100 रुपए लीटर के ऊपर बना हुआ है। आखिरी बार 21 मई 2022 में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव किया गया था। तब पेट्रोल पर 8 रुपए और डीजल पर 6 रुपए प्रति लीटर उत्पाद शुल्क घटाया गया था। इससे पेट्रोल और डीजल के दाम 9.5 रुपए और 7 रुपए कम हो गए थे।

# भारतीय वस्त्र की अमेरिका व यूरोप में मांग घटी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत के वस्त्र और परिधान निर्यात में मई के दौरान सालाना आधार पर 12.2 फीसदी की गिरावट आई। इसका प्रमुख कारण यूरोप और अमेरिका के बाजार की मांग में गिरावट आना था। उद्योग के विशेषज्ञों का आकलन है कि कपास के मूल्यों में नरमी और पश्चिम में महंगाई कम होने से जुलाई से गिरावट के रुझान में बदलाव आएगा। मई में वस्त्र और परिधान का संचयी निर्यात 281.639 करोड़ डॉलर था जबकि यह एक साल पहले 320.643 करोड़ डॉलर था। वस्त्र का निर्यात बीते साल के 179.126 करोड़ डॉलर से 12 फीसदी गिरकर 158.057 करोड़ डॉलर हो गया। इस क्रम में परिधान निर्यात भी मई 2022 के 141.517 करोड़ डॉलर से 13 फीसदी गिरकर इस मई में 123.582 करोड़ डॉलर हो गया। इस क्रम में दिल्ली स्थित टीटी लिमिटेड के संजय कुमार जैन ने बताया, करीब बीते एक साल से नकारात्मक वृद्धि जारी है। यह प्रमुख तौर पर मांग में गिरावट के कारण आई है। अभी यूरोप महंगाई का सामना कर रहा है। अमेरिका में उच्च ब्याज दर के कारण मूल्य श्रृंखला मुहैया कराने वालों की मांग में गिरावट आई है। मैं इस उद्योग में बीते 24 वर्षों से काम कर रहा हूं लेकिन मैंने मांग में ऐसी निरंतर गिरावट नहीं देखी है। अभी घरेलू मांग भी बहुत कम है। घरेलू और निर्यात के मांग में एक साथ गिरावट आने के कारण वस्त्र और परिधान में गिरावट आई है। कंफेडरेशन ऑफ इंडियन टेक्सटाइल इंडस्ट्री (सीआईटीआई) की रिपोर्ट के मुताबिक वस्त्र और परिधान क्षेत्र बीते साल के 672.289 करोड डॉलर की तुलना में 17 फीसदी की संचयी गिरावट के साथ 556.874 करोड़ डॉलर आ गया। पहले दो महीनों में वस्त्र निर्यात में 16.4 फीसदी और परिधान में 18.2 फीसदी की गिरावट आई।

### भारत ने एक महीने में 10 हजार करोड़ रुपए के आईफोन का एक्सपोर्ट किया

**नई दिल्ली।** मेक इन इंडिया अभियान की बदौलत आज देश में ज्यादातर स्मार्टफोन कंपनियां अपने डिवाइस बना रही हैं। इन में से एक एप्पल है, जिसने मई के महीने में आईफोन के एक्सपोर्ट का नया रिकॉर्ड बनाया है। कंपनी ने एक महीने में 10 हजार करोड़ रुपए के आईफोन एक्सपोर्ट किए हैं। इसके साथ ही अब भारत में स्मार्टफोन का कुल एक्सपोर्ट का आंकड़ा 12 हजार करोड़ तक पहुंच गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एप्पल ने पिछले वर्ष की तुलना में इस साल अप्रैल व मई में 20 हजार करोड़ से अधिक के आईफोन भारत से एक्सपोर्ट किए हैं। आईफोन का निर्यात चार गुना बढ़ गया है। भारत से एक्सपोर्ट होने वाले फोन्स में आईफोन की 80 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। इसके बाद कोरियन ब्रांड सैमसंग का नाम आता है। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि चीन और अमेरिका के बीच चल रही तनातनी की वजह से एप्पल ने भारत की तरफ रुख किया है।

# सरकार ने तय किया 5,926 रुपये प्रति ग्राम सोने का मूल्य

**एजेंसी। नई दिल्ली**



सरकार ने सरकारी स्वर्ण बॉन्ड (एसजीबी) योजना 2023-24 की सोमवार से शुरू हो गयी है। पहली किस्त के लिए सोने का निर्गम मूल्य 5,926 रुपये प्रति ग्राम तय किया है। वित्त मंत्रालय ने विगत शुक्रवार को एक बयान में कहा कि पहली किस्त में स्वर्ण बॉन्ड की खरीदारी 19 जून से लेकर 23 जून तक की जा सकेगी। इस दौरान खरीदे जाने वाले स्वर्ण बॉन्ड का निर्गम मूल्य 5,926 रुपये प्रति ग्राम तय किया गया है। इस योजना के तहत सरकार डिजिटल पेमेंट को भी बढ़ावा दे रही है। मंत्रालय ने कहा कि बॉन्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन करने वाले और डिजिटल माध्यम से भुगतान करने वाले निवेशकों को खरीद पर 50 रुपये प्रति ग्राम की छूट देने का निर्णय लिया गया है। बॉन्ड को बैंकों, चिह्नित डाकखानों, स्टॉक होल्डिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसएचसीआईएल) और शेयर बाजारों- नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के माध्यम से बेचा जा सकेगा। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में शुद्धता का कोई रिस्क नहीं होता है। आप इसे गिरवी रखकर आराम से लोन ले सकते हैं।इस स्कीम को सॉवरेन गारंटी मिली होती है।

# पति-पत्नी ने डेड बॉडी के पार्ट्स को बेचकर कमाए करोड़ों रुपये

**एजेंसी। नई दिल्ली**



अमेरिका की प्रतिष्ठित हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। यहां कई वर्षों से मुर्दों की खरीद-फरोख्त हो रही थी। इस काम में यहीं का एक स्टाफ कपल शामिल था। पति-पत्नी हार्वर्ड के मेडिकल स्कूल के मुर्दाघर से डेड बॉडीज के अंग चुराकर बेच रहे थे। लेकिन अब उनका भंडाफोड़ हो गया है। दोनों पर मुकदमा चलाया जा रहा है। इसके लिए उन्हें 15 साल की सजा हो सकती है। बीबीसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक सेड्रिक लॉज नाम का शख्स हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के मुर्दाघर में मैनेजर था। यहां पूरे अमेरिका से दान किए मुर्दों को लाया जाता था। यहीं पर सेड्रिक अपनी पत्नी डेनिश के साथ मिलकर डेड बॉडीज के पार्ट्स चुरा लेता था। उन बॉडी पार्ट्स को पति-पत्नी ऑनलाइन बेचते थे। देश भर में उनका नेटवर्क फैला हुआ था। रिपोर्ट्स के मुताबिक मुर्दों के अंग को चुराने का यह काम कई सालों से चल रहा था। हार्वर्ड जैसी प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी में लाशों की खरीद-बिक्री ने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया है। हार्वर्ड जैसी प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी में लाशों की खरीद-बिक्री ने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया है। सेड्रिक और उसकी पत्नी लाश से उन्हीं अंगों को चुराते थे, जिसकी ब्लैक मार्केट में ऊंची कीमत हो। दोनों आमतौर पर लाश से सिर, हड्डियां, स्किन और मांस निकाल कर बेचा करते थे। कई बार सेड्रिक अपने ग्रहकों को मुर्दाघर भी बुलाता था और लाश से उनकी जरूरत का पार्ट्स निकालकर बेचता था। चार्जिंग स्टेटमेंट के मुताबिक सेड्रिक ने साल 2020 में मैकलीन नाम की महिला को एक लाश के चेहरे की स्किन बेची थी।

# भारती फाउंडेशन की सीईओ को मिला भारत की एक भरोसेमंद लीडर का सम्मान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारती फाउंडेशन की चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर ममता सैकिया को ग्रेट प्लेस टो वर्क इंडिया द्वारा भारत की एक सबसे भरोसेमंद लीडर के रूप में सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान सामाजिक क्षेत्र में ममता सैकिया के अनुकरणीय नेतृत्व और योगदान को स्वीकार करता है। संस्था में अभिनवता और उद्यमिता की संस्कृति का निर्माण करने के उनके लक्ष्य के फलस्वरूप ऐसे लक्ष्यों का सृजन हुआ है जहां संस्था के प्रत्येक व्यक्ति को फाउंडेशन के प्रोग्रामों में उत्कृष्टता लाने की दिशा में योगदान करने का अधिकार है। ममता के नेतृत्व में, भारती फाउंडेशन ने अप्रैल 2023 में एक नई पहलकदमी, द टीचर एप का सफलतापूर्वक लोकार्पण किया है। यह नए कौशल सीखने, प्रणबद्ध होने और अन्वेषण करने के लिए एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए शिक्षकों का सशक्तिकरण करने के लिए डिजाइन किया गया है। सहयोग, अभिनवता और स्कूल के समग्र कायापलट को बढ़ावा देने पर फोकस करते हुए, यह प्लेटफॉर्म व्यावहारिक संसाधनों, एनईपी-प्रेरित विचारों और स्कूलों के विचारों एवं सर्वोत्तम कार्यपद्धतियों के आदान-प्रदान के लिए एक सहायक ऑनलाइन शिक्षण समुदाय को पेश करता है।

## विदेश

### वित्तीय वर्ष में पाक का 11 महीने में 7.15 बिलियन डॉलर का नुकसान

**इस्लामाबाद।** वित्तीय वर्ष 2023 के पहले 11 महीनों के दौरान पाकिस्तान की इकोनॉमी को तगड़ा झटका लगा है। कम होते एक्सपोर्ट और रेमिटेंस के कारण पाकिस्तान को 7.15 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान सरकार ने इस वित्त वर्ष के टारगेट से चूकने के बावजूद वित्त वर्ष 24 के लिए हायर एक्सपोर्ट और रेमिटेंस का अनुमान लगाया है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2023 के जुलाई-मई के पाकिस्तान का एक्सपोर्ट 3.491 बिलियन डॉलर या 12 फासदी गिरकर 25.380 बिलियन डॉलर हो गया, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 28.871 बिलियन डॉलर था। इसी तरह चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीनों के दौरान रेमिटेंस 12.8 फीसदी घटकर 24.831 अरब डॉलर रह गया, जिससे 3.658 अरब डॉलर का नेट नुकसान हुआ है।

# अमेरिका ने अफगान पर प्रतिबंध लगाकर बढ़ाई उसकी मुश्किलें

**एजेंसी। काबुल**



दो महीने पहले तालिबानी सैनिक के अधिकारियों की एक टीम अफगानिस्तान की राजधानी काबुल के बाहर इस्लामिक स्टेट के ठिकाने पर छापा मारने की तैयारी कर रही थी। सैनिकों ने अपनी ऑटोमैटिक राइफलें संभाल ली थीं। उनका कमांडर हबीब रहमान इनकायद अपने टारगेट की सही लोकेशन जानने की कोशिश कर रहा था। उसने अपने साथियों के फोन से बड़े अफसरों को फोन लगाया। अफसरों का कहना था, लोकेशन वॉट्सऐप पर भेज दी गई है। तालिबान सरकार के सामने यह तो केवल एक समस्या है। वॉट्सऐप ने अमेरिकी प्रतिबंधों के हिसाब से हबीब का अकाउंट ब्लॉक कर दिया है। 25 साल के हबीब ने कहा, हमारे पास संपर्क और संवाद का एकमात्र जरिया वॉट्सऐप है। हबीब अकेला नहीं है। पिछले कुछ महीने से तालिबान सरकार के अधिकारियों, पुलिस और सैनिकों के वॉट्सऐप अकाउंट बंद हैं या अस्थायी रूप से बंद कर दिए गये हैं। यह समस्या बढ़ रही है। इससे पता लगता है कि तालिबान सरकार किस हद तक मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर निर्भर है। यह स्थिति अंतरराष्ट्रीय पाबंदियों के दूरगामी नतीजों की झलक दिखाती है। अमेरिका ने लंबे समय से तालिबान को किसी भी तरह के समर्थन को अपराध घोषित कर रखा है। कंपनी के प्रवक्ता ने बताया, वाट्सऐप तालिबान यूजर्स की बारीकी से पहचान कर उनके अकाउंट ब्लॉक करता है। जब तालिबानी लड़ाकों ने अफगान सरकार के खिलाफ लड़ाई छेड़ रखी थी तब से प्रतिबंध लागू है। पिछले दो सालों में वॉट्सऐप पर तालिबान की निर्भरता बढ़ी है। सरकार के प्रशासन का अंदरूनी कामकाज वॉट्सऐप के सहारे चलता है। सरकारी विभाग कर्मचारियों को सूचनाएं देने के लिए वॉट्सऐप ग्रुप का इस्तेमाल करते हैं। मीडिया को बयान जारी करने और मंत्रालयों के बीच संपर्क के लिए प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल होता है। बगलान प्रांत में पुलिस के प्रवक्ता शिर अहमद बुरहानी कहते हैं, मेरा पूरा काम वॉट्सऐप पर टिका है।

### बुद्ध प्रतिमाएं तोड़ने वाला तालिबान उन्हीं से कर रहा कमाई

**काबुल।** आर्थिक तंगी से जूझ रहा तालिबान अब बुद्ध की उन मूर्तियों को देखने के लिए टिकट बेच रहा है, जिन्हें 22 साल पहले तालिबानी अधिकारियों ने ही तुड़वा दिया था। द वॉशिंटन पोस्ट की रिपोर्ट में इस बात का खुलासा किया गया है। बताया गया है कि अफगानिस्तान के बामियान इलाके में बुद्ध की मूर्तियां टूरिज्म के जरिए कमाई का जरिया बन रही हैं। तालिबान के कल्चर मिनिस्टर अतीकुल्लाह अजीजी ने एक इंटरव्यू में कहा बामियान और बुद्धा हमारी सरकार के लिए भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितने की दुनिया के लिए ये महत्वपूर्ण हैं। इनकी सुरक्षा के लिए एक हजार गार्ड नियुक्त किए गए हैं। ये इलाके में टिकट की भी निगरानी कर रहे हैं। सूचना और सांस्कृतिक विभाग के निदेशक सैफुर्रहमान मोहम्मदी ने कहा- दो दशक पहले हुई घटना के बारे में अभी बात करने से कोई मतलब नहीं है।

# खालिस्तानी आतंकी की कनाडा में गोली मारकर हत्या

**एजेंसी। कनाडा**



खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की कनाडा में गोली मारकर हत्या कर दी गयी। बाइक सवार दो अपराधियों ने सरे स्थित गुरु नानक सिंह गुरुद्वारे के पास हरदीप सिंह निज्जर को गोलियों से भून डाला। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी वहां से फरार हो गये। पंजाब के जालंधर जिले का रहने वाला हरदीप सिंह निज्जर कनाडा के सिख संगठन सिख फॉर जस्टिस और खालिस्तानी टाइगर फोर्स का प्रमुख था। हरदीप सिंह निज्जर पिछले कई सालों से कनाडा रह रहा था। कनाडा में बैठकर वो भारत के खिलाफ देश विरोधी गतिविधियों को अंजाम दे रहा था। साथ ही खालिस्तानी आतंकवाद को हवा दे रहा था। वह लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गुर्गों को विदेशों में लॉजिस्टिक और पैसा मुहैया करवा रहा था। हरदीप सिंह निज्जर का नाम पंजाब के जालंधर में 2021 में हिंदू पुजारी की हत्या में भी सामने आया था। हिंदू पुजारी की हत्या की साजिश रचने के आरोप में एनआईए ने भी पिछले साल हरदीप सिंह निज्जर पर 10 लाख का इनाम घोषित किया था। भारत सरकार ने निज्जर को वांटेड आतंकवादी घोषित कर रखा था। हाल ही में भारत सरकार ने 41 मोस्ट वांटेट आतंकवादियों की लिस्ट जारी की थी। जिसमें उसका भी नाम था।

## धोखाधड़ी | जी इंटरप्राइजेज के मानद अध्यक्ष व एमडी ने पैसे की हेराफेरी की

# पुनीत गोयनका ने एसएटी का दरवाजा खटखटाया

**एजेंसी। नई दिल्ली**




**‘सेबी ने कहा, इस संबंध में अपीलकर्ता का आचरण काफी कुछ बता रहा है। न केवल उल्लंघन हुआ है, बल्कि इस तरह के गलत कामों को कवर करने के लिए कई झूठे दस्तावेज और बयान भी प्रस्तुत किए गए हैं’**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने जी इंटरप्राजेज के मामले में प्रतिभूति एवं अपीलीय न्यायाधिकरण (एसएटी) को दिए अपने जवाब में कहा है कि इस बड़ी सूचीबद्ध कंपनी के मानद अध्यक्ष सुभाष चंद्रा और प्रबंध निदेशक एवं सीईओ पुनीत गोयनका ने हेराफेरी कर जनता के पैसे को निजी कंपनियों में भेज दिया। सेबी ने एसएटी को अपने जवाब में कहा, मौजूदा मामले में, इस बड़ी सूचीबद्ध कंपनी के मानद अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक एवं सीईओ विभिन्न योजनाओं और लेन-देन में शामिल हैं, जिसके माध्यम से सूचीबद्ध कंपनी का सार्वजनिक धन बड़ी मात्रा में इन व्यक्तियों के स्वामित्व और नियंत्रण वाली निजी संस्थाओं को दिया गया। सुभाष चंद्रा और पुनीत गोयनका ने सेबी के आदेश के खिलाफ एसएटी का दरवाजा खटखटाया है। सेबी ने उन्हें जी एंटरप्राइजेज से धन की हेराफेरी के आरोप में किसी भी सूचीबद्ध कंपनी में निदेशक पद या प्रमुख प्रबंधन पद पर काम करने से रोक दिया है। सेबी ने कहा, इस संबंध में अपीलकर्ता का आचरण काफी कुछ बता रहा है। न केवल उल्लंघन हुआ है, बल्कि इस तरह के गलत कामों को कवर करने के लिए कई झूठे दस्तावेज और बयान भी प्रस्तुत किए गए हैं। शिरपुर मामले में हमने देखा है कि प्रमोटर समूह ने अपने शेयरों को बेचने का समय तय किया इस तरह तय किया कि खुले बाजार में शिरपुर के शेयरों में गिरावट का खामियाजा उन्हें न भुगतना पड़े। यह अंततः छोटे खुदरा निवेशक हैं जिन्होंने शेयर की कीमत में गिरावट की मार झेली। जी लिमिटेड देश की शीर्ष 200 सबसे बड़ी सूचीबद्ध कंपनियों में से एक है, जिसके पास बड़ी संख्या में सार्वजनिक शेयरधारक और खुदरा निवेशक हैं और इसलिए, भारतीय प्रतिभूति बाजार में इसका एक प्रमुख स्थान रखता है। सेबी ने कहा कि जैसा कि विवादित आदेश में उल्लेख किया गया है कि अपीलकताओं ने निवेशकों के साथ-साथ नियामक को भी गलत जानकारी दी और नकली दस्तावेजों के माध्यम से एक बहाना बनाया कि पैसा सात संबंधित कंपनियों द्वारा वापस कर दिया गया था, जबकि वास्तव में, यह जी लिमिटेड का अपना फंड था जो कई स्तरों से घूमता हुआ अंत में वापस उसी के खाते में आ गया। ये तथ्य यथोचित रूप से बताते हैं कि ऐसी कंपनियों के प्रबंधन की सुरक्षा और उनके निवेशकों और अन्य हितधारकों की सुरक्षा के लिए तत्काल कार्रवाई की जरूरत है। वास्तव में, यदि प्रारंभिक जांच के दौरान, प्रथम ध्ष्टया यह पाया जाता है कि व्यक्ति प्रतिभूति बाजार में हेराफेरी में लिप्त है, तो सेबी निवेशकों के हितों की रक्षा और प्रतिभूति बाजार की अखंडता की रक्षा के लिए एकतरफा अंतरिम आदेश पारित करने के लिए बाध्य है।

### दक्षिण कोरिया ने गुप्त चीनी 'पुलिस स्टेशनों' की राष्ट्रव्यापी जांच शुरू की

**कोरिया।** दक्षिण कोरिया ने गुप्त चीनी 'पुलिस स्टेशनों' की राष्ट्रव्यापी जांच शुरू कर दी है। दक्षिण कोरियाई अधिकारियों का कहना है कि 2023 की शुरूआत में सियोल में ऐसी संस्थाओं की कथित उपस्थिति की जांच के बाद वे देश भर में अनौपचारिक रूप से चीनी ₹पुलिस स्टेशनों की जांच करने का विचार कर रहे हैं।दक्षिण कोरियाई सुरक्षा अधिकारियों ने कहा राष्ट्रीय खुफिया सेवा और पुलिस न केवल सियोल में बल्कि जेजू द्वीप सहित अन्य क्षेत्रों में भी चीनी सरकार के लिए गुप्त रूप से संचालित पुलिस स्टेशनों की संदिग्ध गतिविधियों की जांच कर रहे हैं। मई में, खुफिया सेवा एक अस्थायी निष्कर्ष पर पहुंची कि मध्य सियोल के सोंगपा जिले में एक चीनी रेस्तरां बीजिंग के लिए अघोषित पुलिस संचालन के आधार के रूप में काम कर रहा था। सत्तारूढ़ पीपल पावर पार्टी के प्रतिनिधि चो जे-ह्योंग द्वारा गुरुवार को किए गए खुलासे से पता चलता है कि चीनी सरकार द्वारा चलाए जा रहे कन्फ्यूशियस संस्थानों ने कथित तौर पर बीजिंग की ओर से प्रचार प्रसार किया।

# भारतीय नौसेना और पाकिस्तानी पोत एक ही वक्त में पहुंचे श्रीलंका



**एजेंसी। कोलंबो**

भारतीय नौसेना की कलवारी श्रेणी की नई स्वदेश निर्मित पनडुब्बी वागीर' ने सोमवार को श्रीलंका की अपनी चार दिवसीय यात्रा प्रारंभ की। यह यात्रा ऐसे समय आरंभ हुई जब वहां पाकिस्तानी नौसेना का एक पोत भी मौजूद था। भारतीय उच्चायोग ने कहा कि उसकी यह परिचालन यात्रा ह्यग्लोबल ओशन रिंग' थीम के तहत अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के नौवें संस्करण को मनाने के लिए है। भारतीय नौसेना पनडुब्बी के कमांडिंग अधिकारी कमांडर दिवाकर. एस पश्चिमी नौसेना क्षेत्र के कमांडर रियर एडमिरल सुरेश डी सिल्वा से मुलाकात करेंगे। बाद में आगंतुक और स्कूल के बच्चे इस पनडुब्बी को देखने आ सकेंगे। एक विज्ञप्ति में कहा गया कि भारतीय उच्चायोग स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र के समन्वय से 21 जून 2023 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कोलंबो बंदरगाह पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। इसमें भारतीय और श्रीलंका नौसेनाओं के अधिकारी और कर्मचारी शामिल होंगे। इससे पहले, भारतीय नौसेना के पोत दिल्ली, सुकन्या, किल्टन और सावित्री कोलंबो का दौरा कर चुके हैं। विज्ञप्ति में कहा गया कि भारतीय नौसैनिक पोत और पनडुब्बियों की यात्रा का मकसद दोनों पड़ोसी मुल्कों की नौ सेनाओं के बीच भाईचारा और समन्वय बढ़ाना है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# जनता को सशक्त सरकार चाहिए : गोयल

**एजेंसी। जयपुर**

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने गहलोत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश की जनता को तुष्टिकरण वाली नहीं सशक्त सरकार चाहिए। उन्होंने कहा कि साढे चार साल जनता को विकास से वंचित रखना ही भ्रष्टाचार है। उन्होंने कहा कि अलवर में चंबल से पानी लाने के लिए केंद्र सरकार ने 5782 करोड़ की योजना को मंजूरी दी है, लेकिन प्रदेश की भ्रष्ट गहलोत सरकार ने उसे भी अटका दिया। कांग्रेस सरकार अपने घोषणा पत्र में किए गए वादे तक पूरे नहीं कर पाई। बेरोजगारी भत्ता और किसानों की कर्जमाफी जैसे वादे सफेद झूंठ निकले। प्रदेश में आज उद्योग, व्यापार चौपट हैं विकास की गति पूरी तरह रूक चुकी है।



केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल सोमवार को केन्द्र सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में जयपुर ग्रामीण सासंद राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ भी मौजूद थे। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री ने अधिवक्ता संघ, भूतपूर्व सैनिकों, चार्टड अकाउंटेंट और खिलाडियों से मुलाकात और मुद्रा लोन योजना के लाभार्थियों से भी संवाद किया।

गोयल ने कहा कि मोदी सरकार के ऐतिहासिक कार्यों की फेहरिस्त इतनी लंबी है कि 272 स्लाइड भी कामों को गिनाने के लिए कम पड गई। देश की 140 करोड़ जनता से प्रधानमंत्री मोदी का सीधा जुडाव है, क्योंकि लोगों के जीवन में वाकई परिवर्तन आया है। मोदी सरकार ने इन नौ सालों में भारत को पांचवी सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था के रूप में प्रस्तुत किया है। इसी का परिणाम है कि आज विश्व का हर देश भारत के साथ व्यापार करने को आतुर है। उन्होंने कहा कि नौ साल में शोषित, पीडित, वंचित और समाज के सबसे अंतिम छोर के व्यक्ति तक योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचा है। एयरपोर्ट, रेलवे, एक्सप्रेस वे बनाने में मोदी सरकार ने तेज रफ्तार से काम हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी के अगले सप्ताह होने वाले अमेरिका दौरे का जिक्र करते हुए उन्होने कहा कि मोदी अमेरिकी संसद कांग्रेस को दूसरी बार संबोधित करेंगे। विश्व के इतिहास में विस्टन चर्चिल और नेल्सन मंडेला के बाद यह सौभाग्य भारत के प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी को ही मिला है। सांसद कर्नल राज्यवर्द्धन राठौड ने गहलोत सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि यह सरकार गहलोत सरकार नहीं गहलूट सरकार है। जिसने हर क्षेत्र में प्रदेश की जनता को लूटा है। सरकार के विधायक और मंत्री अवैध खनन में लिप्त हैं। पेपर लीक हो या अपराध हर क्षेत्र में प्रदेश पिछडा है।

उन्होंने मोदी सरकार ने नौ सालों में भारत की साख को विदेशों में बढाया है। आपातकाल की स्थिति में भी भारत के नागरिकों को संकट से निकालकर लाने में मोदी सरकार की बडी भूमिका रही है। प्रबुद्धजन सम्मेलन में पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत, मदन दिलावर, जयपुर जिला प्रमुख रमा चौपडा, जयपुर देहात दक्षिण जिलाध्यक्ष रामानंद गुर्जर और नगर निगम उप महापौर पुनीत कर्णावट सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भारत मधुमेह में नंबर वन

## देश की लगभग एक चौथाई आबादी या तो मधुमेह रोगी या प्री-डायबेटिक स्टेज पर

**आरएनएम। नई दिल्ली**

इस आंकड़े को देखकर आप हंसेंगे या चिंतित होंगे या कहेंगे - होइहें सोई जो राम रंग राखा? मधुमेह रोगियों के मामले में भारत विश्व में नंबर वन हो गया है। देश की लगभग एक चौथाई आबादी डायबिटीज और प्री-डायबिटीज की चपेट में है। 10.1 करोड़ लोग डायबिटीज के मरीज हैं और 13.6 करोड़ लोग प्री-डायबिटीज स्टेज पर हैं। हैरत करने व डराने वाली बात यह है कि प्री-डायबिटीज के मामले में गांव और शहर का हाल एक जैसा ही है। आईसीएमआर और मद्रास डायबिटीज रिसर्च फाउंडेशन की एक साक्षा शोध से यह खुलासा हुआ है। यह रिपोर्ट 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से इकट्ठा किये गए सैंपल और स्क्रीनिंग के आधार पर तैयार की गई है।



### क्या है इंडिया डायबिटीज स्टडी?

इंडिया डायबिटीज स्टडी, 12 साल लंबा एक प्रोजेक्ट है। इस स्टडी के अलग-अलग चरण में कुल 113,000 लोगों को शामिल किया गया। जिसमें करीब 70 फीसदी (79,506) लोग ग्रामीण इलाकों के हैं। डायबिटीज विशेषज्ञ व शोध के लेखकों में से एक डॉ. वी. मोहन कहते हैं कि आप भारत की जनगणना के आंकड़ों को देखें तो हमारी स्टडी के सैंपल लगभग उसी डेमोग्राफिक पैटर्न पर आधारित हैं।डॉ. वी मोहन का कहना है कि आज तक किसी भी देश ने इतने बड़े पैमाने पर ऐसी स्टडी नहीं की है, जिसमें सभी राज्यों का प्रतिनिधित्व हो। अभी तक चीन ने सबसे बड़ी स्टडी की थी, जिसमें 40000 लोगों को शामिल किया था। लेकिन 4-5 जगह से ही डाटा लिया गया था। हमने डोर टू डोर स्क्रीनिंग की और सभी राज्यों में गए। साल 2008 से 2020 के बीच डेटा इकट्ठा किया गया।

### स्टडी में क्या आया?

1- स्टडी के मुताबिक देश की लगभग एक चौथाई आबादी या तो मधुमेह का शिकार है या प्री-डायबेटिक स्टेज पर है। देश की 11.4 फीसदी आबादी (10.1 करोड़ लोग) डायबिटीज की चपेट में है, जबकि 15.3% आबादी (13.6 करोड़ लोग) प्री-डायबिटीज स्टेज पर हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक अभी जो लोग प्री-डायबिटीज स्टेज पर हैं, अगले 5 वर्षों में उनमें से तकरीबन आधे डायबिटीज के मरीज बन सकते हैं। यह बहुत चिंता का विषय है।

2- देश में हाई ब्लड प्रेशर या हाइपरटेंशन के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। तकरीबन 35.5 फीसदी आबादी यानी 31.5 करोड़ लोग हाई ब्लड प्रेशर की चपेट में हैं।

3- स्टडी के मुताबिक देश की 28.6 फीसदी आबादी मोटापे की चपेट में है। वहीं, बॉडी मास इंडेक्स पैरामीटर की बात करें तो 39.5 प्रतिशत (35.1 करोड़) लोग पेट के मोटापे का शिकार हैं।

4- इसी तरह देश की 24 फीसदी आबादी हायपरकोलेस्टेरोलेमिया की चपेट में है। 21.3 करोड़ लोग बैड कोलेस्ट्रॉल (एचडीएल) से जूझ रहे हैं। शहरी इलाकों में डायबिटीज के ज्यादा मरीज स्टडी में एक और चौंकाने वाली बात सामने आई है। ग्रामीण इलाकों के मुकाबले शहरी इलाकों में करीब दोगुने लोग मधुमेह की चपेट में हैं। रिसर्च के डाटा पर नजर डालें तो शहरी इलाकों की 16.4 फीसदी आबादी डायबिटीज की चपेट में है, जबकि ग्रामीण इलाकों की 8.9% आबादी डायबिटीज से जूझ रही है। लेकिन चिंताजनक बात यह है कि प्री-डायबिटीज के मामले में गांव और शहर की स्थिति लगभग एक जैसी ही है। शहरी इलाकों में जहां 15.4 फीसदी लोग प्री-डायबिटीज स्टेज पर हैं तो ग्रामीण इलाकों में 15.2 प्रतिशत लोग प्री-डायबिटीज से जूझ रहे हैं।

रिसर्च के मुताबिक दक्षिण भारत के राज्यों में डायबिटीज के सर्वाधिक मरीज हैं। उत्तर भारत की बात करें तो दिल्ली और पंजाब दो ऐसे राज्य हैं, जहां सर्वाधिक डायबिटीज पीड़ित हैं। दूसरी तरफ, सर्वाधिक आबादी वाला राज्य होने के बावजूद उप्र में महज 4.8 फीसदी लोग शुगर की चपेट में हैं।

### 40.7 प्रतिशत शहरी आबादी हाई बीपी की मरीज

हाई ब्लड प्रेशर के मामले में भी शहरी आबादी ज्यादा प्रभावित है। शहरी इलाकों के 40.7% फीसदी लोग हाई ब्लड प्रेशर के शिकार हैं, तो ग्रामीण इलाकों में 33% लोग इसकी चपेट में हैं। पंजाब ऐसा राज्य है जहां की आधी से ज्यादा आबादी हाइपरटेंशन की चपेट में है। 51.8 लोग हाई बीपी के शिकार हैं।

## NEWS इन ब्रीफ

### रथयात्रा से पूर्व भक्तों को नवयौवन वेश में महाप्रभु ने दिया दर्शन

**भुवनेश्वर।** पुरी में श्रीगुंडिचा रथ यात्रा से एक दिन पूर्व सोमवार को महाप्रभु श्रीजगन्नाथ ने भक्तों को नवयौवन वेश में दर्शन दिया। आज सुबह छह बज कर दस मिनट पर मंगल आरती हुई । इसके बाद मइलम, अवकाश, दश अवतार (बाहुडा नीति) संपन्न हुई। सुबह 8 बजे से महाप्रभु ने भक्तों को नवयौवन वेश में दर्शन दिया। लाखों श्रद्धालुओं ने आज महाप्रभु का नवयौवन वेश में दर्शन किया। श्रद्धालु सिंहद्वार होकर मंदिर में प्रवेश कर रहे हैं तथा महाप्रभु के दर्शन के बाद उत्तर द्वार होकर प्रस्थान कर रहे हैं।

### बेंगलुरु-धारवाड़ वंदे भारत ट्रेन का ट्रायल रन शुरू

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की दूसरी वंदे भारत ट्रेन बेंगलुरु और जुड़वां शहरों हुबली-धारवाड़ के बीच सोमवार को परीक्षण के तौर पर शुरू हुई। राज्य की राजधानी बेंगलुरु को उत्तर कर्नाटक के सबसे महत्वपूर्ण शहर से जोड़ने वाली ट्रेन ने अपनी यात्रा बेंगलुरु के क्रांतिवीर संगोली रायन्ना ट्रेन स्टेशन से सुबह 5.45 बजे शुरू की। बेंगलुरू और धारवाड़ के बीच की दूरी 6.55 घंटे में तय की गई। बेंगलुरु से सुबह 5.45 बजे रवाना हुई ट्रेन के दोपहर 12.40 बजे तक धारवाड़ पहुंचने की उम्मीद है। धारवाड़ से दोपहर 1.15 बजे रवाना होगी और रात 8.10 बजे बेंगलुरु पहुंचेगी।

नन्हे बच्चे ने उपमुख्यमंत्री से लगाई गुहार

# साहब, पापा दारू पीते हैं, बचा लीजिए...

**आरएनएम। लखनऊ**

ऐसी हालत ज्यादातर राज्य व जिलों में हैं जो उप्र के मऊ जिले में एक बच्चे के कारण लाइम लाइट में आई और इस पर चर्चा हो रही है। मामला है एक गरीब बच्चे का उपमुख्यमंत्री से हाथ जोड़ कर गिड़गिड़ाते हुए कहना - ए साहब, हमारी मां, भाई, बहन व मुझको बचा लीजिए। किराए पर रहते हैं। इधर -उधर बिस्कुट बेचकर हम लोग गुजर बसर करते हैं। .. पिता दारू पीते हैं, दारू पीने के लिए जो छोटा सा खेत है वह बेच रहे हैं। बीक गया तो हम लोग कैसे जीएंगे। मऊ के कोपागंज में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एक जनसभा को संबोधित करने के बाद जाने लगे थे, तभी उनकी कार के पास फैजुल्लापुर गांव निवासी 13 वर्षीय किशोर नीरज पहुंचा। उसने हाथ जोड़कर उनसे कहा- ए साहब, पापा बहुत शराब पीते हैं। कृपया हमारे परिवार को बचा लीजिए। हमारे पास कुछ भी नहीं बचेगा। नीरज ने ये गुहार लगाई तो सभी ठिठक गए। सोशल मीडिया पर इस बालक फरियादी का वीडियो वायरल है। नीरज बहुत परेशान था। उसने डिप्टी सीएम से कहा- साहब, पापा बहुत शराब पीते हैं। कृपया हमारे परिवार को बचा लीजिए। बताया कि पिता शराब पीने के लिए पैतृक जमीन बेच रहे हैं। परिवार में दो भाई और एक बहन है। मां मनरेगा का काम करती है। यदि जमीन बिक जाएगी, तो हम लोगों का जीवन कैसे चलेगा। हम लोग किराए के मकान में मऊ रहते हैं। पापा ने बहन की शादी जबरदस्ती करा दिया है, मेरी बहन नाबालिग है। हम लोग बिस्कुट बेचकर घर का काम और खर्च चलाते हैं। उसने बताया कि एसडीएम सदर को प्रार्थना पत्र दे चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बच्चे की बातों को ध्यान से सुना। उन्होंने उस बालक नीरज को अधिकारियों से बात कर मदद का आश्वासन दिया।

# मैनपुरी में एक ही परिवार के तीन को गोली मारकर हत्या

मैनपुरी। उत्तर प्रदेश के जनपद मैनपुरी में सोमवार को आपसी रंजिश के चलते एक ही परिवार के तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन में जुट गई है। थाना करहल के नगला अतिराम में सोमवार को एक बड़ी घटना को अंजाम दिया गया। एक ही परिवार में पिता और पुत्र के साथ बहू की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। सूचना पर पुलिस के अलाधिकारी मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गए है।

# पीएम की अमेरिका यात्रा अहम : विदेश सचिव

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 21 से 23 जून तक अमेरिका की पहली आधिकारिक यात्रा द्विपक्षीय संबंधों के लिए मील का पत्थर होगी। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने राजकीय यात्रा के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए कहा, यह दोनों देशों के बीच संबंधों के लिए एक मील का पत्थर है। क्वात्रा ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा के दौरान जिन प्रमुख मुद्दों पर बातचीत होगी, उनमें से एक द्विपक्षीय रक्षा सहयोग होगा। विदेश सचिव ने कहा कि दूसरा प्रमुख मुद्दा भारत-अमेरिका के बीच मजबूत व्यापार व निवेश साझेदारी है और तीसरा मुद्दा प्रौद्योगिकी, दूरसंचार, अंतरिक्ष, विनिर्माण और निवेश जैसे कई अन्य डोमेन के साथ इंटरफेस करता है। विदेश सचिव ने आगे कहा कि वाशिंगटन डीसी में अपने आगमन के पहले दिन प्रधानमंत्री की पहली महत्वपूर्ण व्यस्तता एक ऐसी घटना होगी, जो भविष्य के लिए काफी अहम है। यह महत्वपूर्ण और उन उद्देश्यों को सामने लाने की कोशिश करेगी, जिन्हें दोनों देश बढ़ावा देना और हासिल करना चाहते हैं। विदेश सचिव ने आगे कहा, 22 जून को व्हाइट हाउस में औपचारिक स्वागत, द्विपक्षीय बैठकें, अमेरिकी कांग्रेस में प्रधानमंत्री का संबोधन और औपचारिक रात्रिभोज आदि का कार्यक्रम होगा।

# तमिलनाडु में दो बसों की टक्कर में 7 की मौत, 40 घायल

**चेन्नई।** तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले के मेलपट्टमपक्कम में सोमवार सुबह दो बसों की आमने-सामने की टक्कर हो गई जिसमें सात लोगों की मौत हो गई और 40 अन्य घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और राजस्व अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। कुड्डालोर पुलिस के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि टक्कर के पीछे का सही कारण अभी स्पष्ट नहीं है। दुर्घटना में शामिल लोगों से बात करने के बाद ही पता चलेगा कि कैसे टक्कर हुई।

उपलब्धि | वियतनामी रक्षा मंत्री व राजनाथ सिंह करेंगे बैठक

# ब्रह्मोस मिसाइलों पर डील की उम्मीद

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत की यात्रा पर सोमवार को नई दिल्ली पहुंचे वियतनाम के रक्षा मंत्री फान वान गियांग के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने द्विपक्षीय बैठक की। इससे पहले जनरल फान वान गियांग ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। उन्होंने तीनों सेनाओं के गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। इस दौरे पर वियतनाम के रक्षा मंत्री के साथ ब्रह्मोस मिसाइलों का सौदा फाइनल होने और डील पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में द्विपक्षीय बैठक से पहले अपने समकक्ष जनरल फान वान गियांग की अगवानी की। राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीदों को पुष्पांजलि



अर्पित करने के बाद जनरल गियांग ने तीनों सेनाओं के गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। इसके बाद जनरल फान वान गियांग के साथ उपयोगी बैठक के दौरान भारत-वियतनाम रक्षा संबंधों की पूरी श्रृंखला की समीक्षा की गई। द्विपक्षीय वार्ता में रक्षा मंत्री के साथ भारतीय सैन्य बलों के प्रमुख (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने भी शामिल हुए। दरअसल, चीन के साथ चल रही खटपट के बीच वियतनाम भारत से ब्रह्मोस मिसाइल लेकर दक्षिण चीन सागर में तैनात करना चाहता है। इससे दक्षिण चीन सागर और उसके आसपास के इलाके में चीन का खौफ कम होगा और साथ ही वियतनाम के साथ भारत के संबंध और मजबूत होंगे। इस बीच चीन ने भारत के पड़ोसी देशों पाकिस्तान, बांग्लादेश, म्यांमार आदि को कई तरह के संवेदनशील हथियार देकर भारत की सुरक्षा पर आंच डाली है, लेकिन अब भारत ने भी चीन के दुश्मन देशों को ब्रह्मोस देकर 'जैसे को तैसा' वाली नीति अपना ली है। सूत्रों ने बताया कि वियतनाम से ब्रह्मोस मिसाइलों की तीन से पांच इकाइयों के बीच ऑर्डर मिलने की उम्मीद है। प्रत्येक बैटरी के साथ कई मिसाइलें शामिल हैं, जिसकी कीमत लगभग 125 मिलियन डॉलर होने का अनुमान है, इसलिए संभावित सौदा 375 मिलियन या 625 मिलियन डॉलर के बीच हो सकता है।




# वरुण धवन और जान्हवी कपूर की फिल्म 'बवाल' जुलाई में होगी रिलीज

**एक्टर** वरुण धवन और जान्हवी कपूर की नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित अपकमिंग फिल्म 'बवाल' जुलाई में डिजिटली रिलीज होगी। निर्देशक नितेश तिवारी ने कहा कि फिल्म की डिजिटल रिलीज से 'बवाल' को देश से बाहर के दर्शकों तक ले जाने में मदद मिलेगी। तिवारी ने कहाः तीन इंडियन लोकेशन्स और पांच यूरोपीय देशों में शूट की गई 'बवाल' की कहानी बेहद आकर्षक है। वरुण और जाह्नवी के बीच अद्भुत केमिस्ट्री देखने को मिलेगी। मेरा मानना है कि प्राइम वीडियो पर वर्ल्डवाइड प्रीमियर हमें 'बवाल' को भारत और देश के बाहर दर्शकों तक ले जाने में मदद करेगा। हमने इस फिल्म को अपने दर्शकों तक पहुंचाने के लिए बहुत जुनून और प्रतिबद्धता के साथ काम किया है और अब हम उनकी प्रतिक्रिया जानने के लिए इंतजार नहीं कर सकते।






# नितेश तिवारी की अपकमिंग फिल्म पर ओम राउत का बयान

**ओम राउत** द्वारा निर्देशित फिल्म 'आदिपुरुष' आखिरकार स्क्रीन पर आ गई है। प्रभास, कृति सेनॉन और सैफ अली खान की मुख्य भूमिकाओं वाली इस फिल्म की सोशल मीडिया पर काफी चर्चा हो रही है। एक तरफ इस फिल्म को जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ रहा है और दूसरी तरफ इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 140 करोड़ की रिकॉर्ड तोड़ कमाई की है। ओम राउत के निर्देशन को लोगों ने खूब सराहा है। 'आदिपुरुष' के साथ रामायण पर आधारित एक और फिल्म की जबरदस्त चर्चा हो रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, 'दंगल' और 'छिछोरे' जैसी फिल्मों के डायरेक्टर नितेश तिवारी ने भी 'रामायण' पर आधारित एक फिल्म का ऐलान किया है। नितेश तिवारी की आने वाली फिल्म में रणबीर कपूर श्रीराम के रूप में दिखाई देंगे, जबकि अभिनेत्री आलिया भट्ट फिल्म में सीता की भूमिका निभाने की अफवाह है। आदिपुरुष के निर्देशक ओम राउत ने नितेश तिवारी की रामायण पर आधारित फिल्म की सफलता की कामना की है।

# अपने मुश्किल फैसलों के बारे में खुलकर बोली काजोल

**बॉलीवुड** की मशहूर अभिनेत्री काजोल जल्द ही अपनी आगामी स्ट्रीमिंग सीरीज 'द ट्रायल - प्यार, कानून, धोखा' में एक वकील, नयोनिका सेनगुप्ता की भूमिका में नजर आएंगी। काजोल ने अपने अब तक के करियर से जुड़े मुश्किल पलों के बारे में खुलकर बात की। अपने जीवन के सबसे कठिन समय के बारे में बताते हुए, काजोल ने कहा कि वास्तव में, मेरे जीवन में बहुत सारे ऐसे पल आए जहां मुझे कठिन निर्णय लेने पर मजबूर होना पड़ा। मैंने अपने करियर के पीक समय में शादी का निर्णय लिया।



# नीलकमल-नम्रता का गाना 'दुपट्टा में' ने मचाया धमाल

**सुपरहिट** गाना 'चढ़ल जवानी रसगुल्ला' की शानदार सफलता के बाद नीलकमल और नम्रता मल्ला स्टारर नया गाना 'दुपट्टा में' ने धमाल मचा दिया है। इस गाने को महज के 1 दिन में 3 मिलियन से ज्यादा लोगों ने देख लिया और यह तेजी से वायरल हो रहा है। गाने में नीलकमल सिंह, नम्रता मल्ला और शिल्पीराज की तिकड़ी ने एक बार फिर कमाल कर दिया है। जहां नीलकमल सिंह और शिल्पीराज ने मिलकर शानदार प्लेबैक सिंगिंग की है, वहीं गाने के म्यूजिक वीडियो में नीलकमल सिंह ने पावर पैक परफॉर्मर नम्रता मल्ला के साथ मिलकर धमाल मचाया है, जिसे भोजपुरी म्यूजिक लवर्स और उनके फैंस ने हाथों हाथ लिया है। यह गाना तेजी से नए रिकॉर्ड की तरफ बढ़ता जा रहा है। म्यूजिक लेबल के टी-सीरीज के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल टी-सीरीज हमार भोजपुरी पर गाना 'दुपट्टा में' इस वीकेंड रविवार को रिलीज हुआ था, जो एक कमर्शियल और एंटरटेनिंग म्यूजिक बेस्ड गाना है।

